WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... | 4 अभिव्यक्ति | 5 राजधानी | 8 छत्तीसगढ़ | 11 देश विदेश

बिलासपुर, मंगलवार, 11 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- षष्ठी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 203 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यदि पप्पूगिरी के लिए भी नोबेल पुरस्कार देने का प्रावधान होता तो वह शर्तिया पूर्णियां से चुने गये निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मिलता। उनकी पप्पूगिरी के सामने तो देश क्या पूरी दुनिया के बड़े से बड़े पप्पू भी पानी भरते हैं। प्रतिदिन लोगों को 10 लाख बांटने का दावा कर चुके पप्पू यादव ने इस बार बहुत ही बड़ा बोलबोला है। उनका कहना है कि निर्दलीय सांसद बनना भगवान के बाप की भी औकात नहीं है। खुद को खुदा से भी दो हाथ ऊंचा बताने वाले पप्पू यादव भूल गये हैं कि घमंड तो रावण का भी नहीं रहा।

गजब अंदाज साहब का...जॉनी, जब तक तुम झुकेगा नहीं, तब तक हम रुकेगा नहीं

फिल्मी स्टाइल में जंगल में अवैध धान पकड़ने के बाद गरजे एसडीएम

बलरामपुर /नवप्रदेश । धान खरीदी शुरू होने से पहले कोचियों की हलचल तेज है, ऐसे में पुलिस ने जंगल में फिल्मी स्टाइल में अवैध धान पकडऩे में कामयाबी पाई है. पूरी कार्रवाई के साथ-साथ एसडीएम का बॉलीवुड डायलॉग चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान 143 बोरी अवैध धान के साथ एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इस बीच प्रशासनिक टीम के आने की जानकारी लगते ही बिचौलिए जंगल में धान को छुपा कर भागे निकले। जंगल में धान जब्त करने के बाद

पुलिस-प्रशासन कर रही कार्रवाई

इस बीच धान बिचौलियों पर पुलिस-प्रशासन की टीम टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। जब्त किया गया अवैध धान उत्तर प्रदेश से लाया जा रहा था। बलरामपुर कलेक्टर के निर्देशन में रामचंद्रपुर तहसील के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध धान जमा करने में जुटे बिचौलियों में दशहत पैदा हो गई है।

एसडीएम आनंद राम नेताम ने फिल्मी स्टाइल में बिचौलियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'जानी तुम झुकेगा नहीं तो हम रुकेगा नहीं।

धर्मेंद्र ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती, वेंटिलेटर सपोर्ट पर अभिनेता

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड के चमकते सितारे धर्मेंद्र इन दिनों अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। वह मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती हैं।आईएएनएस के करीबी सूत्रों की मानें तो उनकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। यह खबर सुनकर उनके प्रशंसक और फिल्म जगत के लोग चिंतित हैं। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र रुटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे, लेकिन कुछ जांचों और चिकित्सकों की सलाह के बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें लाइफ सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टर लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं और उनके इलाज के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। धर्मेंद्र की बारे में बात करें तो उनका नाम भारतीय सिनेमा में हमेशा एक चमकते सितारे के रूप में लिया जाता रहा है। छह दशक लंबे अपने फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र न केवल फिल्मों बल्कि अपने सादगी भरे व्यक्तित्व और हंसमुख स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं। अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद फैंस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

जम्मू कश्मीर-फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

दो डॉक्टर समेत सात गिरफ्तार, 2,900 किलो विस्फोटक बरामद

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। इस सफलता से कई प्रमुख आतंकी आरोपी गिरफ्तार किए गए और उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार, 19 अक्तूबर 2025 को श्रीनगर के बुनपोरा, नौगाम में कई जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए थे, जिनमें पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकाया गया था। इसके बाद एफआईआर संख्या 162/2025 दर्ज की गई और जांच शुरू हुई। जांच में यह सामने आया कि यह नेटवर्क शिक्षित और पेशेवर युवाओं से जुड़ा था और विदेशी संपर्कों के माध्यम से संचालित हो रहा था। जांच में पता चला कि यह समूह एन्क्रिप्टेड चैनलों के जरिए भर्ती, समन्वय, धन-संग्रह और लॉजिस्टिक्स का काम करता था। धनराशि पेशेवर और शैक्षणिक नेटवर्क के माध्यम से, सामाजिक या धर्मार्थ कारणों का बहाना बनाकर जुटाई जा रही थी। आरोपी आतंकवाद के लिए लोगों की पहचान, उन्हें कट्टर बनाने और हथियार/आईईडी बनाने के लिए सामग्री जुटाने में जुड़ा हुआ पाए गया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपीः-आरिफ निसार दर साहिल, नौगाम, श्रीनगर,यासिर-उल-आशरफ, नौगाम, श्रीनगर,मकसूद अहमद दर शाहिद, नौगाम, श्रीनगर, मौलवी इरफान अहमद, शोपियां,जमीर अहमद आहंगर मुल्लाशा, वाकुरा, गांदरबल, डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई मुसायब, कोइल, पंपोर डॉ. आदिल, वानपोरा, कुलगाम जांच के दौरान श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।

फरीदाबाद से 350 किलो विस्फोटक सामग्री; आतंकी साजिश का भंडाफोड़

नई दिल्ली (वार्ता)। सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और सूझ-बूझ से देश में बड़ी आतंकी वारदात टल गईं हैं। एक तरफ गुजरात एटीएस ने देश में रसायनिक हमले की खतरनाक साजिश का भंडाफोड़ किया। वहीं जम्मू कश्मीर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए यूपी के सहारनपुर से एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया। अब उस डॉक्टर से जुड़े एक व्यक्ति के फरीदाबाद स्थित घर से 350 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की खबर है। अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल विस्फोटक बनाने में किया जाता है। गौरतलब है कि दोनों ही मामलों में गिरफ्तार लोगों में मेडिसिन की पढ़ाई करने वाले डॉक्टर शामिल हैं।

गुजरात एटीएस ने विफल किया रसायनिक हमला : गुजरात एटीएस ने देश में एक खतरनाक रसायनिक हमले की साजिश का भंडाफोड़ करते हुए तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आतंकी देश में रसायनिक हमले की साजिश रच रहे थे और इसके लिए खतरनाक जहर राइसिन को बनाने की कोशिश कर रहे थे। राइसिन का नाम, अंतरराष्ट्रीय रसायन और रसायनिक हथियारों की सूची में शामिल है। गुजरात एटीएस ने रविवार को कहा कि गिरफ्तार तीनों संदिग्धों का आतंकी कनेक्शन है। गिरफ्तार किए गए आतंकियों में से एक डॉक्टर है, जिसने चीन से मेडिकल की पढ़ाई की है। आरोपियों की पहचान डॉ. अहमद मोहियुद्दीन सैयद (35), हैदराबाद निवासी, आजाद सुलेमान शेख (20) उत्तर प्रदेश के शामली का निवासी और सुहैल मोहम्मद सलीम खान (23) उत्तर प्रदेश के लखीमपुर का निवासी, के रूप में हुई है। ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

250 करोड़ का गड़बड़झाला

लड्डू घोटाला... तिरुपति मंदिर में पांच साल तक चढ़ा नकली घी का प्रसाद!

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में चढ़ाए जाने वाले लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी से जुड़ा बड़ा घोटाला सामने आया है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि उत्तराखंड की एक डेयरी ने 5 साल तक तिरुपति मंदिर को 68 लाख किलो नकली घी की सप्लाई की, जिसकी कीमत करीब 250 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

सीबीआई की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बताया कि 'भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी0, जो 2019 से 2024 तक घी की आपूर्ति कर रही थी, उसने कभी दूध या मक्खन की असली खरीदारी नहीं की, बल्कि रासायनिक पदार्थों जैसे मोनोडाईग्लिसराइड्स और एसिटिक एसिड एस्टर का इस्तेमाल कर कृत्रिम घी तैयार किया। जांच एजेंसी ने यह ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

जाली रिकॉर्ड और फर्जी सप्लाई का खेल

सीबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के भगवानपुर में स्थित इस डेयरी के संचालक पोमिल जैन और विपिन जैन ने नकली देशी घी यूनिट बनाई और दूध खरीद के झूठे रिकॉर्ड तैयार किए। जब 2022 में भोले बाबा डेयरी को ब्लैकलिस्ट किया गया, तब भी इन लोगों ने अन्य कंपनियों के नाम पर जैसे वैष्णवी डेयरी (तिरुपति), माल गंगा डेयरी (उत्तर प्रदेश) और एआर डेयरी फूड्स ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

खुलासाः रिजेक्ट घी को फिर मंदिर में भेजा गया

जांच में यह भी सामने आया कि जुलाई 2023 में टीटीडी द्वारा रिजेक्ट किए गए चार टैंकर घी (जिनमें पशु वसा की मिलावट थी) को भोले बाबा डेयरी ने लेबल बदलकर फिर से मंदिर को भेज दिया। एफएसएसएआई और सीबीआई टीम जब तमिलनाडु के डींडिगुल स्थित एआर डेयरी प्लांट पहुंची, तो पता चला कि रिजेक्ट घी वापस नहीं गया, बल्कि स्थानीय स्टोन क्रशिंग यूनिट में भेजा गया, जो वैष्णवी डेयरी के पास स्थित थी। अगस्त 2024 में वैष्णवी डेयरी ने उसी घी को प्रोसेस कर लेबल बदल दिए और फिर से तिरुपति मंदिर को सप्लाई कर दिया, जिसके बाद वही घी भगवान वेंकटेश्वर के लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल हुआ।

डॉ. राजेंद्र लकपाले संत गहिरा गुरु विवि के कुलपति नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश । राज्यपाल एवं कुलाधिपति डॉ. रमेन डेका ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र लकपाले को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर का कुलपति नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 13 (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति डॉ. डेका ने नियुक्ति की है। डॉ. राजेंद्र लकपाले का कार्यकाल, उपलब्धियाँ तथा सेवा शर्तें, उक्त अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होगी।

बीबीसी के दो बड़े अधिकारियों ने दिया इस्तीफा, ट्रंप से जुड़ा है मामला

वाशिंगटन (आईएएनएस)। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) में कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से पूरे संस्थान में हलचल शुरू हो गई। बीबीसी के दो बड़े अधिकारियों को इस्तीफा देना पड़ा, जिनमें डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और हेड ऑफ न्यूज डेबोरा टर्नेस का नाम शामिल है। इन दो इस्तीफों की वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़ा एक मामला है। दरअसल, सोमवार को द टेलीग्राफ ने एक रिपोर्ट छापी, जिसमें दावा किया गया कि बीबीसी के प्रोग्राम पनोरमा में राष्ट्रपति ट्रंप के 6 जनवरी 2021 के भाषण के दो हिस्सों को एक साथ जोड़कर एडिट किया गया था। द टेलीग्राफ ने कहा कि इस एडिटेड क्लिप को देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जनवरी 2021 के कैपिटल हिल दंगों को ट्रंप ने ही भड़काया था।

दुबई की धार्मिक यात्रा का दिया पैकेज 10 लोगों से की 35 लाख की ठगी

टूर एंड ट्रेवल्स का दफ्तर बंद कर दंपति फरार

बिलासपुर/नवप्रदेश । दुबई की धार्मिक यात्रा कराने का झांसा देकर 35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। टूर एंड ट्रेवल्स चलाने वाले पति-पत्नी ने 10 लोगों से ठगी की है। तारबाहर निवासी शेख अकरम ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई है। मामले में जुर्म दर्ज कर जांच में सिविल लाइन थाना पुलिस जांच में जुटी है। (दुबई की धार्मिक यात्रा के नाम पर 35 लाख की ठगी) पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शेख अकरम ने रिपोर्ट लिखाई। कटघोरा निवासी वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली वर्ष 2023 में तालापारा तैयबा चौक में टूर एण्ड ट्रेव्लर्स का आफिस चला रहे थे. उनके द्वारा समाज के लोगों को दुबई में धार्मिक यात्रा कराई जाती थी। दंपती ने कुछ लोगों का पासपोर्ट वीजा बनाकर टुंबई में धार्मिक यात्रा कराया। इससे समाज के अन्य लोगों को उनकी कंपनी पर भरोसा हो गया।

शेख अकरम और अन्य 9 लोगों ने दुबई में धार्मिक यात्रा करने के लिए कंपनी को 35 लाख रुपये दिया था. पैसा देने के बाद भी धार्मिक यात्रा नहीं कराने पर लोगों ने दबाव बनाया. उसके बाद दंपति कंपनी का दफ्तर बंद कर भाग गए। पीड़ितों ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की। पुलिस ने जांच के बाद शेख अकरम की रिपोर्ट वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

उद्धव-पवार को झटका, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

मुंबइ (आईएएनएस)। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों की घोषणा से पहले कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे और शरद पवार को बड़ा झटका दिया है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने ऐलान किया कि पार्टी आगामी बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमारे स्थानीय नेताओं ने अकेले चलने के लिए आग्रह किया है। इस स्थिति में हाईकमान से बात की गई। हाईकमान का कहना है कि लोकल लेवल पर स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फैसला लें। मुंबई के लेवल पर वही निर्णय हुआ है और अकेले चुनाव लड़ा जाएगा।

कांग्रेस के इस निर्णय से महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के भविष्य को लेकर चिताएं बढ़ गई हैं। महा विकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस के साथ शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी भी शामिल हैं। हालांकि, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं हुई है।

इससे पहले, कांग्रेस की मुंबई नगर इकाई ने बताया कि चुनाव में उम्मीदवारी के लिए एक हजार से अधिक ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

एसईसीआर के डिप्टीसीसीएम पर गंभीर आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर कौशिक मित्रा पर महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ और यौन उत्पीडऩ का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता चांपा में कमर्शियल महिला क्लर्क के पद पर पदस्थ है। उसने रेलवे के जीएम को शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें 12 बिंदुओं में पूरी घटना का विवरण दिया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में 2 महीने के बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है।

व्हाट्सएप पर मांगी सेल्फी, पूछा- कहां कंफर्टेबल होकर मिल सकते हैं?- जानकारी के मुताबिक, पीड़ित महिला का आरोप है कि अधिकारी ने व्हाट्सएप चैट के माध्यम से लगातार परेशान किया, जिम से सेल्फी भेजने को कहा, यहां तक कि यह भी पूछा कि उसका बॉयफ्रेंड है या नहीं। शिकायत में बताया गया कि अधिकारी ने हर दिन उसे परेशान करता है। आरोप लगाया कि उससे ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

नियमित परिचालन ...

आम यात्रियों को होने वाली असुविधा भी समाप्त होगी सीएम साय, पहली उड़ान से हुए गुजरात रवाना

मुख्यमंत्री साय ने स्टेट हैंगर से विमान सेवा का किया शुभारंभ

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर, माना कैम्प के समीप स्टेट हैंगर के नियमित परिचालन का शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात मुख्यमंत्री साय अपने गुजरात प्रवास हेतु इसी हैंगर से रवाना हुए। स्टेट हैंगर के शुरू होने से राज्य के विशेष विमान से वीवीआईपी आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्थाएं अब और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हो जाएगी। इस पहल से एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल पर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम यात्रियों को होने वाली असुविधा भी समाप्त होगी।

नवनिर्मित स्टेट हैंगर को टैक्सी वे -ई-के माध्यम से एयरपोर्ट रनवे से जोड़ा गया है, जिससे वीवीआईपी मूवमेंट अधिक सुगमता से हो सकेगा और एयरपोर्ट परिसर के भीतर अलग व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. राज्य शासन के स्वामित्व वाले विमान एवं हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के लिए भी यह नया स्टेट हैंगर उपयोग में लाया जाएगा. इससे अब एयरपोर्ट परिसर के भीतर स्थित किराए के स्टेट हैंगर पर ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

स्टेट हैंगर के निर्माण में लगे साढ़े 6 करोड़

उल्लेखनीय है कि स्टेट हैंगर का निर्माण वर्ष 2012 में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 6.50 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया था। हालांकि, इसके परिचालन के लिए आवश्यक डीजीसीए और बीसीएएस की विभिन्न अनुमतियां 31 अक्टूबर 2025 को प्राप्त हुईं, जिसके बाद अब हैंगर का नियमित परिचालन आरम्भ किया गया है।

सीएम साय इनवेस्टर कनेक्ट में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में नए शासकीय स्टेट हैंगर का लोकार्पण किया। वहीं मीडिया से चर्चा में सीएम साय ने अपने गुजरात दौरे को लेकर जानकारी दी। इसके बाद नए स्टेट हैंगर से विशेष विमान में गुजरात के अहमदाबाद के लिए रवाना हुए।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का जयंती वर्ष को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। गुजरात प्रवास को लेकर कहा कि वह स्टेच्यू ऑफ यूनिटी देखने के बाद भारत पर्व में शामिल होंगे। दूसरे दिन इन्वेस्टर कनेक्ट के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहां अपने छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को इनवेस्टर्स के समक्ष रखेंगे. उनसे छत्तीसगढ़ में निवेश के संबंध में वन टू वन चर्चा करेंगे।

गुजरात दौरे की जानकारी : मुख्यमंत्री साय दो दिन गुजरात दौरे पर रहेंगे। गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से उनकी मुलाकात करेंगे। गांधीनगर स्थित सीएम हाउस में वे इन्वेस्ट गुजरात कार्यक्रम में शामिल होंगे और सीएम डैशबोर्ड एवं सीएम जनशिकायत सिस्टम का प्रेजेंटेशन देखेंगे। इसके अलावा सीएम साय ह्र्ररूञ्जश्वष्ट॥ ग्लोबल स्किल कॉलेज का दौरा करेंगे और साबरमती रिवरफ्रंट पर दोपहर का भोजन करेंगे। गुजरात प्रवास के दौरान वे केवड़िया भी जाएंगे, जहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में आयोजित भारत पर्व 2025 में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे एकता प्रकाश ☐ शेष पृष्ठ 6 पर

50 हजार की रिश्वत लेते नायब तहसीलदार गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो ने शनिवार को सीपत तहसील में एक बड़ी कार्रवाई अंजाम दी. यहां के नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया. अधिकारी किसान की जमीन की फौती दर्ज करने और नामांतरण के लिए अवैध रकम मांग रहा था.

शिकायत के बाद बिछाया गया ट्रैप : डीएसपी एसीबी बिलासपुर अजितेश सिंह ने बताया कि ग्राम बिटकुला निवासी प्रवीण पाटनवार ने 30 अक्टूबर को शिकायत की थी कि उसकी दिवंगत मां के नाम पर 21 एकड़ कृषि भूमि है. फौती दर्ज कर रिकॉर्ड में उसका और उसके भाई-बहनों का नाम जोडऩे के बदले नायब तहसीलदार कुर्रे ने 1.50 लाख रुपए की मांग की थी. शिकायत की जांच में आरोप सही पाए गए. सत्यापन के दौरान आरोपी ने 1.20 लाख रुपए में सौदा तय कर लिया, जिसके बाद एसीबी ने ट्रैप की तैयारी की.

बिहार में महागठबंधन की सरकार बनना तय

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले सोमवार को दावा किया कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनना तय है और सत्ता में आते ही यह गठबंधन अपने चुनावी वादों पर अमल शुरू कर देगा।

बिहार में मंगलवार को 122 विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण का मतदान होना है। बीते 6 नवंबर को 121 सीटों पर पहले चरण के तहत मतदान संपन्न हुआ था। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

उन्होंने कहा, "अब अन्याय का करेंगे अंत, सामाजिक न्याय से बदलेंगे बिहार। दलित, महादलित, आदिवासी, पिछड़े, अति-पिछड़े, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों और अल्पसंख्यकों को मिलेंगे उनके अधिकार।"

खड़गे का यह भी कहना था, "महिला, किसान, युवा समेत समाज के हर वर्ग का होगा आर्थिक उत्थान, राज्य की तस्वीर बदलने के लिए, बिहार की जनता कर चुकी है प्रस्थान।"

युवाओं के भविष्य से अंधेरा छटेगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, महागठबंधन सरकार बिहार को 20 वर्षों की लाचार व्यवस्था से मुक्ति दिलाएगी। अब पलायन रुकेगा, युवाओं के भविष्य से अंधेरा छटेगा, हर-घर नौकरी से उनका कल संवरेगा!

'बिहार में महागठबंधन की सरकार तय'

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महागठबंधन के कई चुनावी वादों का उल्लेख करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, "इस बार बिहार में महागठबंधन की सरकार तय है। इसके सत्ता में आते ही बिहार के लिए महागठबंधन की पांच साल की गारंटी लागू होगी।"

मोतिहारी में लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होंगे 2.92 लाख मतदाता

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की भी तैनाती

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को दो लाख 92 हजार 193 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र का उत्सव मनाएंगे। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदाता संबंधित बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें 2,765 दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं, जो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सदर प्रीति सिंह ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं। आज मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के 367 मतदान केंद्रों पर सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। वहीं मतदान के दौरान नियंत्रण कक्ष से मतदान की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। बताया कि सभी बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती, गश्ती दलों की व्यवस्था तथा सेक्टर व जोनल अधिकारियों की गश्त सुनिश्चित की गई है। बताया कि मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 56 हजार 524 पुरूष, एक लाख 35 हजार 665 महिला व चार मंग्लामुखी सहित कुल दो लाख 92 हजार 193 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सोमवार को केसरिया उच्च विद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर पर सुबह से ही मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन, वीवीपैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट समेत सभी आवश्यक चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई जाने लगी। सामग्री प्राप्त करने के बाद सभी मतदान टीमें अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान अधिकारियों की निगरानी में सामग्री वितरण और प्रस्थान की प्रक्रिया शातिपूर्वक संपन्न हुई। वहीं, सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्वाचन पदाधिकारी केसरिया सह उप विकास आयुक्त डा. प्रदीप कुमार के द्वारा मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

केसरिया में बूथ पर पहुंचे मतदान कर्मी

विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान की तैयारी केसरिया विधानसभा क्षेत्र में पूरी कर ली गई है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। मंगलवार को सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया आरंभ होगी, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगी।

मोदी-नीतीश की जोड़ी ने खत्म किया जंगलराज और नक्सलवाद : अमित शाह

एनडीए सरकार एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेगी

अरवल। बीजेपी नेता अमित शाह ने रविवार को अरवल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में लाल झंडे की आड़ में नक्सलवाद को फिर से लाने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार को जंगलराज और नक्सलवाद से मुक्त किया है. अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राज्य में फिरौती, अपहरण या हिंसा का माहौल दोबारा पैदा कर सके।

लालू यादव की पार्टी का हो चुका है सफाया : शाह

अमित शाह ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान के नतीजों से ही यह साफहै कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है. उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी का सूपड़ा पहले ही चरण में साफहो गया है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी धूल झेल नहीं सकते, लेकिन बिहार में घुसपैठियों के पक्ष में यात्रा निकाल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए बिहार के युवाओं की नौकरियां छीन रहे हैं और गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं. उन्होंने जनता से सवाल किया, ÷क्या ऐसे लोगों को बिहार में रहना चाहिए?÷ शाह ने कहा कि राहुल गांधी चाहे जितनी यात्राएं कर लें, बिहार से लेकर इटली तक, लेकिन एनडीए सरकार एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकालेगी।

शाह ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से 10 हजार रुपए मिल चुके हैं और जल्द ही दो लाख रुपए और दिए जाएंगे. उन्होंने कहा कि राजद वाले कह रहे हैं कि यह योजना बंद कर दी जाएगी, लेकिन वे जान लें कि यह पैसा कोई वापस नहीं ले सकता।

ऐसा हुआ तो राज्य में नहीं लगेंगे उद्योग

अमित शाह ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार में उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने जनता से अपील की कि वे 'लाल झंडे वाले माले कार्यकर्ताओं' को यहीं अरवल में रोकें ताकि यह विचारधारा पटना तक न पहुंचे. उन्होंने कहा कि अगर लाल झंडे वालों को मौका मिला तो राज्य में उद्योग कभी नहीं लग पाएंगे।

जगजीवन राम को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया

केंद्रीय गृह मंत्री ने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर और बाबू जगजीवन राम का अपमान करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को उनके जीवनकाल में कभी सम्मान नहीं दिया और भारत रत्न भी उन्हें तभी मिला जब कांग्रेस सत्ता से बाहर थी. बाबू जगजीवन राम को भी कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया।

जाति, धर्म और पैसे से नहीं पड़ा है वोट : पीके

पटना। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार की जनता अब विकास और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है. वे सोमवार को पश्चिमी चंपारण के बेतिया में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. प्रशांत किशोर ने दावा किया कि इस बार के चुनाव में मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया है, जो संकेत देता है कि लोग बदलाव चाहते हैं और एक नए बिहार की उम्मीद कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार राज्य में इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले गए हैं. यह न सिर्फ चुनावी उत्साह है बल्कि यह ये बात भी बात रहा है कि वे जाति और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर एक बेहतर समाज और साफ-सुथरी शासन व्यवस्था की ओर बढ़ना चाहती है। उन्होंने नेताओं से भी अपील की कि वे जनता की उम्मीदों को समझें और बिहार के विकास के लिए एकजुट होकर काम करें. प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य बिहार को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में मजबूत बनाना है, और इसके लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है. सभा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने प्रशांत किशोर के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना. उनकी इस जनसभा से यह संकेत मिल रहा है कि बिहार की राजनीति में आने वाले समय में नए समीकरण बन सकते हैं।

नहीं चलेगी पुराने ढर्रे की राजनीति : पीके

प्रशांत किशोर ने कहा, "हमें यकीन है कि बिहार की जनता आने वाले समय में जाति, धर्म और पैसे से ऊपर उठकर एक अच्छे समाज के लिए वोट देगी. लोगों ने इतनी बड़ी संख्या में वोट दिया है ताकि बिहार से भ्रष्टाचार खत्म हो।" उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता ही सबसे बड़ा फैसला करती है, और इस बार जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वे अब पुराने ढर्रे की राजनीति नहीं चाहती।

'लालटेन' न दुकान में है और न किसी के घर में : सम्राट चौधरी

पटना (आईएएनएस)। बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को विधानसभा चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम 2010 के चुनाव परिणाम की पुनरावृत्ति होगी।

सम्राट चौधरी ने पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री बिहार आए और एनडीए के पक्ष में प्रचार किया। सभी को बिहार की जनता का प्यार और स्नेह मिला। उन्होंने कहा कि पहले चरण का जो चुनाव हुआ, उसमें लगभग 100 सीटें एनडीए के खाते में आ रही हैं और लालू यादव के परिवार का कोई व्यक्ति चुनाव नहीं जीत रहा है। उन्होंने बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि दूसरे चरण में भी लोग बढ़-चढ़कर मतदान करेंगे और एनडीए को भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे। उन्होंने सरकार की एक योजना की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को 10 हजार रुपए दिए गए, तब लालटेन वाले लोगों को गुमराह करते थे कि इस पर सूद देना होगा और यह पैसा वापस करना होगा। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और हम लोगों ने भी इसका जोरदार खंडन किया।

बिहार एलईडी बल्ब युक्त

सम्राट चौधरी ने कहा, "जब हम लोग रैलियों में जाते थे तब स्पष्ट लगता था कि बिहार में लालटेन युग समाप्त हो गया। जनता यह कहती है कि अब न दुकान में लालटेन मिलती है और न किसी के घर में। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के युग में बिहार एलईडी बल्ब युक्त है और उस पर भी 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। एक करोड़ 70 लाख परिवार के घरों में पिछले 4 महीने से बिजली बिल नहीं आया। यह ऐतिहासिक फैसला रहा।"

'बिहार चुनाव बाद वोट चोरी की कहानी सुनाने वाला विपक्ष डाके का फसाना सुनाएगा' : नकवी

रामपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वोट चोरी की कहानी सुनाने वाला विपक्ष बिहार चुनाव परिणाम आने के बाद वोट डाके का फसाना सुनाएगा। बिहार में एनडीए पूर्ण बहुमत से विजयी होगी। जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। नकवी सोमवार को यहां शंकरपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। वह रविवार को रामपुर आए थे। आवास पर रात्रि विश्राम के बाद उन्होंने सुबह प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक पहलू, एसआइआर एवं आगामी चुनाव के संबंध में चर्चा भी की।

उन्होंने बिहार चुनाव में कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा मतदान में घपले और गड़बड़ी के आरोपों पर कड़ा प्रहार और कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ पार्टियों के वोट का ठिकाना नहीं और विक्ट्री की ठिठौली में लगी हैं। बिना जनादेश के जागीरदारी की जंग में जुटी है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर चलने के सवाल के जवाब में कहा कि कुछ लोग नकारात्मकता से भरे हुए हैं। ये नकारात्मक सोच उनका ही नुकसान कर रही है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर सिर्फ बलवाइयों, बाहुबलियों और आपराधिक लोगों के लिए है। ऐसे बलवाइयों की ठुकाई और बाहुबलियों की पिटाई समाज के सौहार्द व भलाई के लिए जरूरी है।

'पुल नहीं तो वोट नहीं', 77 साल लंबे इंतजार के बाद भी नहीं हुआ निर्माण

गयाजी। बिहार विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का दिल जीतने के लिए, राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों ने विकास की कई पहल करने का वादा किया है। जदयू-भाजपा गठबंधन की 'लखपति दीदी' योजना से लेकर महागठबंधन के हर घर में एक सरकारी नौकरी देने के वादे तक, सभी पार्टियाँ आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के वादों के साथ मतदाताओं को लुभाने की होड़ में हैं। लेकिन गया से 150 किलोमीटर दूर स्थित पथरा, हेरहंज और केवलडीह गांवों में, विकास के ये सभी वादे पिछले दशकों में एक दूर का सपना बनकर रह गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 77 सालों से, पीढ़ी दर पीढ़ी बस एक बुनियादी मांग, मोरहर नदी पर एक पुल, के पूरा होने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही है।

अब ग्रामीणों ने किया वोट का बहिष्कार

नदी के तेज़ बहाव ने उनकी ज़िंदगी को तहस-नहस कर दिया है, जिससे इसे स्थानीय उपनाम मिला है। लोग इसे उपनाम से पुकारते हैं, 'बेबसी की नदी'। स्थानीय ग्रामीण महिला ने कहा कि जब तक पुल का निर्माण नहीं हो जाता, हम वोट नहीं देंगे। पुल नहीं तो वोट नहीं।

शिंदे गुट का बड़ा दावा, एनडीए की होगी प्रचंड जीत

मुंबई। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है और एक बार फिर सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनने जा रही है। कृष्णा हेगड़े ने चुनाव आयोग की सराहना करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव को बेहद कुशलता से संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि दो चरणों का मतदान सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और आगामी चरणों की तैयारियां भी जोरों पर हैं। पूरा प्रशासन, पुलिस बल और चुनाव अधिकारी सतर्क और सक्रिय हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि आयोग ने अयोग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से अंजाम दिया है। हेगड़े ने कहा कि बिहार में अच्छी वोटिंग हुई है और जनता ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है। हेगड़े ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पहले से पता है कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रवैया नकारात्मक है और उसके पास न तो कोई ठोस मुद्दा है और न ही जनता से जुड़ाव। हेगड़े ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान का समर्थन किया।

वोटिंग से पहले बवाल,जदयू प्रत्याशी के कार्यालय के बाहर मारपीट

जदयू प्रत्याशी बिजेन्द्र यादव के दफ्तर के बाहर हुई घटना

सुपौल। सुपौल में दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले सियासी माहौल अचानक खौलने लगा है. मंगलवार शाम प्रचार खत्म होते ही जदयू प्रत्याशी के कार्यालय के बाहर हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया. जिसने स्थानीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी. जहां कांग्रेस इस झड़प को आंतरिक मामला बता रहा है. वहीं जदयू का कहना है कि असामाजिक तत्वों के साथ कार्यकर्ताओं की नोकझोंक हुई है। घटना सुपौल विधानसभा के जदयू प्रत्याशी बिजेन्द्र यादव के दफ्तर के बाहर की बताई जा रही है. चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कार्यालय के सामने अचानक महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा हो गई. वायरल वीडियो में नगर परिषद सुपौल के पूर्व चेयरमैन और जदयू नेता जगदीश यादव को पीली बंडी में एक युवक से मोबाइल छीनते हुए देखा जा सकता है. इसी दौरान नारंगी बंडी पहने मंत्री के चुनाव अभिकर्ता युगल अग्रवाल युवक पर हाथ उठाते भी नजर आते हैं। वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी मिन्नत रहमानी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए गंभीर आरोप लगाए. रहमानी ने लिखा कि प्रचार खत्म होते ही सत्ता पक्ष के नेता पैसे का खेल शुरू कर चुके हैं और यह वीडियो उसी का प्रमाण है।

बिहार : सीसीटीवी बंद.. भूंजा पार्टी.. गमगीन माहौल!

एनडीए खेमे में गमगीन माहौल, अधिकारियों को धमका रहे अमित शाह

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक सनसनीखेज पोस्ट कर चुनावी माहौल को गर्मा दिया है। उन्होंने सीधे तौर पर सत्ताधारी एनडीए गठबंधन पर हार के डर से गड़बड़ी करने की कोशिश का आरोप लगाया है। तेजस्वी ने दावा किया है कि प्रथम चरण के मतदान के बाद एनडीए खेमे में गमगीन माहौल है और इस बौखलाहट में गृह मंत्री अमित शाह अधिकारियों को धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री जिस होटल में ठहरे हैं, वहां के सीसीटीवी बंद करवाकर देर रात अधिकारियों को बुला रहे हैं।

अमित शाह पर तेजस्वी के आरोप

तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'प्रथम चरण के बाद खेमे में भारी गमगीन माहौल है। हार के खौफसे गृहमंत्री अधिकारियों से मिलकर और फोन पर धमकी दे रहे हैं। जहां ठहरते हैं, उस होटल के बंद करा देर रात्रि अधिकारियों को बुलाते हैं। अभी आवास से बिना मुख्यमंत्री की जानकारी के भूंजा पार्टी की मित्र मंडली के चंगुल में फंसे महाभ्रष्ट अधिकारी फोन कर अधिकारियों को महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को पुलिस के द्वारा वोटिंग के दिन तक डिटेन करने, महागठबंधन समर्थित मजबूत बूथों को डिस्टर्ब करने संबंधित निर्देश दिए जा रहे हैं। संबंधित रेंज के अधिकारी बैठक कर रहे हैं।'

आगे उन्होंने कहा, 'बदलाव निश्चित है इसलिए अधिकारी फोन करने वाले का स्क्रीनशॉट तक हमें भेज रहे हैं। बिहार सरकार के ईमानदार अधिकारी बिना रिटायर्ड अधिकारियों के दबाव में आए संविधान सम्मत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

निशाने पर 'भूंजा पार्टी की मित्र मंडली'

बिहार में दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान है। उससे पहले तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि सीएम आवास से मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना, 'भूंजा पार्टी की मित्र मंडली' के ईडी के चंगुल में फंसे महाभ्रष्ट अधिकारी फोन कर रहे हैं। ये अधिकारी पुलिस को निर्देश दे रहे हैं कि वे मतदान के दिन तक महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लें और महागठबंधन समर्थित मजबूत बूथों पर बाधा उत्पन्न करें। उन्होंने बताया कि संबंधित रेंज के अधिकारी इस संबंध में बैठक भी कर रहे हैं, जो धांधली की साजिश को दिखाता है। नीतीश कुमार के आसपास के अधिकारियों को तेजस्वी यादव 'भूंजा पार्टी की मित्र मंडली' कहते हैं।

फलौदी हादसा : 15 लोगों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

राजस्थान। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजस्थान के फलौदी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए, पर स्वतः संज्ञान लिया। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय विश्नोई की पीठ ने राजमार्गों की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें, जिसमें राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित ढाबों और अन्य स्थापनाओं की संख्या एवं स्थिति का ब्योरा दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने सड़क की स्थिति के संबंध में भी रिपोर्ट तलब की। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एस. नाडकर्णी को मामले में न्याय मित्र नियुक्त किया और निर्देश दिया कि राजस्थान के मुख्य सचिव को पक्षकार के रूप में शामिल किया जाए, ताकि वे मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें। राजस्थान सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर न्यायालय की हर प्रकार से सहायता करेगी।

ठंड में रखें अपने दिल का ख्याल, अटैक की बढ़ती है संभावना: डॉ. शर्मा

कोविड के बाद हार्ट की बीमारी में बढ़ोतरी, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण है जरुरी, सिने के दर्द को न करें अनदेखा

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज के भागदौड़ भरी जिंदगी और तनाव की वजह से हार्ट संबंधित गंभीर समस्या हर उम्र में देखने को मिल रही है। युवा से लेकर बुजुर्ग भी हार्ट अटैक के चपेट में आ रहे हैं। समय रहते अगर सावधानी नहीं बरती गई तो आने वाले कुछ सालों में हार्ट- अटैक से मृत्युदर के आंकड़े और भी चौकाने वाले हो सकते हैं। नवप्रदेश ने बदलते मौसम और हार्ट केयर को लेकर वरिष्ठ कॉर्डियोलॉजिस्ट मंगला चौक स्थित मैक्स क्लीनिक के डॉक्टर आशीष कुमार शर्मा से विशेष बातचीत की।

डॉ. शर्मा ने बताया कि मौसम में बदलाव होने पर हार्ट संबंधित बीमारी से पीड़ित मरीजों में बीपी बढ़ने की संभावना ज्यादा रहती है, जिस वजह से हार्ट अटैक की गुंजाइश बढ़ जाती है। ठंड की शुरुआती दिनों में डस्ट और नमी के कारण हार्ट की नसें चिपकती रहती हैं, जिससे मरीजों को होने वाली दिक्कतों में बढ़ोतरी देखा जा सकता है। जिन मरीजों ने एंजियोप्लास्टी करवाया हो उन्हें ठंड में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। इस मौसम में मरीजों को सुबह सैर में हल्की धूप निकलने के बाद ही जाना चाहिए, जो भी मेडिसीन डॉक्टर की परामर्श से ले रहे हैं उसे समय पर लेना चाहिए। बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी मेडिसीन को लेना समस्या को बढ़ा सकता है। दवा के डोज में अगर कमी करना है तो इसे ठंड के बाद ही करना चाहिए। डॉक्टर शर्मा ने बताया कि पोस्ट कोविड के बाद हार्ट की समस्याओं में कई गुना बढ़ोतरी देखी गई है। ब्लड में क्लाटिंग की समस्या बढ़ गई है। किसी भी प्रकार का चेस्ट पेन होने पर उसे अनदेखा नहीं करना चाहिए। कई बार चेस्ट में होने वाले दर्द को मसल्स का खिंचाव, गैस समझ लेना समस्या को बढ़ा देता है। ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत डाक्टर से संपर्क कर बेसिक जांच जरुर करवाएं। सालों पहले तक हार्ट संबंधित बीमारी से 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को जूझते देखा जाता था, लेकिन अब उम्र की कोई सीमा नहीं रही है, इसलिए बीस साल होने के बाद बेसिक जांच जरुर करवाएं और तीस से अधिक उम्र होने पर साल में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण करवाना चाहिए। जो मरीज लंबे समय से हृदय संबंधित बीमारियों से परेशान हैं ठंड में दवाओं को लेकर किसी भी तरह की शंका या परेशानी होने पर डॉक्टर से बात करें उसके बाद ही दवाओं में बदली करें। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि आज की जीवन शैली का गहरा असर हमारे स्वास्थ्य में देखने को मिलता है। तनाव और व्यस्तता के बीच नींद पूरी न होना, पोषक आहारों की कमी भी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम देता है।

हाई फाइबर डाइट खाने में करें शामिल

कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर शर्मा ने कहा कि हृदय संबंधित बीमारियों से बचने या इससे ग्रसित मरीजों को हाई फाइबर डाइट लेना चाहिए। चियासीड, हरी सब्जी, सलाद, बादाम इन सभी का अपने दैनिक खानपान में शामिल करना चाहिए। इनके नियमित सेवन से हैल्दी और अच्छे विकसित होते हैं। इन वैक्टिरिया के कारण शुगर के जो वैक्टिरिया होते हैं वो कम हो जाते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। आज युवा जंकफूड और मैदा से बने हुए खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा कर रहा है। ऐसे भोजन खाने में चटपटे और अच्छे लगते हैं, लेकिन स्वास्थ्य की दृष्टि से ये नुकसानदायक हैं। खाने में मौसमी फल, सब्जियों, नट्स, दाल को शामिल करना जरुरी है। इसके साथ ही रोजाना तीस मिनट का वॉक शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरुरी है।

■ न्यूज गैलरी

ईसाई पत्नी को छोड़ा, भरण-पोषण देने हाईकोर्ट का आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रेम विवाह करने के बाद ईसाई पत्नी ने जैन पति पर धर्म बदलने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। पत्नी का कहना है कि पति शादी के बाद उसे अपने साथ नहीं ले गया। वह मायके में ही रह रही है। इसके बाद पत्नी ने भरण पोषण की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में मामला प्रस्तुत किया। फैमिली कोर्ट ने पत्नी को हर माह 12 हजार रुपए देने के आदेश दिए थे। इसके खिलाफ अपील हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। पूरा मामला कोरबा जिले का है। कोरबा का रहने वाला युवक जैन धर्म मानता है। उसने ईसाई धर्म मानने वाली युवती के साथ शादी की। जिसके बाद पत्नी ईसाईने आरोप लगाया कि शादी के बाद पति और ससुराल वालों ने उसे धर्म छोड़कर जैन धर्म अपनाने के लिए कहा। उसने ईसाई धर्म छोड़ने से मना की तब पति उसे ससुराल नहीं ले गया। शादी के बाद से मजबूरी में वह अपने माता पिता के घर पर रह रही है। फैमिली कोर्ट ने पत्नी और पति की तर्कों को सुना, जिसके बाद कोर्ट ने उसके पति को हर महीने 12 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। इधर पति ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील कर दी। इसमें बताया गया कि पति की ओर से दलील दी गई कि वह शिक्षित है।

निरतु में दर्दनाक हादसा: कंपनी मालिक बोले- ड्राइवर पर दर्ज होगी एफआईआर

ट्रेलर की चपेट में आने से कोल प्लांट मजदूर की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लगे निरतु गांव में सोमवार की सुबह कॉल बेनिफिकेशन स्टील एंड पावर प्लांट के भीतर दिल दहला देने वाली घटना घटी। कोयला परिवहन के लिए बैक हो रहा एक भारी ट्रेलर ने प्लांट के भीतर ही खगेश पटेल को अपने चपेट में ले लिया। पहिए के नीचे आने से खगेश का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दृश्य इतना विभत्स था कि प्रत्यक्षदर्शियों की आंखें नम हो गईं और पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। प्रारंभिक स्तर पर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मरने वाला खगेश पटेल नाबालिग है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर कोयला खाली कर लौट रहा था और बैक करते वक्त चालक ने पीछे खड़े कंपनी कर्मचारी खगेश को नहीं देखा। तेजी से पीछे जाते हुए ट्रेलर का पिछला पहिया कुचल गया। खगेश पटेल, पिता गोवर्धन पटेल, निरतु गांव का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण प्लांट के अंदर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इसी के साथ घटना की जानकारी पुलिस तक भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था को लचर बताते हुए कहा कि गंभीर लापरवाही है। लोगों ने मांग की कि दोषी ड्राइवर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पोस्टमार्टम और पंचनामा की कार्रवाई कर रही है। ट्रेलर चालक को प्रारंभिक पूछताछ को लेकर कार्रवाई हो रही है। पुलिस का कहना है कि हादसे के हर पहलू की जांच करेंगे। विशेष रूप से नाबालिग सुरक्षा घेरे के भीतर कैसे पहुंचा। इसका भी पता लगाएंगे। बहरहाल निरतु के लोगों में जमकर आक्रोश है लोगों ने मांग की है कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रबंधन ठोस कदम उठाए। बहरहाल अभी तक प्रबंधन की तरफ से कोई सार्थक पहल नहीं की गई है।

कंपनी मालिक प्रवीण झा का बयान

कॉल बेनिफिकेशन स्टील एंड पावर प्लांट के मालिक प्रवीण झा ने फोन पर कहा घटना की जानकारी मुझे कुछ देर पहले ही मिली है। इस समय मैं निजी कार्य से दिल्ली में हूंव घटना अत्यंत दुखद और असहनी है। मैंने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि मामले की जांच की जाए और ट्रेलर चालक दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा और भी जो दोषी है चाहे कोई भी हो उसके खिलाफ भी अपराध कायम किया जाए। प्रवीण झा ने आगे कहा कि हम सबसे पहले यह जांच कराएंगे कि प्लांट परिसर के भीतर यह लापरवाही हुई कैसे क्योंकि मृतक भी प्लांट का कर्मचारी है।

अरपा प्रदूषित, ठेकेदारों पर 32.22 करोड़ पेनल्टी

■ एनजीटी रिपोर्ट के बाद नगर निगम ने दिसंबर तक काम पूरा करने की चेतावनी दी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की जीवनरेखा अरपा नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए नगर निगम ने अब तक 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं, लेकिन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं। मंगला में 10 और 6 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी का काम रुका हुआ है, जिसके लिए ठेका कंपनी श्रद्धा कंस्ट्रक्शन पर 2.22 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इधर कोनी और दोमुंहानी स्थित एसटीपी का नेटवर्क भी अधूरा है। इस परियोजना पर 380 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, इसका पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस कारण सिंप्लेक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के 30 करोड़ रुपये राजसात किए गए हैं। बिलासपुर शहर से प्रतिदिन 70 से अधिक नालों के जरिए लगभग 135 एमएलडी गंदा पानी सीधे अरपा नदी में छोड़ा जा रहा है। इस गंदे पानी को रोकने और साफ करने के लिए नगर निगम ने छह स्थानों पर एसटीपी स्थापित करने की योजना बनाई थी, लेकिन अधूरे काम के कारण यह योजना विफल साबित हो रही है। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि मंगला में निर्माणाधीन दोनों एसटीपी का काम पूरा करने के लिए ठेका कंपनी को दिसंबर तक की मोहलत दी गई है। उन्होंने पुष्टि की कि श्रद्धा कंस्ट्रक्शन पर 2.22 करोड़ रुपये और सिंप्लेक्स पर नेटवर्क पूरा न करने के लिए 30 करोड़ रुपये की राशि राजसात की गई है। एसटीपी के काम की प्रगति इस प्रकार है: मंगला (10 एमएलडी बी) 75 प्रतिशत, मंगला (6 एमएलडी डी) 90 प्रतिशत। कोनी (2 एमएलडी) के चालू होने का दावा किया जा रहा है, जबकि पचरीघाट (1 एमएलडी) का काम अभी शुरू ही हुआ है।

सिलेबस ही सबसे बड़ा गुरु है, दिशा सही हो तो मंजिल निश्चित: पांडेय

■ सीपत में आईएएस एकेडमी का शुभारंभ

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र के लिए रविवार का दिन शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुआ। प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी को नया आयाम देने वाली सुनील आईएएस एकेडमी का शुभारंभ आज सीपत में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोजित मेगा सेमिनार में जिले और राज्य के प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद एवं सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि वित्त विभाग रायपुर के संयुक्त संचालक विजय कुमार पांडेय ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि धान के अंकुरण के लिए अनुकूल वातावरण आवश्यक होता है, वैसे ही सफलता के लिए सही दिशा और वातावरण जरूरी है। इस एकेडमी विद्यार्थियों के लिए वही अनुकूल माहौल प्रदान कर रही है। जीवन में लक्ष्य तय करें और उस दिशा में समर्पण के साथ बढ़ें, सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो अपने कर्तव्यों, दायित्वों और समाज के प्रति जिम्मेदार बने। किसी भी परीक्षा की तैयारी में सबसे बड़ा गुरु उसका सिलेबस होता है। यदि समर्पण सच्चा है तो कोई मंज़िल दूर नहीं।

ग्रामीण और कस्बाई युवाओं को मार्गदर्शन देना उद्देश्य: निर्मलकर

एकेडमी के संचालक सुनील निर्मलकर ने कहा कि इस संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण और कस्बाई युवाओं को वही गुणवत्ता और मार्गदर्शन देना है जो बड़े शहरों में मिलता है। अब सीपत के छात्रों को आईएएस , पीएससी , बैंक, रेलवे, पुलिस या शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। हर गाँव से अधिकारी निकलेंगे, यही हमारा सपना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षता सीपत सरपंच श्रीमती मनीषा योगेश वंशकार ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी को लेकर अपने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने अपने अनुभवों के साथ दिया। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु गुप्ता व उमेश डहरिया ने किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया, दावा आपत्ति 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर तक मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती है।

नशा मुक्त भारत बनाने में शिक्षकों की भूमिका अहम: कलेक्टर

■ नशे के खिलाफ शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन दीक्षित सभा भवन में किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और वे नाश मुक्त समाज बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सीएमएचओ डॉ शुभा गढ़ेवाल व जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे मौजूद थे। दीक्षित सभा भवन में कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि समाज हमें बहुत कुछ देता है,यदि हम अपनी भूमिका के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं, तो यही हमारी सच्ची सेवा होगी और हम समाज का ऋण चुका सकेंगे। स्कूली बच्चों को नशे से दूर रखने, उन्हें सही दिशा में प्रेरित करने और सुधार की राह पर लाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों पर अधिक सजगता से ध्यान दें, उन्हें नशे की लत से बचाएं और बेहतर दिशा प्रदान करें। नशे के सौदागरों की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। जागरूकता ही नशे से मुक्ति का सशक्त माध्यम है। ड्यूटी से आगे बढ़कर इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाएं जिससे कई परिवारों का जीवन संवरेगा। कलेक्टर ने तंबाकू नियंत्रण एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर देते हुए कहा कि हमें नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

आधुनिकता के बीच परिवार का अपनापन बचाना जरूरी: गणेशराम

संघ के शताब्दी वर्ष पर कुटुंब प्रबोधन व परिवार सम्मेलन

सीपत/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मस्तूरी खंड द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुटुंब प्रबोधन एवं परिवार सम्मेलन का आयोजन सीपत क्षेत्र के खोंधरा स्थित नेचर कैंप (बोईर पड़ाव) के सुरम्य वन क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 परिवारों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभावना और पारिवारिक एकता से सराबोर हो गया। इस अवसर पर बिलासपुर विभाग के विभाग प्रचारक श्री गणेश राम साहू जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं विभाग कार्यवाह श्री गोवर्धन देवांगन जी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभाग, जिला, खंड एवं उपखंड के सभी दायित्ववान स्वयंसेवक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आयोजन के दौरान विविध गतिविधियों जैसे योग, खेल, गीत, कीर्तन, समूह चर्चा और पारिवारिक संवाद के माध्यम से संगठित परिवार - सशक्त समाज का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने दिनभर आनंद और अनुशासन से भरपूर सत्रों का लाभ उठाया। विभाग प्रचारक गणेश राम साहू जी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज हम आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति, विरासत और पारिवारिक मूल्य खोते जा रहे हैं। मोबाइल और तकनीक ने हमें सुविधाएं दी हैं, लेकिन परिवार के बीच अपनापन घटा है। कुटुंब प्रबोधन का उद्देश्य यही है कि हम एक बार फिर मिलकर जीना, आपसी सहयोग और संस्कारों का सम्मान सीखें। उन्होंने बताया कि कुटुंब प्रबोधन अभियान का सार यही है संघ परिवार का तात्पर्य केवल रक्त संबंध नहीं, बल्कि मन, विचार और संस्कारों का एकजुट परिवार है।

ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस का परिचालन प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर रेलवे के जम्मूतवी क्षेत्र में विगत दिनों हुए भूस्खलन के कारण ब्रिजों का मरम्मत कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। विवरण इस प्रकार है- 25 मार्च तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस, अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी तथा अंबाला कैंट-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर के मध्य रद्द रहेगी। 27 मार्च तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के मध्य रद्द रहेगी। 31 मार्च तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर केंट स्टेशन में समाप्त होगी।

बयान — विचारण न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो में बरी कर गलती की, शासन ने भी आरोपी को सजा दिलाने अपील पेश नहीं की

छत्तीसगढ़ की निर्भया को सही न्याय नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस बीडी गुरू की डीबी ने एक जघन्य यौन और हत्या के अपराध में आरोपी को पाक्सो एक्ट में बरी करने एवं शासन की ओर से अपील नहीं किए जाने के मामले में गंभीर टिप्पणी की है।

कोर्ट ने टिप्पणी में कहा है कि इस बैकग्राउंड में, हम यह नोट करने के लिए मजबूर हैं कि ट्रायल कोर्ट ने, भारी मेडिकल और परिस्थितिजन्य सबूतों के बावजूद, अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 363, 364, 376(3) के साथ-साथ पाक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत गंभीर आरोपों से बरी करके गलती की है। यह वाकई दुर्भाग्यपूणह है कि, इतनी गंभीर फाईंडिग्स के बावजूद, राज्य ने आईपीसी और पाक्सो एक्ट के उपरोक्त प्रावधानों के तहत अपीलकर्ता के बरी होने को चुनौती देते हुए कोई अपील दायर नहीं की है। हालांकि, राज्य की अपील की अनुपस्थिति मेडिकल सबूतों की गंभीरता या बच्चे के खिलाफ किए गए अपराध की गंभीरता को कम नहीं करती है। रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री से इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है कि पीड़ित का अपहरण किया गया था, सबसे बर्बर तरीके से यौन उत्पीड़न किया गया था, और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी, और संबंधित प्रावधानों के तहत दोषसिद्धि न देना उन मामलों में सबूतों की गलत समझ को दर्शाता है। ऐसे मामले में जहां पीड़िता का रेप किया गया हो और उसे मार दिया गया हो, अगर ट्रायल कोर्ट को पीड़िता पर सेक्शुअल असॉल्ट के पक्के सबूत मिलते हैं, तो वह रेप होने की बात को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता और आरोपी को सिर्फ हत्या के लिए दोषी नहीं ठहरा सकता; फैसले में सबूतों से साबित हुए सभी अपराधों, जिसमें सेक्शुअल असॉल्ट भी शामिल है, के लिए सज़ा का ज़िक्र होना चाहिए, साथ ही हत्या के काम का भी। मामला यह है कि जांजगीर चाम्पा जिला के जैजैपुर थाना क्षेत्र निवासी 12 वर्ष 7 माह उम्र की नवीं कक्षा की छात्रा 28 फरवरी 2022 की रात को अपनी मां के साथ सोई थी। मां की रात को निंद खुली तो देखी कि उसकी बेटी बिस्तर में नहीं है। पिता ने 1 मार्च 2022 को जैजैपुर थाना में रिपोर्ट लिखाई कि उसकी नाबालिग बेटी जो कि कक्षा 9 वीं में पढ़ती है, अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है।

अपहरण कर किया दुष्कर्म

मृतक नाबालिग पीड़िता, जो 18 वर्ष से कम उम्र की थी, उसकी हत्या करने के इराद से उसके अभिभावक की वैध अभिरक्षा से बहला-फुसलाकर, उसकी सहमति के बिना, अपहरण कर नाबालिग पीड़िता के साथ रेप किया, जो 16 साल से कम उम्र की थी। प्रॉसिक्यूशन के अनुसार, यह जानने और यह मानने का कारण होने के बाद कि नाबालिग पीड़िता की मौत उसके साथ किए गए कामों के कारण हुई है, आरोपी ने आपराधिक ज़िम्मेदारी से बचने के लिए मृतक को कीटनाशक पिला दिया।

सुविचार

बेशक जिंदगी चार दिन की है लेकिन ख्वाहिशें हजार रखो, पूरी न हों फिर भी कोशिश बरकरार रखो। - अज्ञात

भारत को सैफुल्लाह की गीदड़भभकी

लश्कर-ए-तैय्यबा के चीफ हाफीज सईद के दाहिने हाथ कहे जाने वाले लश्कर कमांडर सैफुल्लाह ने भारत को गीदड़भभकी दी है कि वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर बड़ा आतंकी हमला करेगा। गौरतलब है कि सैफुल्लाह पिछले कई दिनों से बांग्लादेश में है और वहां वह भारत पर आतंकी हमले के लिए जेहादियों की भर्ती कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग भी दे रहा है। लश्कर कमांडर सैफुल्लाह ने एक रैली के दौरान यह कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर किया था उसका बदला लिया जाएगा और भारत को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत के खिलाफ पाकिस्तान के आतंकवादियों की यह खीज कोई हैरत की बात नहीं है। आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के दस आतंकी अड्डे भारतीय सेना ने नेस्तनाबूत कर दिये थे। तभी से हाफिज सईद खामोश होकर बैठ गया है लेकिन अब उसने पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश में आतंकी प्रशिक्षण केन्द्र शुरू कर दिया है। जाहिर है अब पाकिस्तान बांग्लादेश के कंधे पर बंदूक रखकर भारत पर निशाना साधने की कवायद कर रहे हैं। हालांकि उनके नापाक मनसूबे पूरे नहीं होंगे। बहरहाल भारत को अब पाकिस्तान के खिलाफ और कड़ी कार्यवाही करने के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। इस बारे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने ठीक ही कहा है कि पाकिस्तान आसानी अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आएगा। उसे उसी की भाषा में सबक सिखाना जरूरी है। मोहन भागवत ने कहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सही रणनीति अपनानी होगी। क्योंकि आपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकी हमले का मन बनाये हुए है। इसलिए उसे मुंहतोड़ जवाब देना होगा और ऐसा नुकसान पहुंचाना होगा जिस पर वह पछताए तभी पाकिस्तान सबक सिखेगा। मोहन भागवत ने कहा है कि भारत तो अपने पड़ोसी देशों से शांतिपूर्ण संबंध चाहता है ताकि हमारी तरक्की के साथ ही उसकी भी तरक्की हो लेकिन पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से तौबा करने के लिए तैयार ही नहीं है ऐसे में उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना निहायत जरूरी है। मोहन भागवत की यह बात सोलह आने सही है। वास्तव में पाकिस्तान आसानी से सुधरने वाला नहीं है। आपरेशन सिंदूर से भले ही पाकिस्तान को करारा झटका लगा हो और अभी वह खुद ही अपने देश में गृह युद्ध की कगार पर पहुंचा हुआ हो फिर भी भारत के खिलाफ वह आतंकी हमले की साजिश रचने से बाज नहीं आ रहा है। ऐसे में उसके खिलाफ आपरेशन सिंदूर पार्ट-2 शुरू करना ही होगा।

बिहार में आज होगी अग्नि परीक्षा

बिहार विधानसभा के लिए दूसरे चरण के मतदान में आज बिहार के तमाम दिग्गज नेताओं की अग्नि परीक्षा होगी। बिहार में पहले चरण के मतदान में 121 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हो चुका है और बिहार में पहले चरण में रिकॉर्ड 65 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण के मतदान में भी बंपर वोटिंग होने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम कर रखे हैं। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर विधानसभा चुनाव होना है जिसमें सीमांचल की भी सीटें शामिल है। जहां इस बार असदुद्दीन ओवैसी ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारकर महागठबंधन की नींद हराम कर रखी है। वहां तो कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के हालात निर्मित हो गये हैं। बहरहाल आज दूसरे चरण में 1320 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएंगे और अब 14 नवंबर को ही यह पता चलेगा कि बिहार का चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा। दूसरे चरण के मतदान के पूर्व भी महागठबंधन और एनडीए के नेताओं ने चुनाव प्रचार का सोर थमने के पहले तक अपना पूरा जोर लगा दिया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी 80 से अधिक जनसभाएं की थी वहीं तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने भी धुंआधार प्रचार किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 14 नवंबर को इनमें से किनकी मेहनत कितना रंग लाती है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अपने जीवन में धर्म के लिए अलग से समय मत निकालिए बल्कि हर एक समय ही धार्मिक हो, कुछ भी करो पर उनके प्रेम में डूबकर करो।

❖ अपने आत्म कल्याण का भाव जिसके अंदर में सुदृढ़ रूप से हो, गहरे रूप से हो तब गुरु गोविंद बाकी काम कर देते हैं।

❖ शरीर से चित तक पहुँचने की यात्रा में अगर तुम्हारा समर्पण है तो गुरु गोविंद हर परिस्थिति में मदद करते हैं तुम्हारी उस यात्रा में।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1724 जोसेफब्लेक उर्फ ??ब्लूसिन (लंदन में) नामक लुटेरे को फांसी दे दी गई। 1836 चिली ने बोलीविया और पेरू के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की। 1839 वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना लेक्सिंगटन, वर्जीनिया में की गई। 1839 वर्जीनिया मिलिट्री इंस्टीट्यूट, वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे पुराना राजकीय सैन्य कॉलेज है। 1852 लंदन में नया वेस्टमिंस्टर पैलेस खुला। 1865 थॉमस रॉबर्टसन की «सोसाइटी» का प्रीमियर लंदन में हुआ। 1934 मेलबर्न में खोला गया श्राइन ऑफ़ रिमेम्ब्रेंस उन सभी आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए एक स्मारक है, जिन्होंने युद्ध में सेवा की है। 1938 इज़्मत इनो तुर्की के दूसरे राष्ट्रपति बने। 1953 कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने पहली बार पोलियो वायरस की पहचान की और उसका फोटो लिया। 1973 पहली अंतर्राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी नई दिल्ली में शुरू हुई। 1982 इजराइल के सैन्य मुख्यालय में गैस विस्फोट में 60 लोग मारे गये। 1985 एड्स विषय पर आधारित पहली टीवी फिल्म 'एन अर्ली फ्रॉस्ट' अमेरिका में प्रदर्शित की गई।

महेन्द्र तिवारी

शिक्षा केवल विद्यालयों की चारदीवारी में नहीं, बल्कि समाज की हर गतिविधि में दिखाई देनी चाहिए।चाहे वह नागरिक व्यवहार हो, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, या लैंगिक समानता की भावना। एक शिक्षित समाज वही है जो दूसरों की गरिमा का सम्मान करे और विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम हो। इसलिए, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम शिक्षा को केवल अंकों या प्रमाणपत्रों की दौड़ न बनाएं, बल्कि इसेचरित्र निर्माण और सामाजिक न्यायका माध्यम बनाएं। जब तक देश के अंतिम बच्चे तक ज्ञान का प्रकाश नहीं पहुँचता, तब तक स्वतंत्रता अधूरी है। शिक्षा ही वह शक्ति है जो राष्ट्र को आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और मानवतावादी बनाती है।राष्ट्रीय शिक्षा दिवस इस विश्वास की पुनः पुष्टि है कि ज्ञान से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं, और शिक्षित नागरिक से बड़ा कोई संसाधन नहीं।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : ज्ञान ही राष्ट्र की असली पूंजी

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के शब्द आज भी उतने ही सार्थक हैं - "यदि हमें सच्चा लोकतंत्र चाहिए, तो हमें पहले शिक्षित समाज बनाना होगा।"

हर वर्ष 11 नवम्बर को देशभर मेंराष्ट्रीय शिक्षा दिवसमनाया जाता है। यह तिथि भारत के प्रथम शिक्षा मंत्रीमौलाना अबुल कलाम आज़ादकी जयंती का प्रतीक है।एक ऐसे विद्वान, जिनकी दृष्टि में शिक्षा केवल जीवन-निर्वाह का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का सबसे सशक्त उपकरण थी। सन् 2008 में भारत सरकार ने इस दिन कोराष्ट्रीय शिक्षा दिवसघोषित किया, ताकि नागरिकों में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके और मौलाना आज़ाद के योगदान को उचित सम्मान दिया जा सके।

स्वतंत्र भारत के आरंभिक वर्षों में जब गरीबी, निरक्षरता और सामाजिक विषमता देश की जड़ें कमजोर कर रही थीं, तब मौलाना आज़ाद ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम माना। उनका विश्वास था कि «किसीराष्ट्रकीअसलीपूँजीउसकेशिक्षितनागरिकहोतेहैं»।यहीविचारभारतीयशिक्षानीतिकीबुनियादबना।उन्होंनेसर्वशिक्षा, विशेषकरबालिका शिक्षाको प्राथमिकता दी। आज जब भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है।

मौलाना आज़ाद के कार्यकाल में शिक्षा को नई दिशा देने वाले कई संस्थानों की स्थापना हुई।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) औरभारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) जैसी संस्थाएँ उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम थीं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहे; उसमेंमानवीय मूल्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक चेतनाभी समाहित होनी चाहिए। यही कारण है कि वे शिक्षा को "चरित्र निर्माण की प्रक्रिया" कहाकरतेथे।

आज जब हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हैं, तो यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्किआत्ममंथन का अवसरभी है। हमें यह प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली उन समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और मानवीय शिक्षा की दिशा में अग्रसर है, जिसका स्वप्न मौलाना आज़ाद ने देखा था? क्या शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित हो गई है, या वह समाज में संवेदनशीलता और विवेक का भी प्रसार कर पा रही है?

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (इ्ण्ढ) 2020 इन प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास करती है। यह नीति शिक्षा को रटने की प्रक्रिया से निकालकरकौशल विकास, नवाचार और मातृभाषा आधारित शिक्षणपर बल देती है। यह दृष्टिकोण मौलाना आज़ाद के उस विचार से मेल खाता है कि शिक्षा व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़े रखे, पर उसे वैश्विक दृष्टिकोण भी दे। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न करना होना चाहिए।

हालाँकि, ग्रामीण भारत और वंचित वर्गों में शिक्षा की पहुँच अब भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। बालिकाओं की शिक्षा, डिजिटल संसाधनों की कमी, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की अनुपलब्धता जैसी समस्याएँ हमारे समक्ष हैं। ये चुनौतियाँ केवल सरकारी नीतियों से नहीं सुलझ सकतीं; इसके लिए समाज के हर वर्ग को भागीदारी करनी होगी। यदि शिक्षा को हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखेंगे, तो «सबकेलिएशिक्षा»कासपनाअधूराहीरहेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि शिक्षा किसी व्यक्ति काअधिकारही नहीं, बल्किकर्तव्यभी है।ज्ञान को आगे बढ़ाने का, और समाज को बेहतर बनाने का। यह दिन उन शिक्षकों, विद्यार्थियों और नीति-निर्माताओं के प्रयासों को भी सम्मान देता है जो शिक्षा के माध्यम से देश को प्रगति की राह पर ले जाने में जुटे हैं।

आज के दौर में जबवैश्विक प्रतिस्पर्धा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीकशिक्षा के स्वरूप को तेजी से बदल रही है, तब शिक्षा को केवल सूचना तक सीमित न रखना, बल्किचिंतन, नैतिकता और सह-अस्तित्वके मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। मौलाना आज़ाद का दृष्टिकोण इसी संतुलन की ओर इंगित करता है। जहाँ ज्ञान और संवेदना दोनों साथ चलें।

शिक्षा केवल विद्यालयों की चारदीवारी में नहीं, बल्कि समाज की हर गतिविधि में दिखाई देनी चाहिए। चाहे वह नागरिक व्यवहार हो, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, या लैंगिक समानता की भावना। एक शिक्षित समाज वही है जो दूसरों की गरिमा का सम्मान करे और विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम हो।

इसलिए, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम शिक्षा को केवल अंकों या प्रमाणपत्रों की दौड़ न बनाएं, बल्कि इसेचरित्र निर्माण और सामाजिक न्यायका माध्यम बनाएं। जब तक देश के अंतिम बच्चे तक ज्ञान का प्रकाश नहीं पहुँचता, तब तक स्वतंत्रता अधूरी है।

शिक्षा ही वह शक्ति है जो राष्ट्र को आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और मानवतावादी बनाती है।राष्ट्रीय शिक्षा दिवस इस विश्वास की पुनः पुष्टि है कि ज्ञान से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं, और शिक्षित नागरिक से बड़ा कोई संसाधन नहीं।

संजीव ठाकुर

स्वतंत्रता के पश्चात ही पाकिस्तान अपनी गलत नीतियों, गलत आर्थिक नियोजन और भारत के विरोध की चालों के कारण आज जर्जर हालत में दक्षिण एशिया के सर्वाधिक कंगाल एवं गरीब देश की श्रेणी में खड़ा हो गया है। पाकिस्तान अभिनयमेंयह अपने अस्तित्व के सबसे गहरे संकट से गुजर रहा है। आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से वह एक ऐसी अव्यवस्था में डूब चुका है, जहाँ से निकलने के लिए अब केवल आत्ममंथन और दिशा परिवर्तन की आवश्यकता है। कभी इस्लामी एकता और सामरिक शक्ति का दंभ भरने वाला यह राष्ट्र अब अपनी ही गलतियों का शिकार बन गया है। स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान की राजनीति में विकास नहीं, बल्कि विरोध और वैमनस्य की भावना का वर्चस्व रहा है। उसने अपने सीमित संसाधनों और मानवीय क्षमता को शिक्षा, उद्योग और नागरिक विकास में लगाने के बजाय हथियारों, आतंकवाद और सैन्य विस्तार में झोंक दिया। नतीजतन वहाँ लोकतंत्र बार-बार सैन्य तख्तो के नीचे कुचला गया और जनता गरीबी, बेरोजगारी तथा महंगाई की दलदल में धँसती चली गई।

अपने विनाश और बर्बादी की पटकथा लिखता खुद कंगाल पाकिस्तान

इमरान खान की सरकार के तीन वर्ष पाकिस्तान के इतिहास के सबसे गर्त में डूबे हुए वर्ष साबित हुए। आर्थिक स्थिति इतनी विकट हो गई कि रोज़मर्रा की वस्तुएँ भी आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गईं। गेहूं, चावल, आटा, शक्कर और फल जैसी बुनियादी चीज़ें अब विलासिता की श्रेणी में आ गई हैं। पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों ने परिवहन और उद्योग दोनों को प्रभावित किया है, जिससे वस्तुओं की आपूर्ति ठप पड़ गई है। इमरान सरकार के पतन के बाद जनता को उम्मीद थी कि शाहबाज शरीफकुछ सुधार करेंगे, पर यह सरकार तो और अधिक असमर्थ और दिशाहीन साबित हुई। पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में अब केवल कुछ अरब डॉलर शेष हैं, जिससे सरकार को रोजमर्रा का खर्च चलाने के लिए भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आगे हाथ फैलाने पड़ रहे हैं।

कराची में बलूच आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में चीनी नागरिकों की मौत के बाद पाकिस्तान का सबसे विश्वसनीय सहयोगी देश-चीन भी उससे दूरी बना चुका है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की कई परियोजनाएँ ठप हो गई हैं, और आर्थिक सहायता तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। चीन के बाद सऊदी अरब, तुर्की और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी पाकिस्तान की मदद को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इस आर्थिक अलगाव ने पाकिस्तान को कूटनीतिक स्तर पर भी हाशिए पर पहुँचा दिया है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और यूरोपीय देशों के साथ उसके संबंध पहले से ही शिथिल थे। भारत के प्रति उसकी कटुता ने उसे दक्षिण एशिया में भी अकेला कर दिया है।इसी बीच पाकिस्तान प्राकृतिक आपदाओं के भीषण दौर से गुजर रहा है। बिजली उत्पादन ठप है, जलस्रोत सूख चुके हैं, और विभिन्न प्रांतों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। बिजली की कमी के कारण पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे सिंध, पंजाब और बलूचिस्तान जैसे प्रमुख कृषि क्षेत्र भयंकर सूखे और भुखमरी का सामना कर रहे हैं। फसलों का विनाश इतना व्यापक है कि अब खेत केवल राख और धूल में बदल चुके हैं। सिंध के मुख्यमंत्री के सलाहकार मंजूर वासन ने स्वीकार किया है कि पानी की कमी और भीषण गर्मी से कपास की पूरी फसल नष्ट हो चुकी है। चावल, गेहूं, गन्ना और आम जैसी प्रमुख फसलें भी झुलसकर बर्बाद हो गई हैं। इस विनाश ने पाकिस्तान की कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ दी है। किसान आसमान की ओर देखते हैं, लेकिन वहाँ से राहत नहीं बरसती-सिर्फ़धूप और निराशा गिरती है।

मीडिया और जनता दोनों ही अब सरकार से पूरी तरह निराश हैं। शाहबाज शरीफका मंत्रिमंडल अनुभवहीन और विभाजित है,

और जनता के मुद्दों से कट चुका है। नवाज शरीफकी सलाहें अप्रासंगिक साबित हो रही हैं, जबकि शाहबाज शरीफ का प्रशासनिक कौशल इस संकट की गंभीरता के सामने फीका पड़ गया है। राजनीतिक अस्थिरता, आंतरिक आतंकवाद और बढ़ती बेरोजगारी ने आम नागरिक को निराशा के गर्त में धकेल दिया है। पाकिस्तान की मीडिया जो कभी सुधार की उम्मीद कर रही थी, अब सरकार की बखिया उधेड़ने में लगी है। जनता के बीच यह धारणा मजबूत हो चुकी है कि उनके नेता केवल भारत-विरोध के सहारे सत्ता में बने रहना चाहते हैं, न कि जनता की भलाई के लिए शासन चला रहे हैं।

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति आत्मविनाश की पराकाष्ठा है। एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए गिड़गिड़ा रहा है, तो दूसरी ओर अपने ही पड़ोसी भारत के खिलाफअनर्गल बयानबाज़ी जारी रखे हुए है। शाहबाज शरीफका यह कहना कि «वह अपनी कमीज बेचकर भी जनता को रोटी देंगे», अब व्यंग्य बड़ा प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि देश के पास रोटी देने की क्षमता तो दूर, बिजली और पानी तक की उपलब्धता नहीं रह गई है। यदि पाकिस्तान को वास्तव में अपनी स्थिति सुधारनी है, तो उसके पास एक ही विकल्प बचा है कि वह अपनी पुरानी दुश्मनी और कट्टर मानसिकता को त्यागकर भारत से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध स्थापित करे। भारत अतीत में भी पाकिस्तान को कपास, गेहूं और चावल जैसी वस्तुएँ रियायती दरों पर उपलब्ध कराता रहा है। भारत ने श्रीलंका जैसे देशों की आर्थिक मदद कर उनके पुनर्निर्माण में सहयोग दिया है। पाकिस्तान चाहे तो उसी मार्ग पर चलकर आर्थिक स्थिरता प्राप्त कर सकता है। पर इसके लिए उसे अपनी नीति, दृष्टि और व्यवहार में आमूल परिवर्तन करना होगा।

पाकिस्तान को अब यह समझना चाहिए कि उसकी सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता, उसके खेत और उसके संसाधन हैं न कि उसकी बंदूकें। जब तक वह अपने लोगों को भोजन, रोजगार और शिक्षा नहीं देगा, तब तक उसकी कोई भी सरकार टिक नहीं सकती। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, चीन या सऊदी अरब की सहायता भी तब तक निष्फल रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्वयं आत्मनिरीक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाएगा।पाकिस्तान की दुर्दशा किसी बाहरी शक्ति की साज़िश नहीं, बल्कि उसके आत्मघाती निर्णयों का परिणाम है। धर्म और कट्टरता के नाम पर नीतियाँ बनाना, आतंकवाद को प्रश्रय देना और भारत के साथ निरंतर वैमनस्य बनाए रखना-यही उसकी सबसे बड़ी भूलें रही हैं। यदि अब भी पाकिस्तान अपने अंधकार से निकलने का साहस दिखाए और लोकतांत्रिक तथा विकासोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाए, तो पाँच से छह वर्षों में वह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लौट सकता है। लेकिन यदि उसने वही पुरानी राह चुनी, तो उसके राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट स्थायी हो जाएगा। आज पाकिस्तान के सामने इतिहास की सबसे बड़ी चुनौती है क्या वह अपने अतीत की गलतियों से सीखकर सुधार का मार्ग अपनाएगा, या फिर स्वयं अपने अंत की पटकथा लिखेगा? यही प्रश्न आने वाले वर्षों में उसकी नियति तय करेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज नफरत

आज नफरत ई नासूर बा। सभ चेहरा आज बेनूर बा।। नींद अँखिया से बाटे उड़ल। यार जबसे भइल दूर बा।। फैसला आज रउआ करीं। सभ सजा हमके मंजूर बा।। प्रेम के मर्म समझित केहू। लोग अबहूँ नशा में चूर बा।। लोग झूठे बा कहत देखीं। आज खट्टा ई अंगूर बा।। कइसे नफरत होई ई खतम। के जनम लेले अब शूर बा।। लोग तड़पत बहुत भूख से। अब नशा सभके कापूर बा।। देख लीं शाइरी के मिजाज। शेर 'ऐनुल' के मशहूर बा।। - **'ऐनुल' बरौलवी**

मेरी ख़ामोशी

मेरी ख़ामोशी उसको चुभ रही है जो मेरी बात करता अनसुनी है खुले ये लब, मगर कुछ कह न पाए तेरी बेचैनी अच्छी लग रही है तुझे लफ़्ज़ों की क्या दरकार है जब मेरी ख़ामोशी इतना चीख़ती है ज़माना जानता है हाल मेरा तुझ ही चंद लफ़्ज़ों की पड़ी है कभी ख़ामोश चेहरे को भी पढ़ ले इबारत जिसमें चाहत की लिखी है वो उलझा है मेरी आँखों को पढ़कर मेरे इकरार में इन्कार भी है इसे शर्तों में क्या बांधेगा कोई मेरी 'ममता' हवा सी मनचली है। - **ममता लड़ीवाल**

भावनाएं चहुँ ओर है नहीं गल्तियों का छोर

भावनाएं चहुँ ओर है नहीं गल्तियों का छोर है कारण दिखे कुछ और है जीवन ही लगता बोर है. कुछ पर ना चलता जोर है चहुँ ओर सुनता शोर है अच्छा नहीं जब कुछ लगे समझो हमीं कमजोर हैं। - **जे डी कुदाल**

पाकिस्तान में 27 वां संविधान संशोधन

पाकिस्तान में 27 वां संविधान संशोधन जिसे पाकिस्तान सरकार की कैबिनेट ने पास कर दिया है और पाक सीनेट से यदि पास हो जायेगा तो पाकिस्तान का सबसे ताकतवर व्यक्ति मरते दमतक आसिम मुनीर रहेगा। आधुनिक भस्मासुर जो कानून, संविधान, सबसे ऊपर रहेगा ! - **अरूण कुमार गुप्ता**

पत्थर तोड़ती हुई है, स्त्री जिससे

पत्थर तोड़ती हुई है, स्त्री जिससे मुमकिन हो कला वे नाजुक उंगलियों से ढोती हैं सख्त हथौड़े के थपेड़े बुनती हैं कहती हैं रचती हैं कल्पनाओं से प्रतिमाएं श्रृंखलाएं और : रहती हैं संजीव, मुखर और मौन वो : पत्थर तोड़ती हुई, स्त्री है हथौड़े के प्रहार को जानती है बोए हैं हथेली के मध्य उखड़ने वाली त्वचा और : लहू रिसती रेखाओं का भार..! पत्थर तोड़ती हुई है, स्त्री..! - **अनुभूति 'अनु'**

स्त्री सस्ती कभी नहीं थी न देह से

स्त्री सस्ती कभी नहीं थी न देह से, न आत्मा से पुरुष हुआ जब जब उदास खोजा उसने स्त्री को स्त्री हुई जब जब रिक्त मूंदकर आँखें उतर गई नींद में। - **कल्पना मनोरमा**

विनती है प्रभु आपसे,रखो हमारा ध्यान

विनती है प्रभु आपसे,रखो हमारा ध्यान। भारी बस्ता पीठ पर ,बच्चे हम नादान।। बच्चे हम नादान ,विषय पढ़ने हैं सारे। बैठूँ पुस्तक खोल, दिखे हैं दिन में तारे। भूले सारे खेल ,दिखे मस्ती भी छिनती। बदलो ये हालात,सुनो इतनी सी विनती।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

राशि फल



पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी यह है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

वृष राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपसी विश्वास और सहजता के सहारे संबंधों में मजबूती आएगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन अ'छा रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

कर्क राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज कोई व्यक्ति आपकी योजनाओं को बिगाड़ने की कोशिश कर सकता है, लेकिन समझदारी रखने से आप सेफ रहेंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज शाम तक कोई बड़ी सफलता मिलने से मन प्रसन्न हो सकता है। आज कामकाज की अधिकता हो सकती है।

कन्या राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। आज घर में पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। इस राशि के बिल्डर्स को आज नया काम मिलने से धन लाभ होगा।

तुला राशिः आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जल्दबाजी में किया गया काम पूरा होने से रह सकता है, अतः सावधानी पूर्वक काम करें। किसी महत्वपूर्ण काम को निकलवाने के लिये आज दुश्मन से हाथ मिलाना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशिः आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज सोचे हुये सभी काम पूरे हो सकते हैं। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। इस राशि के कलाकारों की रचनात्मक क्षमता को काफी सराहना मिलेगी।

धनु राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज जीवनसाथी की तलाश पूरी होगी। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। आज अधिकारियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

मकर राशिः आज घर के सभी सदस्यों की इ'छाओं को पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज सोचे हुए कुछ काम अचानक पूरे होते-होते रुक सकते हैं। आज दोस्तों से अनबन हो सकती है।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा, आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है, इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?

2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?

3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?

4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?

5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?

उत्तरमाला- (1) मामूली जुर्माना (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम

शब्द सागर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बीएलओ ने सौंपा ईएफफॉर्म

प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र में उसकी सशक्त भागीदारी का प्रतीक है

रायपुर/ नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज रतनपुर क्षेत्र के भाग संख्या 134 के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ चौथ कुमार पटेल द्वारा स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को Enumeration form (गणना पत्रक) प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र में उसकी सशक्त भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ें, सुधार कराएं या आवश्यक परिवर्तन करवाएं ताकि आगामी चुनावों में वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

बीएलओ द्वारा ईएफ फॉर्म प्रदान किए जाने का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जोड़ना है ताकि इस अभियान के प्रति जन जागरूकता बढ़े और कोई भी योग्य नागरिक का नाम छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम जुड़े नहीं । इस दौरान बीएलओ ने मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया, ऑनलाइन सुविधा और नए पंजीकरण के लिए उपलब्ध पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं और घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं ताकि शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस पहल को ÷सशक्त लोकतंत्र का आधार÷ बताते हुए कहा कि एक मत भी देश की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

मुख्यमंत्री ने किया शंकर पांडे की पुस्तक 'छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक' का विमोचन

■ मुख्यमंत्री ने किया शंकर पांडे की पुस्तक 'छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक' का विमोचन

रायपुर / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार श्री शंकर पांडे की पुस्तक छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के अतीत को समेटने के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय को श्री पांडे ने बताया कि छत्तीसगढ़ पर केंद्रित यह उनकी 6वीं पुस्तक है जिसमें छत्तीसगढ़ के महापुरुषों, पर्यटन स्थल, प्राचीन इतिहास, राज-परिवार, मंदिरों के इतिहास से सम्बंधित जानकारियां संकलित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तक में छत्तीसगढ़ के कई अनछुए पहलुओं सहित राज्य के सभी मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रमुख राजनीतिक घटनाओं, राजनेताओं व साहित्यकारों का भी उल्लेख है। इस अवसर पर सुश्री प्रियंका कौशल, श्री विशाल यादव सहित सुश्री स्नेहा पांडे तथा मास्टर अंश पांडे भी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल रमेन डेका से भारोत्तोलन संघ के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में रायपुर नगर निगम भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष डॉ. टिकेश्वर कुमार ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 23वें भारोत्तोलन प्रतियोगिता के लिए बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रित किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी श्री अशोक साहू, श्री चंद्रशेखर साहू उपस्थित थे।

मड़ियान जलाशय के कार्यों के लिए 20.73 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड-डोंगरगढ़ की मड़ियान जलाशय की ऊंचाई बढ़ाने एवं लाईनिंग कार्य हेतु लागत राशि 20 करोड़ 73 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने 708.50 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई सहित 3512.70 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। जल संसाधन मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना के कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

मनेंद्रगढ़ को मिली बड़ी सौगात: पाराडोल एनीकट निर्माण को मिली 10 करोड़ 4 लाख की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। हसदेव नदी पर पाराडोल एनीकट निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग की तरफसे 10 करोड़ 4 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना से मनेंद्रगढ़ के लगभग 80 हेक्टेयर क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल, भूजल संवर्धन एवं कृषकों को स्वयं के साधन से सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। वहीं मनेंद्रगढ़ की स्थानीय जनता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद कहा है कि यह एनीकट सिंचाई, भूजल संवर्धन, पेयजल, निस्तारी कार्य और क्षेत्र के विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा और स्थानीय जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

किलकिला एनीकट के कार्यों के लिए 5.65 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखण्ड-पत्थलगांव की किलकिला एनीकट तक तटबंध, माण्ड नदी के सौन्दर्यीकरण तथा घाट निर्माण के लिए 5 करोड़ 65 लाख 42 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

धरसीवा में सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौके पर मौत, चालक फरार

रायपुर/नवप्रदेश। धरसीवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां अमर जवान पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रही महिला की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे हुआ। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही धरसीवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक का सुराग लगाया जा सके। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

छत्तीसगढ़ बना 'जल आत्मनिर्भर राज्य' का मॉडल

तांदुला जलाशय से हर खेत तक पानी पहुँचाकर रचा 'जल क्रांति' का इतिहास

रायपुर/ नवप्रदेश। ÷जल ही जीवन, जल ही विकास÷ और ÷हर खेत तक पानी - हर किसान के चेहरे पर मुस्कान÷ के मूलमंत्र पर चलते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य के गठन (वर्ष 2000) के बाद तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग ने बीते 25 वर्षों में सिंचाई विकास, जल संरक्षण, तकनीकी नवाचार और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और राज्य सरकार की कृषक-केंद्रित नीतियों के परिणामस्वरूप, विभाग ने छत्तीसगढ़ को ÷जल आत्मनिर्भर राज्य÷ बनाने की दिशा में अभूतपूर्व सफ्लता प्राप्त की है। विभाग की प्राथमिकताएँ स्पष्ट हैं: जल संसाधनों के माध्यम से 'जल से जनकल्याण', सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से 'सिंचाई में समृद्धि', और आधुनिक कार्यप्रणाली द्वारा 'तकनीक से पारदर्शिता' सुनिश्चित करना ही इसका मुख्य ध्येय है।

सिंचाई विकास: अभूतपूर्व विस्तार और सुदृढ़ीकरण

तांदुला जल संसाधन संभाग ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार में क्रांति ला दी है। राज्य निर्माण के समय जहाँ केवल 97 सिंचाई परियोजनाएँ संचालित थीं, वहीं वर्तमान में 118 परियोजनाएँ सक्रिय रूप से क्रियान्वित हैं। नहरों की लंबाई 1148 कि.मी. से बढ़कर 1349 कि.मी. हो गई है, जिससे जल आपूर्ति प्रणाली अधिक विस्तारित हुई है। अविभाजित दुर्ग ज़िले में सिंचाई का रकबा 87,930 हेक्टेयर से बढ़कर वर्तमान में 1,13,538 हेक्टेयर हो गया है। तकनीकी नवाचार ने वितरण प्रणाली में जल अपव्यय को न्यूनतम किया है। नहर लाइनिंग, सुदृढ़ संरचनाएँ और गेट स्वचालन का उपयोग किया गया है। दुर्ग-बालोद अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों को स्थायी जलापूर्ति के लिए खरखरा-शिवनाथ नदी पाइपलाइन योजना (?1520 करोड़) और तांदुला ऑगुमेंटेशन सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना (?238 करोड़) जैसी विशाल परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, जिसने 18,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्तहो रही है। उद्वहन सिंचाई योजनाओं द्वारा ऊँचाई वाले क्षेत्रों में भी जलापूर्ति संभव हुई है, जिससे 卐अंतिम छोर तक सुगम सिंचाई - अंतिम खेत तक पानी की गारंटी卐 सुनिश्चित हुई है। इस वर्ष भू-जल पुनर्भरण हेतु 265 रिचार्ज पिट एवं 300 सोक पिट का निर्माण कर वर्षा जल का पुनर्भरण सुनिश्चित किया गया है।

कृषि समृद्धि और जल प्रबंधन में उपलब्धियाँ

तांदुला जल संसाधन संभाग के प्रयासों से 42,000 से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष सिंचाई सुविधा मिली है, जिसने कृषि से आत्मनिर्भरता तक की उनकी यात्रा को मजबूत किया है। सिंचाई सुविधा के कारण फ्सल उत्पादकता में 30-40 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है और रबी फ्सल का क्षेत्रफ्ल दोगुना हो गया है। 卐प्रति बूंद अधिक फ्सल卐 के उद्देश्य से स्प्रिंकलर एवं ड्रिप प्रणाली को प्रोत्साहन दिया गया है। 卐कृषक जल उपयोग समितियों卐 के माध्यम से जल वितरण में सहभागिता और पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। इन सुविधाओं से कृषि आधारित लघु उद्योग, प्रसंस्करण एवं मत्स्य पालन को प्रोत्साहन मिला है, जिससे कृषक आय में वृद्धि हुई है और ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता स्थापित हुई है, साथ ही हरित क्रांति को नई दिशा मिली है।

सीएम साय ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से की मुलाकात

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री आवास में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों ने परस्पर सहयोग एवं विकास के अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में राज्यों की साझी भागीदारी और आपसी अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें अपने-अपने क्षेत्रों में नवाचार और सुशासन के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस योगदान दे रही हैं।

सहयोग और विकास का अनुभव किया साझा

मुख्यमंत्री साय ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को बस्तर की लोककला और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक गौरव पर आधारित बस्तर आर्ट तथा ÷बस्तर दशहरा÷ की कॉफी टेबल बुक भेंट की। इस पर मुख्यमंत्री पटेल ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की सराहना करते हुए राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर संचालित विकासात्मक और जनकल्याणकारी कार्यों के लिए मुख्यमंत्री साय को शुभकामनाएं दीं। दोनों मुख्यमंत्रियों ने भविष्य में गुजरात और छत्तीसगढ़ के बीच विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को और सशक्त करने पर सहमति व्यक्त की।

उत्तम जायसवाल को आप में अहम जिम्मेदारी बनाये गये कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने आप के प्रदेश में सबसे पुराने कार्यकर्ता और अन्ना आंदोलन के साथी उत्तम जायसवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

आम आदमी पार्टी के निर्माण से लेकर आज तक उन्हें प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी थी।प्रदेश संगठन में बड़ी पकड़ होने के कारण कुछ महीनों पहले ही उन्हें प्रदेश संगठन महासचिव की भी बड़ी जिम्मेदारी दी गयी थी।

प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक और प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा जारी पत्र में उत्तम जायसवाल को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उत्तम जायसवाल की इस नियुक्ति पर आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं और अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया है।और सभी ने उम्मीद जताई हैं कि उनके नेतृत्व में आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ नई ऊंचाइयों को छुएगी और जनता की आवाज़ को और मज़बूती से उठाएगी।प्रदेश में स्वराज, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति की नई शुरुआत होगी।

डॉ. हेडगेवार के जीवन चरित्र को दो घंटे के नाटक में समेटना आसान नहीं

■ सुप्रसिद्ध चर्चित नाटक 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' के लेखक ने कहा कि गोवा में नाटक को अभूतपूर्व प्रतिसाद, छत्?तीसगढ़ में हो चुके चार मंचन, चार अभी बाकी

रायपुर/नवप्रदेश। 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' नाटक राष्?ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के क्रांतिकारी से युगप्रवर्तक बनने की कहानी है, जो उनके जीवन के अति महत्वपूर्ण प्रसंगों पर आधारित है। इस आशय की बात जानकारी नादब्रह्मा प्रस्तुत नाटक 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' के रचियता डॉ. अजय प्रधान ने दी।

डॉ. प्रधान ने कहा कि तीन मराठी नाटक लिखने के बाद उन्होंने अपने लंबे अध्ययन और रिसर्च के बाद इस नाटक के लेखन का विचार आया, तो उन्होंने यह भी तय किया कि इसे हिंदी में लिखा जाना बेहतर होगा क्योंकि युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार को किसी एक भाषा या राज्य तक सीमित नहीं रखा जा सकता। इतने व्यापक व्यक्तित्व वाले डॉ. साहब का नाटक लिखने में उन्हें 25 दिनों लगे। लेखन के समय डॉ. हेडगेवार के प्रसंगों को पढ़ने के लिए उन्होंने अपने बेटे को दिया, तो वह पढ़ते-पढ़ते ही रोने लगा। यही स्थिति अन्य सदस्यों की भी रही। डॉ. हेडगेवार का जीवन इतना प्रेरक व संघर्षपूर्ण रहा है कि उसे मात्र सवा दो घंटे के नाटक में समेटना आसान नहीं रहा।

कांग्रेस पूरे प्रदेश में एसआईआर की निगरानी करेंगी

■ एसआईआर का काम विशुद्ध रूप से आयोग का दिखना चाहिए, न कि सरकार या दल विशेष का एजेंडा प्रदर्शित हो

रायपुर/नवप्रदेश। एसआईआर को लेकर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता राजीव भवन में एसआईआर निगरानी कमेटी के संयोजक मोहन मरकाम सह संयोजक धनेन्द्र साहू, एआईसीसी सचिव देवेन्द्र यादव ने संबोधित किया।

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस एसआईआर निगरानी समिति के संयोजक मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि आयोग यह सुनिश्चित करे कि एस आई आर के काम में पारदर्शिता और ईमानदारी हो। कांग्रेस ने पहले भी कहा था आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर किसी राजनैतिक दल का एजेंडा नहीं है। एस आई आर का का काम मूल रूप से बीएलओ के माध्यम से ही पूरा होगा। बीएलओ घर-घर जा कर दस्तावेज का मिलान करेगा, कांग्रेस पार्टी मांग करती है बीएलओ हर घर में भौतिक रूप से जरूर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए और बीएलओ जब मतदाता के घर आए तो उसके आने का पुष्टि प्रमाण पत्र मतदाता से लिखवा कर ले। इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि बीएलओ ने एक जगह बैठ कर कागजी सर्वे नहीं किया। निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची का इलेक्ट्रॉनिक डेटा सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराना चाहिए और किसी भी संशोधन से पहले सभी दलों के बीएलए से चर्चा करनी चाहिए, इसके बिना किसी भी नागरिक से मतदान का अधिकार छीनना लोकतंत्र के खिलाफ अपराध है। किसी मतदाता का नाम सूची से काटा जाए तो वह अपात्र है यह प्रमाणित करने का दायित्व आयोग का होना चाहिए न कि मतदाता का। मतदाता को उसके दस्तावेज प्रस्तुत करने का पूरा समय दिया जाए। एसआईआर के काम में नीयत सही होनी चाहिए, उसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का नाम जोड़ने का होना चाहिए न कि काटने का।

तिवरैया मोड़ में हादसा: कार की चपेट में आए वृद्ध की मौत

चालक सीख रहा था गाड़ी चलान

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार दोपहर धरसीवा तिवरैया मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय मनीराम वर्मा की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ, जब सड़क किनारे सो रहे मनीराम पर एक कार चालक ने वाहन चढ़ा दिया।

मृतक की पहचान मनीराम वर्मा पिता लग्गूराम वर्मा, निवासी गोड़ही के रूप में हुई है। वह तिवरैया मोड़ के पास पान ठेला चलाते थे और दोपहर के समय वहीं आराम करने लेटे थे। तभी इंद्र कुमार पिता मंतराम, जो उसी गांव का रहने वाला है, अपनी कार (क्रमांक CG 04-QZ-8613) चलाना सीखते समय नियंत्रण खो बैठा और वाहन मनीराम पर चढ़ गया।

गंभीर रूप से घायल मनीराम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक और कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इंद्र कुमार ने यह कार अभी हाल ही में दिवाली के समय खरीदी थी और वह इसे चलाना सीख रहा था।

विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

बलरामपुर/ नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत तहसील कार्यालय बलरामपुर में बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को एसआईआर की निर्वाचक गणना पत्रक का वितरण किया गया तथा प्रत्येक बीएलओ को गणना पत्रक निर्धारित समय-सीमा के भीतर जमा करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही निर्वाचन कार्य से संबंधित दिशा-निर्देश, फॉर्म 6,7,8 भरने की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन के संबंध में चर्चा की गई। प्रशिक्षण में तहसीलदार श्री सुनील कुमार गुप्ता सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय उचित मूल्य दुकान रामनगर कला के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

बलरामपुर/ नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बलरामपुर ने जानकारी दी है कि विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगरकला के शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन विभिन्न कारणों से निरस्त किया गया है। अब शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत रामनगरकला का संचालन नवीन संचालन एजेंसी को प्रदान किया जाना है। इसके लिए इच्छुक संस्था/स्व सहायता समूह संचालन करना चाहते हैं वे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर में निर्धारित प्रारूप में 24 नवम्बर 2025 कार्यालयीन समय तक आवेदन जमा कर सकते हैं। समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगों का उत्सव

बलरामपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ

के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास परियोजना, रामचंद्रपुर अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बच्चों ने अपने हाथों से आकर्षक चित्र, रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। वहीं महिलाओं और किशोरी बालिकाओं ने रंग-बिरंगी प्राकृतिक रंगोली सजाई। इन रंगोलियों में विशेष रूप से फूलों और पत्तियों का प्रयोग किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चे, महिलाएं, किशोरी बालिकाएं तथा अन्य ग्रामीण महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुई।गौरतलब है कि वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में 07 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026, चतुर्थ चरण 01 से 07 नवम्बर 2026 को आयोजित होंगे।

अब बरसात में डर नहीं, सुकून की नींद

प्रधानमंत्री आवास योजना से शोभनाथ का सपना हुआ साकार

बलरामपुर/ नवप्रदेश। कभी मिट्टी की दीवारों के सहारे गुजारा करने वाले शोभनाथ के जीवन में बेहतर आशियाना है। वो घर जो बरसात की हर बूंद से डरता था, अब उसी आँगन में बच्चे बेफिक्री से खेलते हैं। वो दिन भी क्या दिन थे, जब विकासखंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत लुरगीकला गांव है, जहां शोभनाथ अपने परिवार के साथ रहते थे। वो कहते हैं हम तो मजदूरी करके बस जीवन काट रहे थे, लेकिन हर साल सोचा करते थे कि काश कभी एक पक्का घर बन जाए। फिर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के बारे में जानकारी के अंतर्गत आवास स्वीकृति हो रही है। शोभनाथ ने आवेदन किया, कुछ ही समय में स्वीकृति मिली, वर्ष 2024-25 के अंतर्ग शोभनाथ के खाते में पहली किश्त की राशि पहुँची। उन्होंने अपने सपनों का घर गढ़ना शुरू किया, स्वयं मनरेगा के तहत कार्य कर दीवारें खड़ी की और धीरे-धीरे वह घर आकार लेने लगा। आज शोभनाथ अपने नये पक्के घर में रह रहे हैं। छत अब आसमान की हर बरसात को हौले से रोक लेती है। शोभनाथ बताते हैं कि पहले नींद आने से पहले चिंता होती थी लेकिन अब चैन से सोते हैं, क्योंकि अब पक्के घर में हम सुरक्षित हैं। शोभनाथ जैसे अन्य लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना ने गांव-गांव में उम्मीद के पक्के घर बनाए हैं, जिससे ग्रामीण परिवार सुरक्षित आवास में खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

पंचायत सचिवों के 06 आरक्षित पदों हेतु आवेदन 28 नवंबर तक आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय जिला पंचायत दंतेवाड़ा के जारी विज्ञप्ति अनुसार ग्राम पंचायत सचिवों के कुल 06 पदों में अनुसूचित जनजाति के लिए 5 पद, अनुसूचित जाति के लिए 01 पद पर भर्ती हेतु दिनांक 28 नवंबर 2025 सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। भर्ती हेतु विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के वेबसाईट www.dantewada.nic.in जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल, जिले के जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 11 नवंबर को

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 11 नवंबर, दिन मंगलवार को समय-सीमा बैठक के पश्चात् डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में आयोजित की गई है। इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारी गणों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

ग्राम स्वराज की ओर बड़ा कदम:मनेन्द्रगढ़ जनपद में जनप्रतिनिधियों को राजकीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

एमसीबी/नवप्रदेश। ग्रामीण भारत के विकास को नई ऊर्जा देने और जनप्रतिनिधियों को सशक्त नेतृत्व के रूप में तैयार करने की दिशा में मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत में ÷राजकीय ग्रामीण स्वराज अभियान÷ के तहत विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अमृत सदन सभागार में हो रहा है, जहाँ जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन से जुड़ी जिम्मेदारियों, जनता के प्रति जवाबदेही और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

राजकीय ग्रामीण स्वराज अभियान का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ड्डद्धद्यह्वष्ह्ह स्नद्दड्डह्लद्दह्य क्का ह्. स्ह्लस्र. नामक एनजीओ के सहयोग से संचालित हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है ताकि गाँव-गाँव में विकास की गूंज सुनाई दे। प्रशिक्षण सत्र में जनप्रतिनिधियों को शासन की प्रमुख योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि, जन धन योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचा सकें और ग्रामीण विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक रवि दीक्षित, प्रोजेक्ट मैनेजर डोपाल, मोनिका, अभिषेक और अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षक हैं, जो जनप्रतिनिधियों को ग्राम स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित करने और जनहित के कार्यों में पारदर्शिता लाने के तरीकों की जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्रामीण विकास की असली ताकत जनप्रतिनिधियों के हाथों में है, और जब वे जागरूक एवं प्रशिक्षित होंगे, तभी शासन की योजनाएं जमीनी स्तर पर सफल होंगी।

मनेन्द्रगढ़ विकासखंड सहित पूरे मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विभिन्न जनपदों में इस अभियान के तहत क्रमवार प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। यही नहीं, यह कार्यक्रम अन्य जिलों में भी विस्तार पा रहा है ताकि राज्य स्तर पर एक संगठित, प्रशिक्षित और जागरूक ग्रामीण नेतृत्व तैयार हो सके। इस प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल योजनाओं का ज्ञान बढ़ रहा है, बल्कि जनप्रतिनिधियों में अपने क्षेत्र के विकास को लेकर जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व की भावना भी गहराई से विकसित हो रही है।

अभियान के मुख्य उद्देश्य स्पष्ट हैं :– जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली से जोड़ना, ग्राम पंचायतों को जवाबदेह बनाना, ग्रामीणों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विकास कार्यों में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना। यह प्रशिक्षण जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में तैयार कर रहा है कि वे न केवल योजनाओं को लागू करें बल्कि अपने गाँव के हर नागरिक तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुँचा सकें।

जल जीवन मिशन से बदला ग्रामीण जीवन

अब नहीं करनी पड़ती है मशक्कत- ग्राम छतौड़ा में हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

■ बिंदु कुमारी की सफलता की कहानी बनी प्रेरणा का स्रोत

एमसीबी/ नवप्रदेश। ग्रामीण अंचल में महिलाओं और बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ने आज सच्चे अर्थों में गाँव-गाँव में खुशियों की धारा बहा दी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित इस जनकल्याणकारी मिशन ने जिले के सुदूर ग्राम पंचायत नौगई के ग्राम छतौड़ा की निवासी बिंदु कुमारी जैसी अनेक महिलाओं के जीवन में नई रोशनी जगाई है।

÷कुएँ से नल तक - कठिनाई से सुविधा तक का सफर-बिंदु कुमारी बताती हैं कि कुछ वर्ष पहले तक ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी के लिए कई किलोमीटर दूर स्थित कुएँ और हैंडपंपों तक जाना पड़ता था। यह कार्य न केवल समय लेने वाला था, बल्कि विशेषकर गर्मी के मौसम में यह एक बड़ी चुनौती बन जाता था। महिलाओं को रोजाना कई बार सिर पर मटके उठाकर पानी लाना पड़ता था जिससे न केवल थकान होती थी, बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता था। लेकिन जब से हर घर नल से जल योजना ग्राम छतौड़ा में लागू हुई है, अब यह कठिनाई अतीत की बात बन गई है। अब बिंदु कुमारी के घर में ही नल से शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति होती है। वे प्रसन्नतापूर्वक कहती हैं कि अब हमें पानी लाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। बच्चों की पढ़ाई के लिए समय मिलता है, और घर का कामकाज भी आसानी से होता है।

जल जीवन मिशन - स्वच्छता और स्वास्थ्य की नई राह

यह योजना न केवल सुविधा दे रही है बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक परिवर्तन ला रही है। पहले जहां दूषित जल के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता था, वहीं अब नल से मिलने वाले स्वच्छ पेयजल ने इन समस्याओं को काफी हद तक समाप्त कर दिया है। बिंदु कुमारी बताती हैं कि अब उनके बच्चों को पेट से जुड़ी बीमारियाँ नहीं होतीं और परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ महसूस करते हैं। गाँव की महिलाएँ भी अब इस योजना को अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानती हैं।

समय, श्रम और आत्मनिर्भरता

तीनों का रहा संगम-जल जीवन मिशन ने ग्रामीण महिलाओं को समय और श्रम दोनों से राहत दी है। पहले जहाँ रोजाना पानी लाने में दो से तीन घंटे व्यर्थ होते थे, वहीं अब यह समय महिलाएँ अपने घर, बच्चों और आजीविका से जुड़े कार्यों में लगा पा रही हैं। यह परिवर्तन ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति ग्रामीणों का आभार

ग्राम छतौड़ा की बिंदु कुमारी सहित सभी ग्रामीण इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। बिंदु कुमारी कहती हैं कि यह योजना केवल हमारे घरों में पानी नहीं लाई, बल्कि हमारे जीवन में आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश भी लाई है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी ने हमें जो सौगात दी है, वह हमारे भविष्य को नई दिशा दे रही है।

जल जीवन मिशन - 'हर घर जल' का सपना हुआ साकार-एमसीबी जिले में जल जीवन मिशन ने अब तक हजारों घरों तक नल कनेक्शन पहुँचाकर ग्रामीण जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदला है। यह मिशन न केवल एक सरकारी योजना है, बल्कि ÷नए भारत÷ के उस विजन का प्रतीक है, जहाँ हर नागरिक को स्वच्छ जल, स्वस्थ जीवन और सम्मानपूर्ण अस्तित्व प्राप्त हो।

विभिन्न नदी-नालों पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य प्रगति पर

■ पुल निर्माण से सुदृढ़ होगी आवागमन सुविधा

बलरामपुर/ नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग (सेतू संभाग) अंबिकापुर के अंतर्गत जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में विभिन्न नदी-नालों पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत कई महत्वपूर्ण पुलों तथा उनसे जुड़े पहुँच मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग सेतू निर्माण कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी कि रामचन्द्रपुर-धौली-बालचौरा (अनिरुद्धपुर-गायघाट) मार्ग में स्थित कन्हर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण प्रगति पर है। पुल की कुल लंबाई 312 मीटर है। इस पुल के पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के 9 ग्राम सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे, जिनकी जनसंख्या लगभग 20,130 है। जिन्हें आवागमन की सुगम सुविधा प्राप्त होगी। पुल निर्माण कार्य के साथ-साथ पहुँच मार्ग का निर्माण भी समानांतर रूप से किया जा रहा है। यह पुल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित होने से छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य के बीच की दूरी में कमी आएगी। पुल के तैयार हो जाने से ग्रामीणों को वर्षभर निर्बाध आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही आर्थिक, व्यापारिक संपर्क मजबूत होंगे। ग्राम पचावल से त्रिशुली मार्ग पर स्थित पांगन नदी पर पूर्व में निर्मित पुलिया टूट जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। शासन द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु पुल निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांगन नदी पर 168.00 मीटर लंबाई का उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अब पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में पुल के दोनों ओर पहुँच मार्ग का कार्य प्रगति पर है। पुल के निर्माण से आसपास के 9 ग्राम की लगभग 20,563 की जनसंख्या को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं कृषि उत्पादों के परिवहन में अब सुगमता प्राप्त होगी।

जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा किया गया 280 बोरी धान जब्त

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु धान उपार्जन का कार्य दिनांक 15 नवंबर 2025 से होने वाला है। धान खरीदी में व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से धान के विक्रय को रोकने के उद्देश्य से राजस्व विभाग, खाद्य विभाग व कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम द्वारा कलेक्टर महोदय श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन और खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक के मार्गदर्शन में दिनांक 09 नवंबर 2025 को नकुलनार और गंजेनार के विभिन्न व्यापारियों के गोदामों में जांच की गई। जांच में मे. पासवान ट्रेडर्स नकुलनार के गोदाम से 250 बोरी धान और चंद्रपाल सिंह भदौरिया के गोदाम से 30 बोरी धान बिना वैध दस्तावेज के भंडारित होने के कारण तथा कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 का उल्लंघन पाए जाने के कारण जप्त किया गया। इसके अलावा मे. विपिन ट्रेडर्स गंजेनार के गोदाम में 30 क्विंटल धान व श्री विवेक सिंह नकुलनार के गोदाम में 225 क्विंटल धान पाया गया उक्त दोनों व्यापारियों द्वारा वैध बी 1 पंजी और कृषि उपज मंडी गीदम द्वारा उक्त धान हेतु जारी पर्ची प्रस्तुत किया गया।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना- बिल 'टेंशन' से मुक्त हो जाएं

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। नगर की जीएडी कॉलोनी में रहने वाली गृहणी रीता मिश्रा के लिए अपने घर में ''रूफटॉप सोलर पावर प्लांट'' लगाना एक समझदारी भरा निर्णय रहा। वरना इससे पहले हर महीने आने वाले भारी भरकम बिजली बिलों से उनके घर का बजट गड़बड़ा जाता था। परन्तु सोलर पॉवर प्लांट लग जाने से उनके घर का बिजली बिल जैसे ''जीरों'' की श्रेणी में आ गया है। वे मानती है कि इससे उन्हें काफी राहत मिली। वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हर घर में इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता सामग्रियों जैसे ''टीवी, कूलर, फ्रिज, पंखे, एयरकडीशनर, इलेक्ट्रिक आयरन, कम्प्यूटर'', के चलते बिजली की अधिक खपत होना आम बात हो गई है। जाहिर है इनकी वजह से बढ़े हुए बिजली बिल उपभोक्ताओं के जेब और पर्स ही हल्का कर रही है। इसके मद्देनजर फौरी राहत के तौर पर उपभोक्ताओं के लिए पीएम सूर्य घर

मुफ्त बिजली योजना एक बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करती है इस योजना के लिए हितग्राहियों को राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा न केवल आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है बल्कि इसके जरिये उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित बिजली को बेचकर अतिरिक्त कमाई भी कर सकेगा। इस तरह प्रदेश और देश के लिए उर्जादाता भी बन सकेगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था कि हितग्राहियों को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाए। राज्य सरकार की वित्तीय सहायता केंद्रीय वित्तीय सहायता के अतिरिक्त होगी। राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त वित्तीय सहायता के पश्चात 1 किलोवाट, 2 किलोवाट तथा 3 किलोवाट और उससे अधिक क्षमता के सोलर रूफ्टॉप संयंत्र लगाने पर मिलने वाली कुल सहायता की राशि क्रमशः 45,000 रू., 90,000 रु. तथा 1,08,000 रु. हो जाएगी

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया है सुविधाजनक

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को सर्वप्रथम पीएम सूर्य घर के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पहले राज्य का चुनाव और बिजली वितरण कंपनी को चुनने के बाद अपना उपभोक्ता नम्बर और मोबाईल नंबर डालकर मेल करना होगा। इस तरह लॉगिन करने के बाद ''रूफ्टॉप सोलर पावर प्लांट'' का आवेदन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी होगी।

इसी पोर्टल में हितग्राहियों को अनुमोदन प्राप्त होगा और पंजीकृत वेंडरों के नाम भी आ जाएगें। इस प्रकार इंस्टॉलेशन पूरी होने के बाद उसी पोर्टल में पीएम सूर्य घर का विवरण भेज कर नेट मीटर के लिए आवेदन करना है। इसके साथ ही आगे का पूरा काम विद्युत वितरण कंपनी एवं वेडरों द्वारा किया जाएगा।

प्रथम पेज का शेष

फरीदाबाद से 50 किलो ...

एटीएस ने आरोपियों के पास से तीन पिस्टल, ×0 जिंदा कारतूस, चार लीटर अरंडी का तेल बरामद किया है।

खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने बिछाया जाल

प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि 'डिप्टी एसपी एल चौधरी को खुफिया सूचना मिली थी कि अहमद मोहियुद्दीन सैयद नाम का व्यक्ति जो भारत में आतंकी हमले की साजिश रच रहा है, वह अहमदाबाद पहुंचा है। सूचना के आधार पर एटीएस एसपी के सिद्धार्थ के नेतृत्व में अहमदाबाद-मेहसाणा रोड पर स्थित अदलाज टोल प्लाजा के पास एक कार से अहमद मोहियुद्दीन सैयद को पकड़ा गया। आरोपी के पास से दो ग्लोक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्टल, कई लीटर अरंडी का तेल भी बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह देश में आतंकी हमला करने की साजिश रच रहा था।

लड्डू घोटाला... तिरुपति मंदिर ...

जानकारी आरोपी अजय कुमार सुगंध की गिरफ्तारी के बाद दी, जिसने इन केमिकल्स की सप्लाई डेयरी को की थी।

सीबीआई की कार्रवाई जारी

सीबीआई ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में बताया कि यह मामला केवल धोखाधड़ी नहीं बल्कि धार्मिक आस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। एजेंसी अब यह जांच रही है कि ञ्जञ्जष्ठ के किन अधिकारियों की मिलीभगत इस पूरे घोटाले में रही।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जांच कर रही है एसआईटी

बता दें कि आंध्र प्रदेश में तिरुमला पहाड़ी पर स्थित श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू में कथित मिलावट का मामला पिछले साल सामने आया था। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रभावित पक्ष इस प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। लोकआस्था से जुड़े इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने बीते साल अक्तूबर में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़े इस मामले में राजनीतिक ड्रामा नहीं होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ एसआईटी जांच के निर्देश दिए थे।

जाली रिकॉर्ड और...

(तमिलनाडु) के जरिये नकली घी की सप्लाई जारी रखी।

जाली रिकॉर्ड और फर्जी सप्लाई का खेल सीबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तराखंड के भगवानपुर में स्थित इस डेयरी के संचालक पोमिल जैन और विपिन जैन ने नकली देशी घी यूनिट बनाई और दूध खरीद के झूठे रिकॉर्ड तैयार किए। जब 2022 में भोले बाबा डेयरी को ब्लैकलिस्ट किया गया, तब भी इन लोगों ने अन्य कंपनियों के नाम पर जैसे वैष्णवी डेयरी (तिरुपति), माल गंगा डेयरी (उत्तर प्रदेश) और एआर डेयरी फूड्स (तमिलनाडु) के जरिये नकली घी की सप्लाई जारी रखी।

उद्धव-पवार को झटका...

आवेदन आए हैं। नगर निगम चुनाव की पृष्ठभूमि में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ की अध्यक्षता में तैयारियां चल रही हैं और 227 वार्डों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। सांसद सुरेशचंद्र राजहंस ने भी कहा कि वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस इकाई ने गुरुवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी कि पार्टी ने इ'छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए और 1150 से 'यादा आवेदन प्राप्त हुए। मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ता और मीडिया समन्वयक सुरेशचंद्र राजहंस ने बताया कि मुंबई के सभी छह जिलों से इ'छुक उम्मीदवारों की ओर से तुरंत प्रतिक्रिया मिल रही है और चूंकि नगर निगम के लिए आरक्षण की घोषणा जल्द ही की जाएगी, इसलिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी जाएगी।

एसईसीआर के डिप्टीसीसीएम ...

अधिकारी ने पूछा कि कहां कंफर्टेबल होकर मिल सकते हैं।

पीड़िता का कहना है कि शिकायत दर्ज हुए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट आई है। रेलवे जोन के अधिकारियों ने कार्यवाही के बजाय फाइल को दबा दिया है।

मुख्यमंत्री साय ने स्टेट हैंगर ..

निर्भरता समाप्त होगी। इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, माना कैम्प नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के उप सचिव सूरज साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

सीएम साय इनवेस्टर कनेक्ट ...

पर्व में भाग लेंगे और केवड़िया में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन यानी 11 नवंबर को सीएम साय छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद वह मंगलवार रात को रायपुर लौट आएंगे। इससे पहले उन्होंने जापान दौरा कर विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया था।

■ न्यूज गैलरी

राज्य वीरता पुरस्कार के आवेदन 20 दिसम्बर तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस व बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 5 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जाएंगे। वीरता पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग को 20 दिसम्बर तक सीलबंद लिफाफे में मिल जाना चाहिये। लिफाफे के ऊपर राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025 अंकित कर प्रेषित किया जाए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित 21 नवंबर तक

दुर्ग। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग (शहरी) के अंतर्गत पंचशील नगर, नयापारा आंगनबाड़ी केन्द्र 1 दुर्ग में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिये आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) पांच बिल्डिंग, बाल संरक्षण गृह परिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक से कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) आवेदन जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।

विधायक ललित चंद्राकर के जन्म दिवस पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

भिलाई/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के जन्मदिन पर आज सीएम विष्णुदेव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। ललित इस समय बिहार प्रवास पर हैं। बधाई देने वालों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सांसद विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, टंक राम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, गजेन्द्र यादव, विधायकगण डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सुशांत शुक्ला आदि ।

नसबंदी के बाद दो महिलाओं की मौत

डॉक्टरों ने इंजेक्शन के रिएक्शन से मौत की आशंका जताई

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में नसबंदी कराने आईं दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाएं दो-दो बच्चों की मां थीं। एक ने सुबह ही बच्चे को जन्म दिया था। जन्म देने के कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। शुरुआती जांच में इंजेक्शन के रिएक्शन के कारण मौत की वजह मानी जा रही है। बजरंग नगर की 28 वर्षीय पूजा यादव दो बच्चों की मां थी और परिवार नियोजन के तहत उसने नसबंदी करवाने का निर्णय लिया था। शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे वह परिजनों के साथ जिला चिकित्सालय पहुंची। ऑपरेशन के बाद उसे शाम 4 बजे झटके आने लगे और कुछ ही मिनटों में उसकी मौत हो गई। सिकोला भांठा निवासी 26 वर्षीय किरण यादव ने शनिवार को सुबह सिजेरियन डिलीवरी के जरिए एक बच्चे को जन्म दिया था। शाम को उसने नसबंदी कराई और कुछ ही समय बाद उसकी भी हालत बिगडने लगी। उसने भी दम तोड़ दिया। दुर्ग जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मौत इंजेक्शन के रिएक्शन से हो सकती है।

इंजेक्शन के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। मामले की जांच की जा रही है।

भगवान झूलेलाल पर अभद्र टिप्पणी, सिंधी समाज ने किया प्रदर्शन

दुर्ग/नवप्रदेश। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। सिंधी युवा विंग ने दुर्ग कोतवाली थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सिंधी समाज के युवाओं ने कोतवाली थाना में आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने अमित बघेल मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

शिकायत में कहा गया है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे पोस्ट करने वाले रायपुर और भिलाई के युवक है। समाज के युवाओं ने पुलिस को स्क्रीन शॉट साक्ष्य के रूप में सौंपा है और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग भी की। सिंधी युवा विंग ने बताया कि दोनों युवकों द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंपे गए हैं। संगठन ने मांग करते हुए कहा है कि इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

शिकायत में कहा गया है कि भिलाई निवासी सन्नी वर्मा और रायपुर निवासी विक्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में भगवान झूलेलाल के खिलाफ अभद्र शब्दों का प्रयोग किया है। सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि सन्नी वर्मा एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का संचालक है। रायपुर निवासी विक्की सारगांव के ऑटो डील में कार्यरत है।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि रायगढ़ जिले में हाल ही में एक युवक द्वारा धार्मिक टिप्पणी करने पर जिस तरह पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की थी, वैसी ही तत्परता इस मामले में भी दिखाई जानी चाहिए। सिंधी समाज के युवाओं ने कहा कि हम सभी समाज और धर्मों का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारे आराध्यों के ऊपर इस तरह की टिप्पणी को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

लग्जरी बसों में दस्तावेज अधूरे, सुरक्षा इंतजाम भी नहीं: 35 बसों से वसूला 90 हजार जुर्माना

■ यातायात पुलिस ने स्कूल बसों की जांच भी की

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला यातायात पुलिस ने गत दिवस जिले भर में स्कूली बसों और लंबी दूरी की लग्जरी बसों की जांच की। जांच में बसों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। ज्यादातर बसों में न तो इमरजेंसी गेट मिले और न ही फायर सेफ्टी इक्विपमेंट पाए गए। अलग-अलग टीमों ने जिले के प्रमुख मार्गों और बस स्टैंडों पर पहुंचकर वाहनों के सुरक्षा मानकों, दस्तावेजों और व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। इस दौरान ज्यादातर बसों में नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के दौरान बसों में फिटनेस सर्टिफिकेट, वैध परमिट, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन निकास द्वार और चालक की अनुशासनात्मक स्थिति की विस्तार से जांच की गई।

ओवरलोडिंग और अनधिकृत सवारियों पर विशेष नजर रखी गई। ट्रैवलिंग बसों पर खास नजर रखी जा रही है। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी भी जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, उनके विरुद्ध त्वरित चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत कुल 35 बसों के चालान काटे गए और उनसे 90,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। आवश्यक दस्तावेज अधूरे होने और फायर सेफ्टी उपकरण न होने या ओवरलोडिंग के कारण जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान स्कूली बसों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं मिले। पुलिस ने ड्राइवरों के साथ-साथ स्कूल संचालकों को भी बसों की सुरक्षा बेहतर करने के निर्देश दिए। बसों में महिला केयर टेकर रखने की सलाह दी गई। बस ड्राइवरों को नशे की हालत में वाहन न चलाने की भी चेतावनी दी गई। पुलिस ने ड्राइवरों के साथ-साथ स्कूल संचालकों को भी बसों की सुरक्षा बेहतर करने के निर्देश दिए।

मेडिकल कॉलेज की निर्माणाधीन बिल्डिंग की सेंटरिंग गिरने से 9 मजदूर घायल, 2 गंभीर

■ ढलाई के दौरान हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

भिलाई/नवप्रदेश। जुनवानी में अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सामने बन रही बिल्डिंग की ढलाई के दौरान पूरा सेंटरिंग अचानक गिर गया। हादसे के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। इसमें 9 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। सभी घायलों का इलाज इसी अस्पताल में किया जा रहा है। रविवार को दोपहर 1 बजे बिल्डिंग के दूसरी मंजिल की ढलाई के समय हादसा हुआ। कुछ मजदूर दूसरे राज्यों से आए थे। सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव ने बताया कि जुनवानी में अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की पुरानी बिल्डिंग के सामने नई बिल्डिंग का निर्माण काम चल रहा था। दोपहर के समय ढलाई करते समय निर्माणाधीन बिल्डिंग की सेंटरिंग अचानक गिर गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर घायल हो गए। हादसे की जांच जारी है।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने चेम्बर पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंड्रस्टीज दुर्ग इकाई का शपथ ग्रहण समारोह गत दिवस दुर्ग में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने छग चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज दुर्ग इकाई के अध्यक्ष अनूप गटागट व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. रमन ने कहा कि चेम्बर सरकार और व्यापारियों के बीच पुल का कार्य करने वाला मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024 में उद्योग की बेहतर नीति बनाई है। सरकार की नई उद्योग नीति का लाभ यहाँ के व्यापारियों के साथ प्रदेश की जनता को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय प्रदेश का 8 से 9 लाख करोड़ का बजट आज 160 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ की बढ़ती इकॉनामिक ग्रोथ यहां हुए विकास को प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने छ.ग. में एम्स, टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके खुलने से देश में प्रदेश की पहचान बनी है। छग देश की अर्थव्यवस्था में छुपा रुस्तम राज्य है। बहुत जल्द छ.ग. आर्थिक रूप से देश का दूसरा व तीसरा राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार की नीति और नीयत ठीक रहे तो प्रदेश की विकास में कामयाबी मिलेगी। प्रदेश सरकार अपनी आर्थिक नीति के बल पर मोदी की गारंटी को पूरा करने में सफल हुई है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि इस बार व्यापारियों ने सर्वसहमति से पदाधिकारियों का चयन किया है। जय व्यवहार जय व्यापार में जिनका व्यवहार अच्छा रहता है, वह सफल व्यापारी होता है। पीडीएस प्रणाली, किसानों के खाते में राशि हस्तांतरण छग सरकार की देन है। व्यापार, सहकार और शासन तीनों के समानता से कुशल व्यापार का संचालन होता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय चेम्बर ऑफ कॉमर्स के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यादव ने नए पदाधिकारियों को सेवा भाव से आगे भी कार्य करने के लिये शुभकामनाएं दी। समारोह को चेम्बर के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में चेंम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

एसएमएस 2 में बड़ी उपलब्धि : वेसल परिवर्तन कर सफलतापूर्वक दोबारा चालू किया कन्वर्टर

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप 2 में कन्वर्टर के वेसल परिवर्तन कार्य को पूर्ण कर सफलतापूर्वक दोबारा चालू करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई। यह कार्य 5 सितम्बर को शुरू किया गया था और 8 नवम्बर को पूर्ण किया गया। एसएमएस समूह के लिए यह उल्लेखनीय तकनीकी माइलस्टोन सिद्ध हुआ है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य उत्सर्जन नियंत्रण, परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उत्पादन प्रक्रिया की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ बनाना था। यह परियोजना तकनीकी दृष्टि से अत्यंत जटिल व चुनौतीपूर्ण रही। कन्वर्टर और कन्वर्टर में नियमित उत्पादन कार्यों के साथ चौबीसों घंटे चलने वाली गतिविधियों के बीच सूक्ष्म समन्वय आवश्यक था।

मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस सुशांत कुमार घोषाल के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएँ उन्मेष भरद्वाज के सतत सहयोग और पर्यवेक्षण में यह जटिल कार्य सुरक्षित तरीके से दक्षतापूर्वक पूरा किया गया। परियोजना का क्रियान्वयन एसपीआई और मेकॉन कंसोर्टियम द्वारा परियोजनाएँ एसईडीए इंस्ट्रूमेंटेशन और एएंडडी विभागों के समन्वय में किया गया। इन विभागों के समर्पण और योजना ने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि में महाप्रबंधक सीएस इलेक्ट्रिकल जैकब टी सिजॉय महाप्रबंधक सीएस मैकेनिकल के राजकुमार, महाप्रबंधक सीएस ऑपरेशन जी रविकांत महाप्रबंधक सीएस ऑपरेशन निकुंज सिंघल महाप्रबंधक, सीएस मैकेनिकल एसके मलिक महाप्रबंधक सीएस इलेक्ट्रिकल आईबी मिश्रा महाप्रबंधक सीएसऑपरेशन महेन्द्र सिंह उप महाप्रबंधक सीएस ऑपरेशन एसके महापात्रा महाप्रबंधक परियोजनाएँ जेरी निनान और उप महाप्रबंधक परियोजनाएँ एसएस शाक्य का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार कार्यपालक निदेशक परियोजनाएँ पीके सरकार मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सीईटी प्रणय कुमार मुख्य महाप्रबंधक यांत्रिकी प्रमोद कुमार मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस त्रिभुवन बैठा मुख्य महाप्रबंधक एमआरडी सुशील कुमार सहित विभिन्न संयंत्रों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस जटिल तकनीकी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए एसएमएस 2 समूह और सहयोगी विभागों के सामूहिक प्रयासों के लिए बधाईयां दी।

ट्रक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। धमधा रोड पर धमधा नाका बोगदा पुलिया के आगे शनिवार को दोपहर 3 बजे दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन सहित फरार हो गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक का नाम नबा बाय बताया गया है।

तुलाराम स्कूल के पास आर्य नगर निवासी नबा बाय के पुत्र ने बताया कि उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों की मदद से घायल पिता को जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

मृतक के पुत्र ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

आईआईटी के सहयोग से रुंगटा इंस्टीट्यूट में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

भिलाई/नवप्रदेश। रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट ने संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन डेंटल ऑडिटोरियम, भिलाई में किया। कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश मुख्य अतिथि व विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मौजूद थे। प्रो. प्रकाश ने आज की शिक्षा और शोध प्रणाली में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया।

प्रो. प्रकाश ने छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के उपयोग, पारंपरिक उपचार प्रणालियों में उनके योगदान और सतत स्वास्थ्य देखभाल में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय सभ्यता में मानव संबंधों और सामाजिक बंधनों के महत्व पर भी बल दिया, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की, जिसमें समग्र शिक्षा, कौशल विकास, और मूल्य-आधारित शिक्षा को एकीकृत करने के उद्देश्यों को रेखांकित किया गया।

इससे पहले डॉ. साकेत रुंगटा, निदेशक, एसआरजीआई ने स्वागत भाषण देते हुए ऐसे एफडीपी कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक शिक्षा से जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रो. राजीव प्रकाश को इस महत्वपूर्ण विषय पर फैकल्टी का मार्गदर्शन करने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई और एसआरजीआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करना, शोध साझेदारी को बढ़ावा देना और छात्रों व फैकल्टी के लिए नवाचार-आधारित शिक्षण अवसरों को प्रोत्साहित करना था।

समापन सत्र में डॉ. श्रीकांत बुर्जे, निदेशक (शैक्षणिक), एसआरजीआई ने प्रो. राजीव प्रकाश को आभार स्वरूप एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. तृप्ती अग्रवाल, जैन मैडम प्राचार्य, आरसीएसटी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। उन्होंने आयोजन समिति, प्रबंधन और प्रतिभागियों के सामूहिक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

एसआरजीआई के चेयरमैन ने आयोजन समिति को बधाई दी और संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और फैकल्टी विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भिलाई जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ सहयोग को निरंतर मजबूत किया जाता रहेगा। एफडीपी में एसआरजीआई के विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्यों की भागीदारी रही।

आयोजन.. प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को मिली ट्रेनिंग

रूंगटा यूनिवर्सिटी में एआईसीटीई की दो दिवसीय कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता विषयक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के शिक्षा अधिकारियों के साथ ही डीआईईटी सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला का आयोजन स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल (एमआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप जिले स्तरीय अधिकारियों के नवाचार, रचनात्मकता, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता क्षमताओं को विकासित करना है। यह बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। 30 अक्टूबर को एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. सिथाराम टी.जी., स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अतिरिक्त सचिव धीरज साहू और एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जिरे द्वारा देश के 25 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यशाला का संयुक्त उद्घाटन किया गया।

राज्य स्तरीय उद्घाटन रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी के नेतृत्व में विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य इसमें शामिल हुए। मुख्य अतिथि पीएमश्री स्कूल समग्र शिक्षा, रायपुर के नोडल अधिकारी अजय देशपांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम के सहायक समन्वयक आशीष गौतम, एआईसीटीई नवाचार सेल के क्षेत्रीय समन्वयक आशीष त्रिपाठी और सॉफ्टवेयर डेवलपर सागर हरिरामानी, रूंगटा बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ जी. वेणुगोपाल, अमिटी यूनिवर्सिटी के निदेशक डॉ. सत्येंद्र पटनायक व वाधवानी फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर डॉ. अरविंद देशमुख कार्यक्रम में मौजूद रहे।

75 अधिकारी हुए शामिल

कार्यशाला में 75 अधिकारी शामिल हुए, जिसमें शिक्षा अधिकारी, डीआईईटी प्राचार्य, एससीईआरटी सदस्य और पीएमश्री के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर समूह कार्य, केस स्टडी, और नवाचार गतिविधियों में सहभागिता की। प्रतिभागियों ने रूंगटा यूनिवर्सिटी की अत्याधुनिक सुविधाओं का भी भ्रमण किया, जिनमें इन्क्यूबेशन सेंटर, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाएं, ड्रोन लैब, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट लैब एवं केंद्रीय उपकरण सुविधा शामिल रहे। मुख्य अतिथि अजय देशपांडे ने नवाचार की परिभाषा दी और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पीएमश्री स्कूलों में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. राम कृष्ण राठौर आयोजन समन्वयक, उप रजिस्ट्रार और डीन आरएंडडी, रूंगटा यूनिवर्सिटी ने आभार व्यक्त किया।

स्टील सिटी में अवैध बैनर, पोस्टर नहीं लगेंगे : सांसद, विधायकों और महापौर ने दी सहमति

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील सिटी भिलाई को इंदौर की तरह सुंदर स्वच्छ बनाने की दिशा में महापौर नीरज पाल और वैशाली नगर विधायक की अध्यक्षता में निगम में बैठक आयोजित की गई जिसमें तय किया गया कि अब शहर में कहीं भी अवैध बैनर, पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे। इन बैनर-पोस्टर के कारण शहर की सुंदर खराब होती है। इस मुद्दे पर नगर निगम में पहले भी चर्चा के बाद निर्णय लिया जा चुका है। इसके बावजूद शहर में अभी भी बैनर-पोस्टरों की भरमार है। बिजली पोल से लेकर अलग-अलग स्थानों पर बैनर, पोस्टर भरे पड़े हैं। इस विषय को लेकर बैठक में विधायक रिकेश, महापौर नीरज ने निगम अफसरों को कार्रवाई करने कहा। महापौर ने बताया कि उन्होंने सांसद विजय बघेल और विधायक देवेंद्र यादव से भी इस विषय पर चर्चा की है। उन्होंने भी सहमति दे दी है। जन्मदिन या अन्य विशेष मौके पर सभी नेतागण ऐसा विज्ञापन न लगवाएंगे और न समर्थकों को लगाने देंगे। सभी नेता अपने समर्थकों को इस तरह के विज्ञापन लगाने से मना करेंगे। जरूरी होने पर विधिवत निगम के वैध यूनीपोल पर ही विज्ञापन लगाएंगे। बैठक में निगम आयुक्त राजीव पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक रिकेश सेन ने बैठक में कहा कि शहर के विकास के लिए जो भी जरूरी कार्य है, उसका प्रस्ताव बनाकर तत्काल शासन को भेजे। शहर के विकास को एक नई दिशा देने के लिये कार्य किया जाना जरूरी है। निगम मुख्यालय का नया भवन बनाने के लिये भी सीएम विष्णुदेव साय ने स्वीकृति दे दी है।

कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए नपा अध्यक्ष निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सिरपुर व बंदोरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिलकांत साहू शामिल हुए। श्री साहू का दोनों ग्रामों में भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल माला व स्मृति चिन्ह प्रदान कर नपाध्यक्ष का अभिवादन किया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि सिरपुर अंचल कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन कराने में अग्रणी है। क्षेत्र में प्रतिवर्ष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन कराया जाता है जिससे अंचल के युवा प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का एक बेहतर मंच मिल रहा है। उन्होंने युवाओं को टीम भावना से खेलते हुए बेहतर खिलाड़ी होने का परिचय देने आव्हान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा गाँव के बुजुर्गों के आशीर्वाद व

मार्गदर्शन से जो आयोजन कराए जा रहे हैं, वह सराहनीय है। स्थानीय खेलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण युवा खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिरपुर के कार्यक्रम में निहाल सोनकर, राजेश ठाकुर, गजाधर धीवर, कामदेव ध्रुव, संतोष पुरी, झुमुक श्रीवास्तव, जयदित्य ठाकुर, कुणाल चंद्राकर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार बंदोरा के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ लोध युकां विस अध्यक्ष, शाहबाज राजवानी एनएसयूआई अध्यक्ष, रत्नेश साहू कांग्रेस नेता, जगन्नाथ खैरवार जपं सदस्य, सनद ध्रुव, शंकर पटेल अध्यक्ष युवा समिति, मानसिंग ध्रुव उपाध्यक्ष, धनीराम ध्रुव सचिव, जीवन यादव, ओमप्रकाश यादव, लोमन सिंह, गणेश बरिया, संतोष पटेल पूर्व सरपंच, रीना जैनसिंह कागजी सरपंच बंदोरा व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

डीजे डांस प्रतियोगिता का जिला पंचायत वन सभापति ने किया शुभारंभ

■ डीजे डांस स्पर्धा में नित्या डांस ग्रुप भिलाई ने बाजीमारी

छुरा/नवप्रदेश। ग्राम गिधनी में प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन शुभ अवसर पर रात्रिकालीन नाचबो अऊ नचाबो डीजे डांस सांस्कृतिक प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, अध्यक्षता कर रहे छत्तरसिंह ठाकुर विशेष अतिथि सुखबती टाण्डे जनपद सदस्य,डेमेश्वर दीवान सरपंच,विशिष्ट अतिथि बिशाखा ठाकुर उपसरपंच,मंजू ठाकुर पंच,उमान ठाकुर,ओंकार सेन,रेवा ठाकुर,शीतल ध्रुव, उपसरपंच संघ अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे, लक्ष्मण वर्मा,पुनितराम ठाकुर,संतराम ठाकुर सहित मंच पर मंचसीन रहे।मंच पर सभी आमंत्रित अतिथियों का पीला चावल व बैंच

लगाकर स्वागत सम्मान समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबंधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा प्रतिभागियों की कला का सराहना करते हुए कहा कि डांस करने वाले कलाकारों का अपनी कला को दिखाने का सर्वोत्तम मंच डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन है,जिसमें डांस दिखाने का अवसर मिलता है। सामूहिक,एकल,युगल नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति देकर स्थान अर्जित करते हैं,वास्तविक में इन कलाकारों का सर्वश्रेष्ठ ईनाम दर्शक दीर्घा द्वारा मिले उत्साहवर्धन तालियों की गड़गड़ाहट है जो कलाकारों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहित करती है।इस भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता में कुल 35 टीमों ने भाग लेकर अपनी अपनी कला की प्रस्तुति दी गई।जिसमें सामूहिक डांस ग्रुप में प्रथम स्थान नित्या डांस ग्रुप भिलाई ने 10000 रूपए नवयुवक सीमित ग्राम गिधनी के द्वारा प्राप्त किया।द्वितीय पुरस्कार हीरामन ठाकुर,उमेश चन्द्राकर एवं महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा 7001 रुपए माता के महिमा डांस ग्रुप राजनांदगांव को मिला।तृतीय स्थान पुष्पांजली डांस ग्रुप आमानारा,कातुक ठाकुर के द्वारा 5001 रुपए के द्वारा प्रदान किया गया।चतुर्थ स्थान जय मां दंतेश्वरी डांस ग्रुप बस्तर,अनुज ठाकुर (शिक्षक) के द्वारा 2001 प्रदान किया।इसी तरह युगल डांस ग्रुप में प्रथम स्थान साधना सरगम डांस ग्रुप जांजगीर चांपा महेश यादव के द्वारा 5001 रुपए दिया गया। द्वितीय पुरस्कार सिया के डांस ग्रुप कनेकेरा महासमुंद, बिशाखा ठाकुर उपसरपंच के द्वारा 3001 रूपए प्रदान की गई।तृतीय स्थान चुरकी मुरकी डांस ग्रुप पिथौरा महासमुंद,को 2001 रुपए हर्षद ठाकुर ने प्रदान किया। चतुर्थ स्थान मानिक हीरा डांस ग्रुप सुनसुनिया बागबाहरा को 1001 रुपए वेदराम ठाकुर ग्राम पटेल ने दिया।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में अतिथि बनी अंगिरा

धमतरी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात एदिवसीय शिविर का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाजसेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का मजबूत माध्यम है। युवा पीढ़ी देश के विकास की असली नींव है। इस कार्यक्रम में दिनेश्वरी साहू जनपद सदस्य , पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू , सरपंच अनीता साहू देवेंद्र साहू , राहुल नेताम प्राचार्य कंडेल और सभी पांच गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

कृषक मित्रों का किया जा रहा है भुगतान

महासमुंद/नवप्रदेश। कृषक मित्रों के मानदेय भुगतान के संबंध में उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने बताया कि कृषक मित्रों की कार्य अवधि निर्धारण के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष में ग्राम सभा के माध्यम से उनकी कार्य अवधि बढ़ाई जाती है अथवा ग्राम सभा द्वारा नवीन कृषक मित्र का चयन कर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को प्रेषित किया जाता है। तत्पश्चात उप संचालक कृषि के माध्यम से यह प्रस्ताव आत्मा गवर्निंग बोर्ड के अनुमोदन उपरांत स्वीकृत होता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2025 तक की अवधि के लिए कृषक मित्रों का मानदेय पूर्ण रूप से भुगतान किया जा चुका है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन कृषक मित्रों का अनुमोदन जुलाई 2025 में हुआ है एवं जिनसे मासिक कार्य विवरण प्राप्त हो चुका है, उनके मानदेय भुगतान की प्रक्रिया जारी है। कृषि विभाग ने अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संबंधित कृषि कार्यालय से सत्यापित जानकारी प्राप्त करें एवं किसी तरह के भ्रामक व तथ्यहीन जानकारी पर ध्यान न देवें।

मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

अरौद के आश्रित ग्राम में धान खरीदी की होगी जल्द वैकल्पिक व्यवस्था

किसानों की मांग पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने की पहल

धमतरी/नवप्रदेश। आगामी 15 नवंबर से प्रदेश सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ की जानी है। इसी के मद्देनज़र धमतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरौद (डू) के किसान आज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू के निज निवास पहुंचे। किसानों ने इस अवसर पर अपने क्षेत्र में धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग रखी। किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत अरौद (डू) के अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम - पटौद, बरबांधा, सिलतरा, कलारबाहरा, पाहारियाकोन्हा, पटेलगुड़ा, किशनपुरी, उरपुटी, कान्दरी वर्तमान में धान उपार्जन

केंद्र बारगरी (सहकारी समिति क्रमांक 1123, मोंगरागहन) से जुड़े हुए हैं। यह केंद्र इन ग्रामों से लगभग 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। किसानों ने बताया कि इतनी दूरी तय कर धान बेचने जाना उनके लिए आर्थिक रूप से कठिन है, साथ ही परिवहन खर्च, समय की बर्बादी और बार-बार आने-जाने की समस्या से भी उन्हें जूझना पड़ता है। इस कारण उन्होंने ग्राम पंचायत अरौद डू के आश्रित ग्राम पाहारियाकोन्हा पटेलगुड़ा में एक वैकल्पिक धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग रखी। किसानों की भावनाओं और कठिनाइयों को समझते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने तुरंत ही सहकारिता विभाग के मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर इस विषय को उनके संज्ञान में लाया, उन्होंने किसानों की मांग को शीघ्र ही पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए धान खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वासन दिए। किसानों ने रंजना साहू के इस संवेदनशील और त्वरित पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की। किसानों ने कहा कि रंजना साहू हमेशा किसानों, ग्रामीणों और आम जनता के हितों की आवाज़ बनकर उनके बीच खड़ी रहती हैं। इस अवसर पर रंजना साहू ने कहा कि किसानों की सुविधा और हित हमारे लिए सर्वोपरि है। धान उपार्जन के समय किसी भी किसान को कठिनाई न हो, यह हमारी प्राथमिकता है। किसानों की हर उचित मांग को सरकार तक पहुँचाना और उसका समाधान कराना मेरा दायित्व है। उनकी इस पहल से क्षेत्र के किसानों में हर्ष का माहौल है। किसानों को धान खरीदी प्रारंभ होने के पुर्व ही शीघ्र ही पाहारियाकोन्हा पटेलगुड़ा में वैकल्पिक धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था शुरू होगी, जिससे क्षेत्र के सभी किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

महाविद्यालय में वंदेमातरम गीत की मनाई गई वर्षगांठ

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वंदेमातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि आज हम यहां अपने देश के प्रति सम्मान और समर्पण व्यक्त करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होनें सभी से वंदे मातरम् गीत गाकर अपने देश के प्रति अपनी भावना व्यक्त करने और और अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि वंदे मातरम् के इस सामूहिक गान का यह अद्भुत अनुभव वाकई अभिव्यक्ति से परे है। इतनी सारी आवाजों में लय, स्वर, भाव, रोमांच, प्रवाह से तरंग सा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् मां भारती की आराधना है, हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता है। सभी उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने वंदेमातरम् गीत का गायन किया।

कार्यक्रम में देवीचंद राठी, रमेश साहू, पवन पटेल, शरद मराठा, राजू चंद्राकर, डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, दिलीप लहरे, राजेश्वरी सोनी, डॉ अजय कुमार देवांगन, आशुतोष पुरी गोस्वामी, कपिल पेंदरिया, मुकेश पेंदरिया, प्रकाशमणि साहू, अरविंद प्रहरे, अंकिता साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त अजय कुमार राजा ने किया।

केंद्रीय अनुसंधान दल ने समाजजनों से चर्चा की

■ छुरा विकास खंड के विभिन्न ग्रामों में भोरथिया जाति वर्ग की ली जानकारी

छुरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय भोरथीया यादव समाज छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर को यादव समाज के उपवर्ग भोरतिया और भोरथिया जाती को पिछड़ा वर्ग की सूची में जोड़ने व केंद्रीय सूची में समावेशन कराने की मांग विगत 13 वर्ष की गई थी।समाज के मांग को छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 14 वें अनुसूची में लिया लेकिन केंद्रीय सूची में समावेशन नहीं हुआ था।

जिसके कारण समाज के युवा वर्ग को केंद्र से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा था।भोरथिया समाज केद्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग को आवेदन किया गया तत्पश्चात आयोग द्वारा क्षेत्र अध्ययन /अनुसंधान कार्य के लिए अध्ययन दल भेजा गया ।

केंद्रीय सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डीकटे के नेतृत्व में अध्ययन दल 06 व 07 नवंबर 2025 को गरियाबंद एवं धमतरी जिले के विभिन्न विकास खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास पर रहे।

इस दौरान गरियाबंद जिले के राजिम कोपरा, लोहरसी,रवेली, फुलझर , जमाहि, रानीपरतेवा,छुरा, मैनपुर, गरियाबंद, का दौरा कर भोरथिया जाति के लोगो से मिले एवं जातिगत चर्चा कर जानकारी हासिल किए।इस दौरान अध्ययन/अनुसंधान दल के साथ अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ भोरथीया यादव समाज के अध्यक्ष हिरासिंग यादव,पूर्व अध्यक्ष द्वय अमरीश लाल यादव व शिव शंकर यादव, सोमन यादव,संतोष (तेजस्वी) यादव, रामाधार यादव, अशोक यादव, हरीश यादव हेमंत यादव, पुरुषोत्तम दिलीप, कृष्ण कुमार यादव सहित जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। क्षेत्र के सभी ग्रामों में सफल संचालन के लिए अध्यक्ष हिरासिंग यादव ने सभी सहयोगी समाज प्रमुख ,सदस्यों एवं अधिकारी ,कर्मचारियों का आभार प्रकट किए।

सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन और अभिभावकों की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित नगर के एकमात्र संस्कारमय वातावरण से युक्त सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद में 08नव. (दिन -शनिवार) को कक्षा प्रथम से पंचम तक के अभिभावकों का बैठक आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आनंद कुमार यदु जी (संकुल प्रभारी डूमर बाहरा), विशिष्ट अतिथि टेक राम नायक जी (शिक्षक), मानिक राम साहू जी (रायपुर, राजिम विभाग प्रमुख) , अध्यक्षता लोकनाथ साहू

(अधिवक्ताता) ,सत्य प्रकाश मानिकपुरी जी (व्यवस्थापक) और चैन सिंह बघेल जी (प्राचार्य) उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन गोविंद किशोर सिन्हा जी ने किया। प्राचार्य जी द्वारा इस सम्मेलन का उद्देश्य पर प्रकाश डाला। पालकों द्वारा भैया /बहनों के समय पर विद्यालय आगमन और अवकाश होने पर पालकों का हस्ताक्षर अनिवार्य हो। विद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी, तथा मूल्यांकन परीक्षा की जानकारी होनी चाहिए। , बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक ,शिक्षक और आचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विद्यालय में पढ़ाई के अलावा बच्चों में राष्ट्र प्रेम, सांस्कृतिक बोध तथा अध्यात्मिक ज्ञान का भाव जागृत किया जाता है। इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पालकों से चर्चा किया गया। सत्य प्रकाश मानिकपुरी जी द्वारा भैया /बहनों में भावनात्मक विकास हो, तथा उनकी दिनचर्या पर अभिभावक को विशेष ध्यान देना चाहिए , क्योंकि बच्चों के विकास से परिवार, समाज व देश का विकास होता है?। लोकनाथ साहू जी द्वारा बच्चों में पढ़ाई के अलावा संस्कार होना चाहिए उनके माता-पिता ही प्रथम गुरु होते है?।

सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। संत शिरोमणि सुदर्शन महाराज की जयंती पर सुदर्शन वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों का भी प्रमाण पत्र और फूल मालाओं से सम्मान किया गया। समाज की महिलाओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि सफाईकर्मी समाज वास्तविक योद्धा है। कोरोना महामारी के कठिन समय में वाल्मीकि समाज ने अपनी जान जोखिम में डालकर जनसेवा की, जिसका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपये की घोषणा की। सांसद प्रतिनिधि व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने बताया कि सांसद संतोष पांडे ने समाज के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं, जिसमें 5 लाख रुपये सीढ़ी और मंच निर्माण व 5 लाख रुपये पुलिया निर्माण के लिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने विधायक तथा सांसद का आभार व्यक्त किया।

संगीतमय भागवत...

जब तक शरीर में चेतना है, तब तक भगवान के रस का पान करते रहो

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर, भक्तिरस से सराबोर हुआ नगर

गोबरा (धमधा)/नवप्रदेश। गोबरा (धमधा) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह कथा 3 नवंबर से प्रारंभ होकर 11 नवंबर तक चल रही है। कथा व्यास पंडित मनोज शर्मा हैं, जिन्होंने अपने मधुर वाणी और गूढ़ आध्यात्मिक व्याख्या से श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया है।

कार्यक्रम का आयोजन स्व. कांति बाई की पावन स्मृति में समस्त अठनगरिया परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजक मर्जी राम साहू, डोमार साहू, भुवनेश्वर साहू, बिसेराम

साहू, तुलाराम साहू एवं समस्त अठनगरिया परिवार ने बताया कि कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु संगीत मय भागवत रसपान के लिए पहुंच रहे हैं। पं. शर्मा जी ने प्रथम दिवस की कथा में राजा परीक्षित एवं श्रृंगी ऋषि के श्राप प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब तक्षक सर्प के दंश से मृत्यु का समाचार सुनकर भी राजा परीक्षित ने भगवत चिंतन को अपनाया, तब उन्हें भगवत कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा - भागवत कथा का मूल उद्देश्य है - 'पिबत भागवतं समालयम', अर्थात जब तक शरीर में चेतना है, तब तक भगवान के रस का पान करते रहो।

पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन जीने की सच्ची कला सिखाती है।

प्रह्लाद चरित्र के माध्यम से पं. शर्मा ने समझाया कि हरि सर्वभूतेषु - अर्थात् जहां भक्तिभाव है, वहीं भगवान का दर्शन होता है। अहंकारी मनुष्य स्वयं को ईश्वर समझता है, इसलिए उसे ईश्वर का अनुभव नहीं होता। समुद्र मंथन प्रसंग में उन्होंने कहा – भक्ति रूपी अमृत पाने के प्रयास में कभी-कभी मन रूपी मंदराचल धंसने लगता है, तब भगवान ही कच्छप रूप में आधार देते हैं। उन्होंने भगवान शिव के विषपान को संताप रूपी विष को पीने वाला ही शिव होता है कहकर समाज में सहनशीलता का संदेश दिया। वामन अवतार कथा में पं. शर्मा ने कहा कि जब मनुष्य में अहंकार जगता है तो ईश्वर सबल हो जाते हैं, और जब मन में सत्य, प्रेम, भक्ति, करुणा का भाव जगता है, तब वही ईश्वर बाल रूप में प्रकट होकर आनंद प्रदान करते हैं।

पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन धारण एवं चीरहरण लीला का मनोहारी वर्णन हुआ। उन्होंने कहा कि लोकवत्तु लीला कैवल्यम् – भगवान की प्रत्येक लीला लोक कल्याण के लिए होती है। आगामी दिनों में सोमवार को सुदामा चरित्र तथा मंगलवार को गीता, हवन, तुलसी वर्षा, महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

'सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन' फेस 3.0 पर हुई कार्यशाला

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला शनिवार को आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राज्य एनएसएस अधिकारी छग शासन उच्च शिक्षा विभाग डॉ. नीता वाजपेयी रहीं। मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी छग यूनिसेफ, अध्यक्षता प्राचार्य करुणा दुबे, संयोजक डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद मंचस्थ रहे। कार्यशाला का विषय सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 रहा।

डॉ. मालती तिवारी ने कहा कि यूनिसेफ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में विगत वर्षों से बाल अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं पोषण पर कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि हम ग्रामों में बच्चों व समाज के मध्य जाकर बाल अधिकार एवं संरक्षण का जागरूकता अभियान फैलाना है। कार्यशाला में रायपुर संभाग के महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, धमतरी जिले के 100 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित रहे।

न्यूज गैलरी

थाना प्रभारी दीपेश ने संभाला पदभार

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। थाना कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में नए थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर थाना स्टाफ ने उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थाना परिसर में प्रधान आरक्षक राज कुमार सेन का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थाना प्रभारी सैनी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ÷ऐसे अवसर टीम भावना को मजबूत करते हैं और पुलिस परिवार में एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और जनता के प्रति उत्तरदायी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सैनी ने कहा, ÷मेरा स्टाफ मेरा परिवार है। हम सभी मिलकर एक टीम की तरह कार्य करेंगे और एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होकर हौसला बढ़ाते रहेंगे।

शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में बीएलए गठन को लेकर चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शहर के प्रत्येक बूथ पर बीएलए का गठन किए जाने हेतु बैठक आहूत की गई। कार्यक्रम में उपस्थितगण थानेश्वर साहू, दिलीप बंजारा, उर्मिला यादव, सागर सोलंकी, जय सोनी, नारद देवांगन, आरिफ खोखर, नीरज यादव, जलेश यादव, संजय चंदेल, रवि कोसले, दिलीप सोनी, कुलदीप पाटले, संजय सिंह, अजय साहू, श्री निवास, भूपेंद्र साहू, प्रतीक ताम्रकार, बसीर खान, विष्णु खांडे, रमेश देवांगन, अजय आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जर्जर सड़कों की मरम्मत शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के जर्जर सड़कों की सुध ली जा रही है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देश पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग मुंगेली संभाग द्वारा शहर के पड़ाव चौक से लोरमी रोड बायपास मार्ग पर बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यपालन अभियंता एसके सतपथी ने बताया कि डब्ल्यू.एम.एम. मोटाई, बी.एम. 50 एम.एम. मोटाई एवं एम.एस.एम. 20 एम.एम. मोटाई के साथ सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में इस मार्ग का स्थायी सुधार कार्य प्रस्तावित है। सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों से अपील की है, कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें ताकि कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके और आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।

दीपावली के बाद किसानों ने तेज की फसल कटाई, हरूना धान की मिसाई जोरों पर

मजदूरों की कमी से किसान परेशान, हार्वेस्टर और परिवार के सहारे कटाई में जुटे

मुंगेली/नवप्रदेश। दीपावली एवं एकादशी त्यौहार होते ही किसान फसल कटाई में जुट गए है। धान कटाई एवं मिसाई के लिए मजदूर एवं बारदाने आदि की व्यवस्था की जा रही है। जल्द पकने वाला हरूना धान काफी पहले से पककर तैयार हो गया है। जिसे किसान मजदूरों एवं घर परिवार के साथ मिसाई में जुटे हुए है। कुछ गांवों में अभी से धान कटाई है और लिये मजदूर नहीं मिलने की बाते भी सामने आ रहा है।

मौसम ने भी अब किसानों का साथ दिया। कई दिनों से धूप खिल रही है। ऐसे में खेतों में भरा पानी सूख गया और नमी गायब हो गई। समय और परिस्थिति धान की कटाई के लिए अनुकूल माना जा रहा है। बोरो का बाजार सजने लगा है, औने-पौने दामों में इन बोरो की खरीदारी किसानों द्वारा की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी और 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सरकार 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। जिले में अधिकांश किस्म का धान खेतों में पककर तैयार हो चुका है। जिले के कुछ क्षेत्रों में धान कटाई शुरू हो चुकी है। किसान अपने परिवार सहित धान कटाई करने में अपने खेतों की ओर रूख कर रहे है। 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ उपार्जन केन्द्रों में बंपर आवक होगी। साधन संपन्न सक्षम किसान खेतों से पानी

सूखने के बाद अब हार्वेस्टर से धान कटाई की मानसिकता बना रहे है। धान रखने के लिए बारदाना की व्यवस्था में किसान जुटे हुए है। बाजार में बारदाने की पूछ-परख बढ़ गई है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बोरे औने-पौने दाम मे बेचे जा रहे है जरूरत मंद किसान मजबुरी वश बेभाव बोरो को खरीद रहे है, जिला मुख्यालय के आसपास गांव के अलावा अंदरूनी इलाकों में अब धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे है। किसान मजदूर नहीं मिलने से पूरे परिवार के लोग खेत पर पहुँचकर धान कटाई कर रहे है वहीं समृद्ध किसान हार्वेस्टर के माध्यम से धान कटाई की तैयारी में जुट गए है। कम रकबा वाले किसान मजदूर नहीं मिलने से स्वयं धान काटने के लिए मजबूर है। गांव का युवा वर्ग तो धान काटने के लिए सामने नहीं आते है, केवल महिलाएं एवं अधेड़ ही लोग धान काटने के लिए खेतों में पहुँच रहे है। ग्रामीण क्षेत्र का युवा वर्ग खेती काम से दूर होता जा रहा है, मोबाईल की दुनिया ने उनको खेती किसानी कार्य से दूर कर दिया है। खेती किसानी का काम करना अब लगातार मंहगा साबित होते जा रहा है। क्षेत्र में लगी सरना धान की फसल अभी लेट है।

विभिन्न नदी-नालों पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य प्रगति पर

पुल निर्माण से सुदृढ़ होगी आवागमन सुविधा संपर्क सड़कों से जुड़ेंगे सीधे ग्रामीण अंचल

बलरामपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग (सेतु संभाग) अंबिकापुर के अंतर्गत जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में विभिन्न नदी-नालों पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत कई महत्वपूर्ण पुलों तथा उनसे जुड़े पहुँच मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी कि रामचन्द्रपुर-धौली-बालचौरा (अनिरुद्धपुर-गायघाट) मार्ग में स्थित कन्हर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण प्रगति पर है। पुल की कुल लंबाई 312 मीटर है। इस पुल के पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के 9 ग्राम सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे, जिनकी जनसंख्या लगभग 20,130 है। जिन्हें आवागमन की सुगम सुविधा प्राप्त होगी। पुल निर्माण कार्य के साथ-साथ पहुँच मार्ग का निर्माण भी समानांतर रूप से किया जा रहा है। यह पुल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित होने से छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य के बीच की दूरी में कमी आएगी। पुल के तैयार हो जाने से ग्रामीणों को वर्षभर निर्बाध आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही आर्थिक, व्यापारिक संपर्क मजबूत होंगे। ग्राम पचावल से त्रिशुली मार्ग पर स्थित पांगन नदी पर पूर्व में निर्मित पुलिया टूट जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। शासन द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु पुल निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांगन नदी पर 168.00 मीटर लंबाई का उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अब पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में पुल के दोनों ओर पहुँच मार्ग का कार्य प्रगति पर है। पुल के निर्माण से आसपास के 9 ग्राम की लगभग 20,563 की जनसंख्या को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं कृषि उत्पादों के परिवहन में अब सुगमता प्राप्त होगी। इसी प्रकार डिण्डो से चेरा मार्ग पर चोलिहा नाला पर पुलिया निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 75 मीटर है। जिसका कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में पहुंच मार्ग का कार्य प्रगति पर है, जिसके पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र के गांवों के बीच सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस पुल से 8 ग्रामों की कुल 16,303 की जनसंख्या को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शासन द्वारा आवागमन सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत् स्वीकृत कार्य प्रगतिरत है।

विद्या भारती मुंगेली में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का सफल आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा बाजार में किया गया। जिसमें कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि, पर्यावरण के संबंध में भारतीय दर्शन और व्यवहार, भारत के विकास में महिलाओं का योगदान, विषयों पर व्याख्यान दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से समाज में पारिवारिक आत्मीयता एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करने के प्रयास किये जाते है। इसके लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। जैसे अपने घर पर परिवार के सभी सदस्य सामूहिक भोजन तथा भजन के लिए प्रतिदिन अथवा सप्ताह में एक बार अवश्य एकत्रित हों एवं मंगल संवाद करें। महीने में अपने पड़ोसियों से मंगल संवाद करें। अपना घर जिन सेवा कर्मी बन्धुओं एवं भगिनियों की सहायता से चलता है। उनके साथ संवाद एवं स्नेह का व्यवहार करें, त्यौहार एवं अन्य प्रसंगों पर उन्हें सम्मान सहित आमंत्रित करें इस प्रकार से हम कुटुंब प्रबोधन की दिशा में आगे बढ़ेंगे। साथी वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में हमें आगे आना है और अपनी जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक पूर्ण करना है। इस कार्यक्रम में लगभग 110 मातृ शक्तियों ने हिस्सा लिया। मुख्य प्रवक्ता के रूप में गीता सोनी, मंजुला शर्मा, आराधना तिवारी, रश्मी तिवारी, संगीता साहू, नंदिनी साहू और अनामिका वैष्णव साथ ही पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्टाफनर्स, समाजसेविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संयोजिका पूजा श्रीवास्तव, दीपाली श्रीवास्तव, मंजू ताम्रकार, शालिनी सोनी, प्रिया यादव एवं समस्त दीदी उपस्थित रहीं।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मनेंद्रगढ़ में भव्य आयोजन

■ निःस्वार्थ सेवा के लिए मथुरा रोहिणी का सम्मान

मनेंद्रगढ़/एमसीबी। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर मनेंद्रगढ़ के हृदय स्थल पर स्थित अमर शहीद जयस्तंभ परिसर में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद उपस्थित नागरिकों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम और राष्ट्रगान का गायन किया गया।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि इसका शुभारंभ मथुरा रोहिणी द्वारा किया गया – जो पिछले लगभग 20 वर्षों से जयस्तंभ के पास जूता पॉलिश का कार्य करते हैं। मथुरा रोहिणी प्रतिदिन अपने कार्य की शुरुआत करने से पहले जयस्तंभ परिसर की सफाई कर भारत माता को नमन करते हैं। हिंदू महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मथुरा रोहिणी को उनकी निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति भावना के लिए सम्मानित किया गया। हिंदू महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि देशभक्ति केवल व्यक्ति विशेष की नहीं होती, बल्कि यह भावना निष्काम कर्म और निष्ठा से परिभाषित होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिंदू महासभा के संरक्षक सुदर्शन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, महामंत्री अपूर्व कर, लखनलाल श्रीवास्तव, शैलेश जैन, जया कर, अलका विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह, संजय केशवानी (संजू), दिनेश्वर मिश्रा, विनीत जायसवाल, नारायण तिवारी, जे.पी. बुनकर, मृत्युंजय सोनी, हरित शर्मा, नरोत्तम शर्मा, हरमेंद्र सिंह, और जयचंद बोथरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सराईपाली लूट कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। पुलिस ने सराईपाली (अमझर) लूट प्रकरण के फरार आरोपी चंद्रभान सिदार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोना-चांदी के जेवरात व नगदी सहित कुल ?5 लाख का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अति. पुलिस अधीक्षक निमीषा पाण्डेय एवं एसडीओपी स्नेहिल साहू के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक कामिल हक के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। प्रार्थिया रमशीला चौहान ने 4 नवम्बर को ?6 लाख की लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

घरघोड़ा मंडल में एसआईआर सम्मेलन आयोजित

घरघोड़ा/नवप्रदेश। पूरे देश में चुनाव आयोग द्वारा SIR सर्वे किया जा रहा है, इसी को लेकर भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर लोगों तक जानकारी व जागरूकता पहुंचे इस उद्देश्य से स्क्रूक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा इसी कड़ी में भाजपा घरघोड़ा मंडल द्वारा स्क्रूक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमें अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जनपद अध्यक्ष सहनु पैंकरा, भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे, वहीं आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल ने की। उक्त कार्यक्रम में अतिथियों ने स्क्रूक की प्रक्रिया के बारे में बताया तथा उसमें आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। उसके साथ ही आगामी बारह नवंबर को घरघोड़ा से तमनार तक यूनिटी मार्च के बारे में बताया उसमें जनता की क्या भागीदारी हो सकती के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री हंस राज गुप्ता ने किया आज के इस कार्यक्रम में भाजपा के समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण, शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

श्रीराम फाइनेंस में करोड़ों का ऋण घोटाला उजागर, दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। वित्तीय फर्जीवाड़े के एक बड़े मामले में घरघोड़ा पुलिस ने लाखों के हेराफेरी का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन प्रा.लि. रायपुर से जुड़े करोड़ों के व्यापार ऋण घोटाले का है, जिसमें कंपनी के पूर्व कर्मचारियों और कुछ दलालों द्वारा मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लगभग 1 करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपये की राशि का गबन किया गया था। प्रार्थी राकेश तिवारी पिता स्व. मदनमोहन तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी बांसटाल तिल्दा, रायपुर, जो श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन प्रा.लि. के लीगल डिपार्टमेंट में मैनेजर हैं, ने कल थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कंपनी की घरघोड़ा शाखा (रायगढ़ रोड, स्कूल के सामने) में वर्ष 2017 से 2019 के बीच पदस्थ कर्मचारी वीरेन्द्र प्रताप पुरसेठ एवं अन्य दो कर्मचारियों ने कुछ दलालों से सांठगांठ कर 26 ग्राहकों के नाम पर फर्जी व्यापार ऋण पास कराए। इन कर्मचारियों ने कंपनी को धोखे में रखकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए, अन्य व्यक्तियों की दुकानों को ग्राहकों का व्यवसायिक संस्थान बताकर सत्यापन कराया और कंपनी से करोड़ों की ऋण राशि निकालकर गबन कर लिया। जांच में पाया गया कि ग्राम बहिरकेला निवासी राजकुमार साहू

ने चार फर्जी ग्राहकों के नाम पर 26 लाख रुपये का ऋण स्वयं प्राप्त किया तथा उक्त कर्मचारियों को रिश्वत भी दी। घरघोड़ा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 297/2025 धारा 419, 420, 467, 468, 470, 471, 120(बी) भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान आज दिनांक 09 नवंबर 2025 को मुख्य आरोपी वीरेन्द्र प्रताप पुरसेठ पिता मनोरथ प्रसाद पुरसेठ उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड 08 नावापारा घरघोड़ा तथा दलाल राजकुमार साहू पिता रंगमोहन साहू उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम बहिरकेला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, वहीं अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक अरविंद पटनायक, आरक्षक हरीश पटेल, उद्योराम पटेल, चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रहलाद भगत, भानु चंद्रा और महिला आरक्षक सुप्रिया सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम

मधुमक्खी पालन विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का सफल समापन

जिले में सरसों फसल का रकबा अधिक, यहां मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएं: चंदेल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल के निर्देशन एवं विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. एस.एस. टुटेजा के मार्गदर्शन में, कृषि विज्ञान केन्द्र सरगुजा में नेशनल बीकीपिंग एंड हनी मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन विषय पर सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधानसभा विधायक शकुंतला पोर्ते रहीं, जो ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों से जुड़ीं। उन्होंने कृषकों को मधुमक्खी पालन अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया तथा बताया कि सरगुजा जिले में सरसों की फसल का रकबा अधिक होने के कारण यहाँ मधुमक्खी पालन की अपार संभावनाएँ हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र सरगुजा के प्रभारी डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि सरगुजा संभाग में मधुमक्खी पालन एक संभावनाओं से भरा व्यवसाय है। इसी उद्देश्य से सूरजपुर जिले के 25 कृषकों को सात दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें प्रायोगिक अध्यन पर विशेष जोर दिया गया ताकि प्रतिभागियों में आत्मविश्वास विकसित हो सके। जे.एस. मरावी, उप संचालक उद्यानिकी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और मधुमक्खी

पालन प्रारंभ करने हेतु पेटियों की उपलब्धता पर भी चर्चा की। डॉ. पी.एस. राठिया, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय प्रतापपुर ने आलू उत्पादन तकनीक एवं मधुमक्खी के विस्तार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. के.एल. पैंकरा, सहायक संचालक अनुसंधान ने कहा कि मधुमक्खी पालन समन्वित कृषि प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिससे किसान कम लागत में अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हनी मिशन के तहत अधिक से अधिक कृषकों को इस व्यवसाय से जोड़ने की आवश्यकता है, क्योंकि मधुमक्खी पालन से न केवल शहद व मोम जैसे उत्पाद प्राप्त होते हैं, बल्कि फसल उत्पादन में भी 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि होती है। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वीरेंद्र कुमार, कार्यक्रम सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र सरगुजा ने आभार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण प्रभारी सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित केन्द्र के समस्त कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायतों में ठप विकास कार्यों को लेकर सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

मनेन्द्रगढ़/ एमसीबी। जिले की ग्राम पंचायतों में रुके हुए विकास कार्यों और वित्तीय अनुदान वितरण में हो रही देरी को लेकर सरपंचों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नालियों, पेयजल, सड़क मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन निर्माण और स्वच्छता कार्यों को तत्काल शुरू करने की मांग की गई।सरपंचों ने कहा कि महीनों से पंचायतों में कोई कार्य नहीं हो रहा, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। मांगों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष

राजेश साहू, सदस्य उजित नारायण सिंह और रामजीत लकड़ा (भगत बाबू) ने समर्थन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए, पर ग्राम पंचायतों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे स्वयं ग्रामीणों के साथ आंदोलन करेंगे।

हिमालयी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक हजार करोड़ का हिल एंड हिमालयन सिटी फोकस फंड घोषित

तोखन साहू ने राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को किया संबोधित, कहा- स्वस्थ, टिकाऊ और समृद्ध शहरों के निर्माण की दिशा में ठोस पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के यशोभूमि–इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) में आयोजित राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अपने समापन संबोधन में श्री साहू ने कहा कि यह सम्मेलन सरकार की उस दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है, जिसके अंतर्गत स्वस्थ, टिकाऊ और समृद्ध शहरों के निर्माण की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।

श्री साहू ने कहा कि भारत की शहरी अर्थव्यवस्था राष्ट्र की विकास गति का प्रमुख आधार है और मंत्रालय के प्रमुख मिशन–स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत मिशन, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)–एकीकृत योजना और नवाचार आधारित वित्तीय तंत्र के माध्यम से शहरों को नई दिशा दे रहे हैं। 2014 में 18 प्रतिशत रही अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता अब बढ़कर 80 प्रतिशत (2024) हो गई है। इस प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय द्वारा 1,000 करोड़ का हिल एंड हिमालयन सिटी फोकस फंड स्थापित किया जा रहा है, जिससे उत्तर-पूर्वी राज्यों, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं लद्दाख जैसे पर्वतीय केंद्र शासित प्रदेशों को लाभ मिलेगा। समावेशन को विकास का मूल तत्व बताते हुए श्री साहू ने कहा कि विकसित भारत का दृष्टिकोण ऐसा है जहाँ हर नागरिक–रेहड़ी-पटरी विक्रेता, अपशिष्ट संकलक, निर्माण कार्यकर्ता, या गिग वर्कर–सम्मान और समान अवसरों के साथ प्रगति का भागीदार बने। उन्होंने मंत्रालय द्वारा विकसित अर्बन (शहरी विशेष आर्थिक क्षेत्र) जैसी अवधारणाओं का उल्लेख किया, जो निवेश, रोजगार और किफायती आवास को प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने कहा कि ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति से कॉम्पैक्ट, कनेक्टेड और सस्ती शहरी संरचना को बल मिलेगा। श्री साहू ने दिल्ली, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की सराहना की जिन्होंने टीओडी ढांचे को अपनाकर कार्यस्थलों के समीप किफायती आवास और मिश्रित उपयोग विकास को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि ये राज्य आज से ही भविष्य के शहरों का निर्माण कर रहे हैं। पीएमएवाई 2.0 में 50% अतिरिक्त फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) और सस्ती आवासीय भूमि आरक्षण जैसी नीतिगत सुधारों को लागू किया जा रहा है, जिससे आवास निर्माण को गति मिलेगी। इस अवसर पर श्री साहू ने विकसित भारत सिटी प्रदर्शनी का भी भ्रमण किया, जिसमें भारत के भावी शहरों का समावेशी, सतत और प्रगतिशील स्वरूप प्रदर्शित किया गया।

मेट्रो से नगरों तक भारत बढ़ रहा है स्मार्ट गतिशीलता की राह पर

तोखन साहू एवं मनोहर लाल द्वारा सात शहरों और डीएमआरसी को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में तोखन साहू ने अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में भी भाग लिया, जिसमें आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सात शहरों–चेन्नई, हुबली-धारवाड़, उदयपुर, त्रिशूर, पिंपरी चिंचवड़, हैदराबाद और कोच्चि–को शहरी गतिशीलता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को सर्वश्रेष्ठ मेट्रो प्रणाली एवं यात्री संतुष्टि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कम्प्यूटर ऑपरेटरों का जिला स्तरीय किया जाएगा तबादला

तीन साल के अच्छे रिकार्ड वाले कर्मचारियों को ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने की जिम्मेदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य में धान खरीदी होने में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इधर सहकारी समितियों के कर्मचारियों और कम्प्यूटर ऑपरेटरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से खरीदी प्रभावित होने की संभावना है। वहीं पिछले तीन वर्षों में किए गए धान खरीदी प्रभारियों के अच्छे रिकार्ड होने के बाद ही इन्हें इस साल धान खरीदी करने प्रभारी बनाया जाएगा। इसके अलावा कम्प्यूटर ऑपरेटरों का जिला स्तर में ट्रांसफर भी किया जाना है, ताकि समर्थन मूल्य में धान खरीदी में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो सके। चूंकि सहकारी समितियों के कर्मचारियों द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ सिंडिकेट बनाकर पिछले एक सप्ताह से अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल किया जा रहा है।

अभी तक निराकरण नहीं हुआ है और 15 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान की खरीदी शुरु हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हड़ताली कर्मचारियों और शासन के बीच अभी तक बातचीत से कोई हल नहीं निकल पाया है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी में पारदर्शिता और किसानों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा इस साल पिछले तीन वर्षों में जिन खरीदी प्रभारियों द्वारा पारदर्शिता के साथ खरीदी की गई होगी उन्हें ही इस साल धान खरीदी की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को भी एक जगह से दूसरे जगह जिला स्तर में ही भेजा जाएगा, ताकि कहीं पर भी कोई गड़बड़ी न हो।

धान की कटाई मिसाई जोरों पर

लगभग सभी वेरायटी की धान पककर तैयार हो चुकी है। धान की अर्ली वेरायटी की कटाई तो कुछ दिनों पहले ही प्रारंभ हो चुकी थी, लेकिन अब लेट वेरायटी के भी तैयार होने के बाद किसान फिलहाल कटाई की तैयारी कर रहे हैं। कई जगह कटाई शुरू भी हो चुकी है। धान की खेती करने वाले किसान अब खरीदी शुरू होने का इंतजार करने लगे हैं। महामाया जैसी 90 दिनों में पक जाने वाली अर्ली वेरायटी तो दस दिनों पहले से ही काटी जाने लगी है। इसके साथ ही अब लेट वेरायटी वाली किस्मों के भी पक जाने के कारण किसानों ने कटाई प्रारंभ कर दी है। धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगी।

.... उप आयुक्त सहकारिता के चंदेशखर जायसवाल ने बताया कि सहकारी समितियों के कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रभावित नहीं होगी। शासन के आदेश के अनुसार सभी प्रारंभिक तैयारियां पूरी हो गई है। खरीदी केंद्रों में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटरों का जिला स्तर पर फेरबदल किया जाएगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल से संबंधित शासन से अब तक कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

.... जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के नोडल अधिकारी आशीष दुबे ने बताया कि सहकारी समितियों के कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से किसानों का कोई भी काम प्रभावित नहीं हुआ है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी शासन के तय समय अनुसार ही होगा। अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर शासन स्तर पर जल्दी निराकरण होने की संभावना है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रभावित न हो इसके लिए सहकारी बैंक के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है।

नशे में स्कूल पहुंचने वाले शराबी प्रधानपाठक निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी ब्लॉक के शराबी प्रधानपाठक के ऊपर कार्यवाही में हो रही लेट लतीफी को लेकर जिला प्रशासन के आला अफसरों ने घटना को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सोमवार को संयुक्त संचालक आरपी आदित्य द्वारा प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को धनगंवा संकुल के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारी में स्थित शासकीय पूर्व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय पहुंचे। प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी शराब के नशे में इतने अधिक मदहोश थे कि वे ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। जिसका वीडियो बनाया गया था। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा था कि मासूम स्कूली बच्चे उन्हें उठाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि शिक्षक लड़खड़ाते हुए गिर पड़ते हैं। इधर मामले में ग्रामीणों के अनुसार यह कोई नई बात नहीं है

बल्कि यह शिक्षक लगभग रोजाना ही नशे की हालत में स्कूल आता है और बच्चों के बीच शर्मनाक हरकतें करता है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग का अमला हरकत में आया और मस्तूरी बीईओ से जांच करा कर तत्काल डीईओ विजय टांडे द्वारा प्रधानपाठक हितेंद्र तिवारी के निलंबित करने के लिए प्रतिवेदन संयुक्त संचालक कार्यालय में प्रेषित किया था। जिसके बाद भी सयुक्त संचालक आरपी आदित्य द्वारा मामले में कार्रवाई में संजीदगी नहीं दिखाई थी। तत्काल मामले में ग्राम पंचायत नेवारी में स्थित शासकीय पूर्व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इन्हे मस्तूरी ब्लॉक ऑफिस में नियत किया गया है।

लोहे की रॉड व दरवाजा सहित 210 किलो कबाड़ जब्त

■ सिटी कोतवाली पुलिस की कबाड़ियों पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिटी कोतवाली गगन कुमार के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली स्टाफ द्वारा क्षेत्र के कबाड़ी दुकानों पर अचानक जांच की गई। जांच के दौरान खपरगंज क्षेत्र में संचालित कबाड़ी दुकानदार जावेद मेमन, अकबर कुरैशी, मधु विश्वकर्मा, अक्षय कुमार गुप्ता एवं हुसैन सैफी की दुकानों की जांच की गई, जिनमें किसी प्रकार का संदिग्ध या चोरी का सामान नहीं पाया गया। सभी दुकानदारों को चोरी के समान की खरीदी-बिक्री से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। जांच के दौरान कबाड़ी दुकानदार दिनेश साहू पिता स्व. सुखदेव प्रसाद साहू (उम्र 54 वर्ष, निवासी खपरगंज) की दुकान में संदिग्ध लोहे का कबाड़ 210 किलो लोहे की रॉड एवं 2 नग लोहे के दरवाजे (कुल वजनी 250 किलो, अनुमानित कीमत 6230) बरामद किया गया। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उक्त कबाड़ को धारा 35(1-4) बीएनएसएस / 303(2) बीएनएस के तहत विधिवत जप्त कर कार्रवाई की गई। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी के सामान की खरीदी-बिक्री करने वालों पर निगरानी बढ़ाई गई है तथा आगे भी ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

6 दुकानों में तोरवा पुलिस ने की जांच

थाना तोरवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में बढ़ती शिकायतों एवं संदेहास्पद गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए 9 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में संचालित कबाड़ी दुकानों की व्यापक जांच की गई। इस जांच अभियान में तोरवा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कुल 06 कबाड़ी दुकानों की जांच की गई, जिनमें पुराना पेपर, प्लास्टिक बोतल, और कबाड़ सामग्री की जांच की गई। पुलिस टीम को किसी भी कबाड़ी दुकान में चोरी की वस्तुएं या संदेहास्पद सामान बरामद नहीं हुआ। फजीर कबाड़ी (दुधवारी बाजार, तोरवा): पुराने पेपर और शीशी बॉटल मिलीं, परंतु कोई संदेहास्पद सामान नहीं मिला। चौहान कबाड़ी (मानिकपुर, तोरवा): केवल सामान्य कबाड़ सामग्री – कोई संदिग्ध वस्तु नहीं। पप्पू कबाड़ी (देवर्षियुर्द, तोरवा): पेपर, प्लास्टिक बोतल – कोई अवैध वस्तु नहीं पाई गई।

कोंडतराई समपार रेल लाइन कल रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किरोड़ीमलनगर-भूपदेवपुर स्टेशनों के मध्य किमी 599/17-19 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 297 (कोंडतराई) को 12 नवम्बर व 13 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक रेल लाईन मरम्मत कार्य करने हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग पास में ही स्थित बेल्लारी समपार से उपलब्ध है।

समय का सदुपयोग ही मनुष्य की सच्ची कमाई: बीके संजय

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्तमान समय मानव जीवन का सबसे मूल्यवान समय है। यह समय केवल भौतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि आत्मिक कमाई का समय है। आज मनुष्य समय को व्यर्थ कार्यों, चिंताओं और नकारात्मक विचारों में गंवा रहा है, जबकि यही समय उसे परमात्मा से योग जोड़कर अपने भाग्य को दिव्य बनाने का अवसर दे रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में



ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार संजय भाई जी के सान्निध्य में विशेष एक दिवसीय योग साधना सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में अपने प्रेरक उद्बोधन में बीके संजय भाई ने कहा कि समय का सदुपयोग ही जीवन का सच्चा निवेश है। यदि हम एक-एक क्षण को ईश्वर की स्मृति में बिताएँ, तो जन्म-जन्मांतर का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। व्यर्थ विचार, व्यर्थ बोल और व्यर्थ कर्म को त्यागकर, श्रेष्ठ चिंतन और सृजनशील कर्मों में समय लगाएँ। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हनुमान जी के पास अनगिनत शक्तियाँ थीं, किंतु वे उन्हें भूल गए थे। जब उन्हें अपनी शक्ति की स्मृति दिलाई गई, तो उन्होंने असंभव कार्य भी संभव कर दिखाए। उसी प्रकार हम सभी में अपार शक्तियाँ हैं, परंतु स्मृति के अभाव में वे सुप्त पड़ी रहती हैं। राजयोग साधना वह प्रक्रिया है, जो आत्मा को उसकी मूल पहचान देकर उसकी शक्तियों की स्मृति दिलाती है। हर विचार एक ऊर्जा है। जब मन व्यर्थ चिंतन, शिकायत या क्रोध में उलझ जाता है, तो आत्मा की ऊर्जा नष्ट होती है और मन अशांत हो जाता है। परंतु जब हम सकारात्मक, शुभ संकल्प रखते हैं, तो आत्मा पुनः शक्तिशाली बनती है। बीके संजय भाई जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन का वास्तविक धन उसकी विचार-शक्ति है।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर जन-अभियान में उमड़ेगा जनसैलाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में सरदार 150 यूनिटी मार्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग में भी यह राष्ट्रीय जन-अभियान आयोजित हो रहा है, जो राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा। बिलासपुर संभाग में यह पदयात्रा 11 से 13 नवम्बर 2025 तक तीन दिनों तक निकाली जाएगी। यात्रा में 150 कार्यकर्ताओं का दल शामिल रहेगा, जो बेलतरा, बिलासपुर और लोरमी

बिलासपुर संभाग में तीन दिवसीय पदयात्रा

विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क, सम्मान और प्रेरणा के कार्यक्रम आयोजित करेगा। 11 नवम्बर को यात्रा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगी। तिफरा काली मंदिर से आरंभ होकर यह यात्रा स्वदेशी भारत-आत्मनिर्भर भारत का संकल्प, स्वच्छता दीदियों का सम्मान, स्वदेशी बाजार भ्रमण और सभा के साथ रतनपुर महाविद्यालय धर्मशाला में विश्राम करेगी। 12 नवम्बर को रतनपुर महामाया दर्शन से यात्रा का शुभारंभ होगा। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में कोटा, जयस्तंभ चौक, व्यापारिक संघों द्वारा अभिनंदन, अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रात्रि विश्राम लोरमी (मुंगेली) में होगा। 13 नवम्बर को लोरमी विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा लोरमी चौराहा से प्रारंभ होकर स्वच्छता दीदियों का सम्मान, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण, वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्धजनों का सम्मान करते हुए महाराणा प्रताप चौक पर समापन करेगी। यात्रा के दौरान माल्यार्पण, स्वच्छता अभियान, स्वदेशी बाजार भ्रमण और युवा संवाद जैसे कार्यक्रम होंगे।

श्री साईं भूमि आवासीय कल्याण समिति की कार्यकारिणी घोषित

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री साईं भूमि आवासीय कल्याण समिति की वार्षिक साधारण सभा 9 नवंबर को सम्पन्न हुई। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्षः नितिन सिन्हा, उपाध्यक्ष नवल वर्मा, सचिव शंकर राव, कोषाध्यक्ष राव, संगठन सचिव संजय कुमार तिवारी, कार्यकारी सदस्य राजेश कुमार सोनार, कार्यकारी सदस्य चरणजीत सिंह (लाली), ब्लॉक सचिव रामकुमार, ब्लॉक सचिव सत्यनारायण, ब्लॉक सचिव सुरेश पटेल, ब्लॉक सचिव एम. के. चतुर्वेदी हैं। महत्वपूर्ण निर्णय में दिसंबर से सोसाइटी मेंटेनेंस चार्ज 1000/- लागू किया गया है। मंच संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष निमई बैनर्जी ने मंच संचालन किया।

मांग सप्ताह के चार दिनों बिलासपुर से दिल्ली के बीच कोई उड़ान नहीं, ट्रेनों की अनियमितता के कारण नागपुर से भी फ्लाइट पकड़ना दुश्वार

बिलासपुर दिल्ली उड़ान कम होने का सीधा असर रायपुर से दिल्ली का किराया बढ़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर से दिल्ली उड़ानों की संख्या में कमी होने के बाद इसका तत्काल ऋणआत्मक प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि रायपुर से दिल्ली का किराया बढ़ गया है अब रायपुर से दिल्ली की टिकट 8000 से 12000 के रूप में मिल रही है जबकि यह टिकट 5 से 6000 में एक दिन पहले उपलब्ध थी।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि यात्री विकल्प के रूप में नागपुर तक ट्रेन से जाकर वहां से 5000 या 6000 की टिकट में दिल्ली यात्रा करते थे परंतु ट्रेनों की अनियमितता के कारण अब यह रास्ता भी दुश्वार हो गया है। आज ही समिति के एक सदस्य रात 9 बजे की फ्लाइट से नागपुर से दिल्ली जाने का प्रोग्राम बनाए थे परंतु कोलकाता की ओर से आने वाली समरसता एक्सप्रेस आजाद हिंद एक्सप्रेस अहमदाबाद एक्सप्रेस हापा एक्सप्रेस सभी गाड़ियां 4 से 8 घंटे के विलंब से चलने के कारण फ्लाइट नहीं पकड़ पाए। समिति ने बताया कि 5400 का टिकट कैंसिल करने पर केवल 230 का रिफंड हाथ में आया। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्व रवि बनर्जी रामशरण यादव नारद श्रीवास डॉ प्रदीप रही हर प्रसाद केवल बद्री प्रसाद केवट परसराम केवट चित्रकांत श्रीवास संतोष पीपलवा मनोज तिवारी अशोक भंडारी देवेंद्र सिंह ठाकुर समीर अहमद बबला महेश दुबे टाटा विजय वर्मा अनिल गुलहरे जसबीर सिंह चावला रणजीत सिंह खनूजा रामा बघेल प्रकाश बहरानी अमर बजाज शिरीष कश्यप केशव गोरख मजहर खान मोहन जायसवाल प्रतीक तिवारी आशुतोष शर्मा उपस्थित थे।

निर्णय अव्यावहारिक : समिति

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि एलाइंस एयर के द्वारा शनिवार इतवार और सोमवार तीनों दिन दिल्ली की उड़ान बंद कर दी गई है जबकि इन दिनों में दिल्ली जाकर लोग सप्ताह के दिनों में अपना कार्य करते थे अर्थात न केवल दिनों की संख्या में कमी है जिन दिनों में उड़ान चलाई जा रही है वह निर्णय भी अव्यावहारिक रूप से लिया गया है मंगल बुध गुरु के अलावा बिलासपुर से दिल्ली की उड़ान उपलब्ध नहीं है। समिति ने कहा कि एलाइंस ऐयर यह कहती है कि उसके द्वारा राज्य सरकार से एमओयू के हिसाब से यह उड़ाने चलाई जा रही है जबकि इस तरह का कोई एमओयू सार्वजनिक नहीं है। समिति ने मांग की की राज्य सरकार इस बात पर तथ्यात्मक जानकारी दें और अगर इस तरह की आव्यवहारिक बातें एमओयू में निर्धारित की गई है तो ऐसे एमओयू में संशोधन किया जाना चाहिए।

न्यूज़ गैलरी

केरल किसानों को स्टार्टअप इकोसिस्टम में लाने के लिए लॉन्च करेगा एग्रीनेक्स्ट

नई दिल्ली। केरल स्टार्टअप मिशन (केएसयूएम) एग्रीनेक्स्ट नामक एक नई परियोजना शुरू कर रहा है। इसका मकसद राज्य के कृषक समुदाय को स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में लाना है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के कार्यालय के अनुसार इस पहल से किसानों, स्टार्टअप्स और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को लाभ होगा।एग्रीनेक्स्ट केरल क्लाइमेट रिजिलिएंट एग्री वैल्यू चेन मॉर्डनाइजेशन प्रोजेक्ट (केरा) का हिस्सा है। यह विश्व बैंक के समर्थन से कृषि विभाग की ओर से संचालित एक प्रमुख कार्यक्रम है। अधिकारियों ने बताया कि इसका लक्ष्य राज्य के कृषि क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना और जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है।मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा, ÷किसान, एफपीओ, कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी कृषि क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की पहचान कर सकते हैं और उन्हें स्टार्टअप्स के साथ साझा कर सकते हैं।÷इन चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम स्टार्टअप समाधान विकसित करने में सक्षम होंगे, जबकि अनुसंधान संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य संगठनों को भी एग्रीनेक्स्ट परियोजना के साथ सहयोग करने का अवसर मिलेगा।सरकार ने कहा कि केवल कृषि संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए नवीन विचारों या प्रौद्योगिकियों वाले स्टार्टअप ही आवेदन कर सकते हैं। ये प्रौद्योगिकियां मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों में शामिल किसानों और उद्यमियों दोनों के लिए उपयोगी होनी चाहिए।आवेदन केएसयूएम ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं, और चयनित स्टार्टअप्स को केएसयूएम परियोजना कार्यान्वयन इकाई के सहयोग से इनक्यूबेट किया जाएगा।

देशों से एकजुट कार्रवाई की अपील, अमेरिका के रुख से बढ़ी जटिलता

नई दिल्ली। ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में शुरू हुई संयुक्त राष्ट्र की जलवायु वार्ता (COPx®) में विश्व नेताओं ने जलवायु संकट से निपटने के लिए तेज और ठोस कदम उठाने की अपील की। पिछले 30 वर्षों से वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अब नेताओं ने चेताया है कि पृथ्वी को बचाने के लिए इन प्रयासों की रफ्तार बढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है।ब्राजील के अमेजन क्षेत्र में शुरू हुई संयुक्त राष्ट्र की जलवायु वार्ता में वैश्विक नेताओं ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तेजी, सहयोग और ठोस कदम उठाने की अपील की है। बीते तीन दशकों से दुनिया कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में काम कर रही है, लेकिन अब इस प्रक्रिया को और तेज करने की जरूरत पर जोर दिया गया है।इस साल के सम्मेलन के अध्यक्ष आंद्रे कोर्रिया डो लागो ने कहा कि सभी देशों को मुतिराओ की भावना से एकजुट होकर काम करना चाहिए। यह एक ब्राजीली शब्द है।

1 फरवरी को पेश होगा बजट

केंद्रीय बजट की तैयारी शुरू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट को लेकर अर्थशास्त्रियों के साथ पहली पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के माध्यम से सरकार ने आर्थिक विशेषज्ञों से बजट से जुड़ी नीतिगत प्राथमिकताओं, विकास की रणनीतियों और वित्तीय स्थिरता पर सुझाव आमंत्रित किए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों के तहत देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली पूर्व-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी। बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से सरकार ने आर्थिक विशेषज्ञों से बजट से जुड़ी नीतिगत प्राथमिकताओं, विकास की रणनीतियों और वित्तीय स्थिरता पर सुझाव आमंत्रित किए। अर्थशास्त्रियों के साथ बजट - पूर्व परामर्श सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक चला।

इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रख्यात कृषिविदों और किसान संगठनों के साथ परामर्श का एक और दौर होगा। ये बैठकें बजट- पूर्व चर्चाओं की श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक हैं, जिसे वित्त मंत्रालय हर साल बजट तैयार करने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में आयोजित करता है। बजट- पूर्व बैठक, अंतिम वार्षिक बजट तैयार करने और उसे विधानमंडल में प्रस्तुत करने से पहले,

सरकारी वित्त अधिकारियों और वित्त मंत्री की विभिन्न हितधारकों के साथ आयोजित परामर्श और चर्चा की प्रक्रिया है।

ये बैठकें वित्त मंत्री के लिए उद्योग संघों, ट्रेड यूनियनों, अर्थशास्त्रियों, राज्य सरकार के अधिकारियों और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न प्रकार के प्रतिभागियों से सुझाव, मांगें और इनपुट एकत्र करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती हैं। इन चर्चाओं के माध्यम से वित्त मंत्रालय का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्रीय बजट विविध दृष्टिकोणों को प्रतिबिंबित करे और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करे। अर्थशास्त्रियों और कृषिविदों के साथ आज का परामर्श सरकार की व्यापक सहभागिता प्रक्रिया का पहला चरण है, जो केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रस्तुति तक ले जाएगा। केंद्रीय बजट आमतौर पर हर साल 1 फरवरी को पेश किया जाता है। इस साल भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) सहित विभिन्न चैंबर ऑफ कॉमर्स ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए अपना बजट पूर्व ज्ञापन मंत्रालय को सौंप दिया है। उन्होंने सरकार से प्रत्यक्ष कर सुधारों की एक श्रृंखला अपनाने, कर आधार बढ़ाने, विनिर्माण, नवाचार और कर अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है।

चीन ने हटाए निर्यात प्रतिबंध

अमेरिका को गैलियम-जर्मेनियम जैसे अहम तत्वों पर मिली राहत

बीजिंग। चीन ने अमेरिका के लिए गैलियम, जर्मेनियम और एंटीमनी जैसे तत्वों पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए व्यापार समझौते का हिस्सा है। इस फैसले से तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में चीन-अमेरिका के संबंधों में नरमी आने की उम्मीद है।

चीन ने गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे तत्वों पर अमेरिका के लिए लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को इसकी घोषणा की। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि यह फैसला कुछ दोहरे इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर लागू नियंत्रण उपायों के आंशिक निलंबन से जुड़ा है। इसमें गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी जैसे औद्योगिक पदार्थ शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, यह निलंबन %घोषणा संख्या- 46 (2024) की दूसरी धारा

पर लागू होगा और यह नौ नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। पहले इस धारा के तहत अमेरिका को इन औद्योगिकी पदार्थों के निर्यात पर रोक थी और ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त जांच की शर्तें थीं। वहीं, पहली धारा पहले की तरह लागू रहेगी, जिसमें अमेरिकी सेना या सैन्य उपयोग के लिए दोहर उपयोग वाली वस्तुओं के निर्यात पर रोक है। वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह अस्थायी निलंबन केवल दूसरी धारा के लाइसेंस और समीक्षा से जुड़ी पाबंदियों पर लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में चीन ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई भी संगठन या व्यक्ति चीन में बने दोहरे उपयोग वाले सामानों को अमेरिकी संस्थाओं को अवैध रूप से भेजेगा, तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और चीन के बीच एक अहम व्यापार और आर्थिक समझौता हुआ। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के बीच दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात के बाद हुआ। इस समझौते में चीन ने दुर्लभ खनिजों और अन्य महत्वपूर्ण सामग्रियों के निर्यात पर लगे निर्यात प्रतिबंधों को निलंबित करने, अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ हटाने और अमेरिकी सोयाबीन, ज्वार और लकड़ी की बड़ी मात्रा में खरीद फिर से शुरू करने पर सहमति दी है। इसके अलावा, चीन अब नेक्सपेरिया की अपने देश में स्थित इकाइयों से व्यापार दोबारा शुरू करने की अनुमति देगा और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी अमेरिकी कंपनियों की जांच खत्म करेगा। इसके बदले में अमेरिका ने भी कुछ कदम उठाने पर सहमति जताई है। वह फेंटानिल नियंत्रण से जुड़े चीनी आयातों पर लगने वाले कुछ टैरिफ को 10 फीसदी तक घटाएगा। साथ ही, धारा 301 के तहत दी गई टैरिफ छूटों को अगले साल 10 नवंबर तक बढ़ाएगा।

अकासा एयर को बोइंग विमानों की डिलीवरी में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं शुरू करने वाली है। एयरलाइन ने उम्मीद जताई है कि उसे बोइंग विमानों की खेप तेजी से हासिल हो सकती है। अकासा एयर जल्द ही देश से देश के बाहर की उड़ानें शुरू करेगी और उसे बोइंग से विमानों की आपूर्ति भी तेजी से होने की उम्मीद है। एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अगस्त 2022 में उड़ान सेवा शुरू करने वाली आकासा एयर के पास वर्तमान में 30 विमानों का बेड़ा है। यह 24 घरेलू और छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है।अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा, ÷हम जल्द ही दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेंगे।÷ वर्तमान में एयरलाइन की दिल्ली से प्रतिदिन 24 उड़ानें हैं।

एक ब्रीफिंग के दौरान अय्यर ने बताया, ÷एयरलाइन सिंगापुर, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, वियतनाम और ताशकंद सहित विभिन्न विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करने पर विचार करेगी।÷ अकासा एयर वर्तमान में छह अंतरराष्ट्रीय शहरों - दोहा (कतर), जेद्दा, रियाद (सऊदी अरब), अबू धाबी (यूएई), कुवैत सिटी (कुवैत) और फुकेत (थाईलैंड) के लिए उड़ान भरती है।एयरलाइन के पास कुल 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों का ऑर्डर है और उसे विमानों की डिलीवरी में देरी का सामना करना पड़ रहा है। अय्यर ने कहा कि बोइंग द्वारा उत्पादन बढ़ाए जाने के साथ ही अकासा एयर को उम्मीद है कि विमान तेजी से आएंगे। अय्यर ने कहा, ÷हम सहायक राजस्व वृद्धि से बहुत खुश हैं।÷ उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान में लोड फैक्टर और हवाई किराए के मामले में संतुलन है।

खेल, मनोरंजन

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज

नईदिल्ली। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ कई दिग्गज बल्लेबाजों ने शानदार पारियां खेलीं, लेकिन कुछ खिलाड़ियों की पारी इतनी बड़ी रही कि उन्होंने क्रिकेट इतिहास में खास जगह बनाई। भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाना कभी आसान नहीं रहा फिर भी इन बल्लेबाजों ने धैर्य और आक्रामकता से भारतीय टीम को खूब परेशान किया।

ऐसे में आइए उन बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं जिन्होंने टेस्ट के इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी पारी खेली। इस सूची में पहले स्थान पर श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सनथ जयसूर्या हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ साल 1997 में कोलंबो के मैदान पर खेले गए टेस्ट में 340 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम ने पहली पारी में 537/8 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में जयसूर्या ने 578 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए थे। उनके बल्ले से 36 चौके और 2 छक्के निकले थे। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

दूसरे स्थान पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच हैं। उन्होंने साल 1990 में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय टीम के खिलाफ 333 रन बना दिए थे। इंग्लैंड पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी थी। गूच ने 485 गेंदों का सामना किया और उनके बल्ले से 43 चौके और 3 छक्के निकले थे। इंग्लैंड ने अपनी पारी 653/4 के स्कोर पर घोषित की थी। उस मुकाबले में

इंग्लैंड को 247 रन से शानदार जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज माइकल क्लार्क इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस खिलाड़ी ने साल 2012 में 329* रन की उम्दा पारी खेली थी। मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 468 गेंदों का सामना किया था। उनके बल्ले से 39 चौके और 1 छक्का निकला था। उस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ने पारी और 68 रनों से अपने नाम किया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी ब्रेडन मैकुलम सूची में चौथे स्थान पर हैं।

उन्होंने 2014 में भारत के खिलाफ वेलिंगटन में 302 रन बना दिए थे। कीवी टीम की पहली पारी 192 रन पर समाप्त हुई थी। जवाब में भारतीय टीम ने 438 रन बनाए थे। मैकुलम अपनी टीम की दूसरी पारी में छा गए और 559 गेंदों का सामना करते हुए ये रन बनाए। उनके बल्ले से 32 चौके और 4 छक्के निकले थे। मुकाबला ड्रॉ रहा था।

सनी देओल ने किया नई फिल्म गबरू का ऐलान होली पर करेंगे बॉक्स ऑफिस पर कब्जा

सनी देओल को पिछली बार फिल्म जाट में देखा गया था, जिस पर खासतौर से उनके प्रशंसकों ने खूब प्यार लुटाया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कमाई की। आने वाले दिनों में उनकी कई फिल्में कतार में हैं। एक ओर जहां वो बॉर्डर 2 से धमाका करने वाले हैं, वहीं सनी ने अपनी नई फिल्म गबरू का ऐलान भी कर दिया है। सनी ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा कर सोशल मीडिया पर लिखा, ताकत वो नहीं है, जो आप दिखाते हैं, ताकत वो है जो आप करते हैं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए शुक्रिया। यहां आप सबके लिए कुछ है, जिसका आप इंतजार कर रहे थे। गबरू सिनेमाघरों में 13 मार्च, 2026 को आएगी। ये साहस, विवेक और करुणा की कहानी। मेरे दिल से... दुनिया के लिए। सनी का ये पोस्ट देख उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
मिनी रत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएँ एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

सहकारी विपणन संस्था मर्या. कोटा
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

क्र. 35 **निविदा सूचना** दिनांक 10.11.25

सहकारी विपणन संस्था मर्या. करगी रोड कोटा के द्वारा बंद राइस मिल प्रागंण एवं गोदाम का सशर्त लीज पर देना है, जिसकी अवधि 05 वर्ष की होगी, निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रकाशित दिनांक से 10 दिन की रहेगी जो दोपहर 12 बजे तक स्वीकार होगी, मुहर बंद लिफाफा उसी दिन शाम 04 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी।

शर्तें- कार्यालय में पचास रुपये नगद या डी.डी. के रूप में संस्था के पत्र में देय हो प्राप्त किया जा सकता है।

प्रबंधक
सहकारी विपणन संस्था मर्या.
करगी रोड कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

टेस्ट क्रिकेट: दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इन भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने टेस्ट क्रिकेट में कई यादगार पारियां खेली हैं। हर पीढ़ी में कुछ ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ धैर्य, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। इन बल्लेबाजों ने न सिर्फ टीम को ऐतिहासिक जीतें दिलाई, बल्कि अपना नाम भी सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराया। ऐसे में आइए आगामी टेस्ट सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं। इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने साल 1992 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आखिरी बार वह 2011 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 25 मैचों की 45 पारियों में 42.46 की औसत से 1,741 र बनाए थे। उनके बल्ले से 7 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 169 रन रहा था। विराट कोहली इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके इस खिलाड़ी ने 2013 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2024 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 16 मैचों की 28 पारियों में 54.15 की औसत से 1,408 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254* रन रहा था। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2011 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 15 मैच की 26 पारियों में 50.23 की औसत से 1,306 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 5 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 319 रन रहा था। एक और पूर्व दिग्गज भारतीय खिलाड़ी राहुल द्रविड़ इस सूची में चौथे स्थान पर है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच साल 1996 में खेला था।

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 9 रन से जीत मिली है। इसी के साथ कीवी टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से बढ़त ले ली है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 177/9 का स्कोर बनाया था। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 19.5 ओवर में 168 रन का स्कोर ही बना पाई। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डाल लेते हैं। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम के लिए डेवोन कॉनवे ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए। डेरिल मिचेल के बल्ले से 41 रन निकले। मैथ्यू फोर्ड और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने सबसे बड़ी पारी (49 रन) खेली। न्यूजीलैंड के लिए सभी गेंदबाजों ने मैच में अच्छी गेंदबाजी की। ईश सोढ़ी और काइल जैमिसन ने 3-3 विकेट अपने नाम किए।कॉनवे ने मैच में 34 गेंदों का सामना किया और 56 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 164.71 की रही। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 12वां अर्धशतक रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस खिलाड़ी के बल्ले से दूसरा अर्धशतक निकला। कॉनवे ने अब तक 60 टी-20 अंतरराष्ट्री मुकाबले खेले हैं और इसकी 55 पारियों में 36.17 की औसत और 127.98 की स्ट्राइक रेट से 1,628 रन बनाए हैं। सोढ़ी ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 34 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202510050600039
शीर्ष- ब-121/2024-25
ग्राम कोरबा, प.ह.नं. 16

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता चक्रवर्ती पति श्री देबाशीष चक्रवर्ती, निवासी शक्ति नगर गेवरा प्रोजेक्ट दीपका, तहसील दीपका, जिला कोरबा छ.ग. द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 तहसील कोरबा स्थित ख.नं. 510/1, 510/2 कुल रकबा 0.86 एकड़ भूमि पर बुधिया बिल्डर्स एण्ड डव्हलपर्स कोरबा द्वारा निर्मित आवासीय भवन सांई इन्क्लेव, सांई लता चतुर्थ तल स्थित है। जिसे आवेदिका के पति श्री देबाशीष चक्रवर्ती के द्वारा स्व. अर्जित आय से क्रय करते हुए अपने एवं अपने पुत्र सौरभ चक्रवर्ती के संयुक्त नाम पर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किया गया है। आवेदिका के पति देबाशीष चक्रवर्ती की मृत्यु दिनांक 22/12/2023 एवं पुत्र सौरभ चक्रवर्ती की मृत्यु दिनांक 18/03/2025 को हो जाने के फलस्वरूप उक्त भवन को अपने एकल नाम पर कैफियत कालम में फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 13/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)
First Floor of SE (EHT:C&M) Cir. Building, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail- cessomm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-558/1747 Bilaspur, Date: 03/11/2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

SN	Tender No.	Particulars	E.M.D
01.	02-17/Pur/T-558/1747 Dtd.03/11/2025 (Rfx. No. 8100047211)	Job work for overhauling & attending of various issues related to 132/33 KV 40 MVA X-mer-I Make- TELK, Sl. No. 120492-6 installed at 132 KV S/s Darri under EE (MRT-Cum:S/s) Dn. CSPTCL Korba.	10,000.00
Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18%			2,000.00
Last Date & Time of Sale of Tender: -		26/11/2025	15:00 Hrs
Last Date & Time of Submission of Tender:-		27/11/2025	15:00 Hrs
Date & Time of Opening of Tender :-		27/11/2025	15:30 Hrs

Note:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY S-45847/3

Executive Director (S/s)
CSPTCL Bilaspur

प्लेटफार्म-7 से भी चलेंगी एक्सप्रेस ट्रेनें, हीराकुंड एक्सप्रेस में जुड़ा एक्स्ट्रा एसी-3 कोच

- रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म 7 से चलेंगी ट्रेनें
- बुजुर्ग यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत
- हीराकुंड एक्सप्रेस में जुड़ा अतिरिक्त एसी-3 कोच

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे प्रशासन ने बड़ी सुविधा की तैयारी की है। अब स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से भी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। यह कदम न केवल यात्रियों के लिए राहत भरा साबित होगा, बल्कि स्टेशन के अन्य प्लेटफार्मों पर बढ़ती भीड़ को भी कम करेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, आने वाले दिनों में प्लेटफार्म नंबर 7 से आधा दर्जन लंबी दूरी की ट्रेनों को नियमित रूप से रवाना करने की योजना तैयार की गई है। वहीं यात्रियों की सुविधा के लिए विशाखापट्टनम-अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा गया है।

प्लेटफार्म नंबर 7 से रवाना होंगी प्रमुख ट्रेनें

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक प्लेटफार्म नंबर 7 से जल्द ही सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-पटना, हावड़ा मेल, दुर्ग-अंबिकापुर, दुर्ग-दानापुर जैसी प्रमुख ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था लागू होने के बाद रायपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 और 6 पर यात्रियों की भीड़ में कमी आएगी। इसके साथ ही यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में लगने वाला समय भी घटेगा। धीरे-धीरे अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों को भी इस प्लेटफार्म से जोड़ा जा सकता है।

बढ़ती भीड़ पर लगेगा अंकुश

रायपुर रेलवे स्टेशन पर फिलहाल एक दिन में अप-डाउन मिलाकर करीब 140 गाड़ियां संचालित होती हैं और त्योहारों के मौसम में यहां रोजाना लगभग एक लाख यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण प्लेटफार्म नंबर 5 और 6 पर भीड़ का दबाव बढ़ गया था। पीक आवर के दौरान ब्रिज पर चलने की जगह तक नहीं बचती थी। प्लेटफार्म नंबर 7 से ट्रेनों के संचालन से यह दबाव कम होगा और यात्रियों को बैठने व इंतजार करने की जगह आसानी से मिल सकेगी।

हीराकुंड एक्सप्रेस में जुड़ा अतिरिक्त एसी-3 कोच

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने एक और बड़ा कदम उठाया है। विशाखापट्टनम-अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ा गया है। इस फैसले से प्रतिदिन लगभग 72 यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सकेगी। नई व्यवस्था 14 नवंबर से लागू होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को बेहतर और आरामदायक सफर उपलब्ध कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य है और प्लेटफार्म नंबर 7 का यह विस्तार उसी दिशा में एक ठोस कदम है।

वर्तमान में प्लेटफार्म 7 से चलने वाली ट्रेनें

फिलहाल प्लेटफार्म नंबर 7 से कई ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इनमें डाउन लाइन की ओर जाने वाली ट्रेनें हैं- 58527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर, 68730 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 68728 रायपुर-बिलासपुर, 68710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू, 68760 रायपुर-राजिम मेमू, 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू, 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ, 12852 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, 68746 रायपुर-गेवरा रोड, 58206 इतवारी-रायपुर पैसेंजर, और 68726 दुर्ग-रायपुर मेमू। वहीं अप लाइन में 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ और 58528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं।

बुजुर्गों और बीमार यात्रियों के लिए बड़ी राहत

रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस नई व्यवस्था से बुजुर्गों और बीमार यात्रियों को विशेष रूप से राहत मिलेगी। अब उन्हें ट्रेन तक पहुंचने के लिए फुट ओवरब्रिज पर चढ़ने या उतरने की जरूरत नहीं होगी। प्लेटफार्म नंबर 7 से गाड़ियां सीधे रवाना होंगी, जिससे यात्री स्टेशन में प्रवेश करते ही सीधे ट्रेन में सवार हो सकेंगे। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी।

गली में खड़ी 6 दोपहिया में लगाई आग, मकान भी जला

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा इलाके में एक नाबालिग ने अपना गुस्सा ऐसा निकाला कि मोहल्ले वालों के होश उड़ गए। रात करीब 3 बजे नाबालिग ने गली में खड़े आधा दर्जन दोपहिया वाहनों में आग लगा दी। इससे वाहनों के साथ एक घर के सामने का हिस्सा बुरी तरह जल गया। आग से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। पुलिस के मुताबिक संजय नगर के राजू ऑटो सेंटर वाली गली के सतनामीपारा निवासी मोहमद अफजल की रात करीब 3.30 बजे शोरशराबा मचने से नींद खुल गई। उसके घर के दो कमरों में आग लग गई थी। वह आग बुझाने दौड़ा, तो मोहल्ले की गली में रखी दोपहिया वाहनों में भी आग लगी थी। उसे लोग बुझाने में लगे थे। दरअसल किसी ने रात में दोपहिया वाहनों में आग लगा दी थी। आग तेजी से फैली और अफजल के घर के सामने के कमरों में भी लग गई थी। आग से महेंद्र कोसले के ई-रिक्शा सीजी 04 एमपी 9143 के पीछे का हिस्सा, मुकेश कुमार देवांगन की बाइक सीजी 04 एलएम 2162, अब्दुल आकिब की दोपहिया सीजी 04 एलडब्ल्यू 0533, अब्दुल आदिल की सीजी 04 एचडब्ल्यू 2938, जाफर खान ईवी रिक्शा सीजी 04 एमवाय 3805 और मोहमद जलालुद्धीन की ऑटो सीजी 04 एलजेड 9785 का कुछ हिस्सा जल गया। आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे में आग बुझा ली। गली में मकान एक-दूसरे से लगे हुए हैं। फायर ब्रिगेड की टीम समय पर पहुंच गई, जिससे आग की बड़ी घटना टल गई।

नाबालिग ने निकाली थी भड़ास

आग से नाराज लोगों ने रविवार सुबह टिकरापारा थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस के मुताबिक कैमरे में एक नाबालिग आगजनी के बाद गली से निकलते नजर आया। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ा और पूछताछ की। नाबालिग ने खुलासा किया कि वह जब भी उस गली में खेलने जाता था, उसे कुछ लोग डांट के भगा देते थे। इससे नाराज होकर उसने गली में खड़ी वाहनों में आग लगा दी थी। नाबालिग की उम्र 9 साल 10 माह बताई जा रही है।

छत्तीसगढ़ में धर्म और जाति सूचक जगहों के नाम बदले जाएंगे

- मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट
- आपत्तिजनक नामों को दिए जाएंगे नए नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब ऐसे गांव, मोहल्ले और सड़कें जिनके नाम धर्म या जाति आधारित हैं, जल्द ही बदले जा सकते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से ऐसे सभी स्थानों की सूची मांगी है जिनके नाम किसी जाति, समाज या समुदाय को इंगित करते हैं और सुनने में आपत्तिजनक लगते हैं। आयोग के निर्देश के बाद राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र भेजकर इन नामों की विस्तृत जानकारी एकत्र करने को कहा है।

मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

मानवाधिकार आयोग ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है ताकि ऐसे सभी धर्म आधारित या जाति सूचक नामों की पहचान कर उन्हें बदला जा सके। इसके बाद राज्य शासन ने नगरीय प्रशासन विभाग को सभी जिलों से ब्योरा मांगने का निर्देश दिया है। विभाग को निर्देश दिया गया है कि गांवों, वार्डों, मोहल्लों और गलियों के नामों की सूची तैयार की जाए जिनमें किसी जाति या धर्म का संकेत हो या जो आपत्तिजनक अर्थ देते हों।

जाति-आधारित नाम समाज में बढ़ाते हैं भेदभाव: छत्तीसगढ़ के कई गांवों के नाम स्थानीय इतिहास, प्रकृति और सामाजिक ढांचे से जुड़े हुए हैं। लेकिन इनमें से कई नाम ऐसे भी हैं जो जाति-आधारित या अपमानजनक माने जाते हैं। ये नाम समाज में भेदभाव की भावना को बढ़ाते हैं और ऐतिहासिक रूप से दलित या पिछड़े समुदायों को नीचा दिखाने के प्रतीक बन गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ नाम नहीं, बल्कि सामाजिक असमानता की झलक हैं, जिन्हें बदलना जरूरी है ताकि समाज में समानता और सम्मान का वातावरण बन सके।

आपत्तिजनक नामों के उदाहरण : छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ऐसे नाम अभी भी प्रचलन में हैं। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में 'चमार बस्ती' और 'चमार टोला' जैसे नाम मौजूद हैं, जो अनुसूचित जाति समुदाय का संदर्भ देते हैं और भेदभाव का प्रतीक माने जाते हैं। इसी तरह महासमुंद और जांजगीर-चांपा में 'भंगी बस्ती' और 'भंगी टोला' नाम पाए जाते हैं, जो सफाईकर्मी समुदाय से जुड़े हैं।बस्तर और कांकेर जिलों में 'चूहरा टोला' नाम प्रचलित है, जो उत्तर भारत की दलित उप-जाति से प्रभावित है। राजनांदगांव और कोरबा जिलों में 'महार वाड़ा' और 'महार टोला' जैसे नाम भी मिलते हैं। वहीं रायगढ़ में 'टोनहीनारा' और सरगुजा, जशपुर क्षेत्र में 'डोमपाड़ा', 'डोम टोला' और 'चुड़ैलझरिया' जैसे नाम पाए जाते हैं जो सामाजिक रूप से अपमानजनक माने जाते हैं।

राइस मिल में चल रहा था गोटी का खेल, रंगे हाथ पकड़ाए 8 जुआरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस ने ग्राम कोकड़ी रमन राइस मिल के परिसर में गुल (गोटी) जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। जुआरियों से नगदी 25000 रुपए, गुल (गोटी), 8 मोबाइल और 6 मोटरसायकिल जब्त की गई। कोतवाली थाना स्टाफ व साइबर टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर जुआ खेलते हुए आठ जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। इनमें गरियाबंद वार्ड नं 08 निवासी शबीर खान (40 साल), गरियाबंद वार्ड नं 06 निवासी सोनू मेमन (33 साल), गरियाबंद वार्ड नं 15 निवासी सहदाव अली (50 साल), गरियाबंद वार्ड नं 15 निवासी मोहम्मद युसुफ (50 साल), गरियाबंद वार्ड नं 08 इस्माईल मेमन (40 साल), गरियाबंद वार्ड नं 01 निवासी जावेद खान (42 साल), गरियाबंद वार्ड नं 11 निवासी मो। आसिफ मेमन (47 साल) शामिल हैं।

नए फिजियोथैरेपी कॉलेज खुलने से मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच द्वारा ''सीजी फिजियोकॉन 2025'' का आयोजन शहीद स्मारक में किया गया। फिजियो को सशक्त बनाकर राष्ट्र को सशक्त बनाना। थीम पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा प्रदेश में 6 नए शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जा रहे हैं। इससे ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों में भी फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अब तक फिजियोथेरेपी सुविधाओं का लाभ शहरी क्षेत्रों तक सीमित था, परंतु नए कॉलेज खुलने से न केवल ग्रामीण जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा, बल्कि फिजियोथेरेपिस्ट एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इस दौरान वैज्ञानिक सत्र में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध और तकनीकी प्रगति पर चर्चा की गई। इस दौरान स्टेट चिल्ड्रन वेलफेयर बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, इंडियन एसोसिएशन ऑफफिजियोथेरेपिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव झा, डॉ. प्रशांत चक्रवर्ती, डॉ. अखिलेश साहू, डॉ. विक्रम द्विवेदी, डॉ. मनीष तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं संग मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर के आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। अधिवक्ताओं के साथ तेलीबांधा थाने के भीतर मारपीट करने वाले सहायक उपनिरीक्षक संतोष यादव और उपनिरीक्षक चित्रलेखा साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए। मुय न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह ने यह फैसला सुनाया। साथ ही उक्त कृत्य को गंभीर मानते हुए दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। बता दें कि 7 अप्रैल 2025 को तेलीबांधा थाना में अधिवक्ता हिमांशु ठाकुर और अजय साहू के साथ गाली-गलौच और मारपीट की गई। घटना के बाद मेडिकल जांच कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को थाना तेलीबांधा से हटाकर रक्षित केन्द्र रायपुर स्थानांतरित कर सीसीटीवी फुटेज मांगे गए। साथ ही दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया गया। कोई कार्रवाई नहीं करने पर कोर्ट में याचिका लगाई गई। जहां मुय न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कराने को कहा।

दुर्ग-हरिद्वार के बीच दो फेरों के लिए विशेष ट्रेन

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने हरिद्वार जाने वाले यात्रियों के लिए दो-दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी है। जो कि गाड़ी 08743 नंबर के साथ 9 व 16 नवंबर को और हरिद्वार से गाड़ी 08744 नंबर के साथ 10 व 17 नवंबर को चलेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 7 सामान्य, 8 स्लीपर, 1 एसी-थ्री सह एसी टू सहित कुल 18 कोच रहेंगे। गाड़ी 08743 दुर्ग से 11.00 बजे रवाना होकर, रायपुर 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर 1.45 बजे, पेंड्रा रोड दोपहर 3.13 बजे, कटनी मुड़वारा 7.20 बजे, अगले दिन 7.05 बजे आगरा कैंट होते हुए 11.10 बजे निजामुद्दीन स्टेशन और 3.40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी 08744 हरिद्वार से रात 9 बजे रवाना होकर 2.15 बजे हजरत निजामुद्दीन, 5 बजे आगरा कैंट से होकर अगले दिन शाम 5.35 बजे कटनी मुड़वारा जंक्शन, रात 9.10 बजे पेंड्रा रोड 11.40 बजे उसलापुर होते हुए अगले दिन रात 12.40 बजे भाटापारा 1.40 बजे रायपुर और 3 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने वाले कम हो गए किसान

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार इस बार किसानों से 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करेगी। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन इस साल समर्थन मूल्य पर धान बिक्री करने वाले पंजीकृत किसानों की संख्या और रकबा कम हो गया है। हालांकि किसानों के पास दावा आपत्ति करने का एक और मौका है।

जिला प्रशासन किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके जिल में 41 समितियों के माध्यम से 65 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। पोर्टल में समर्थन मूल्य के लिए धान बिक्री के लिए इस साल लगभग 49 हजार से अधिक किसानों ने 49 हजार हेक्टेयर में धान की फसल उत्पादन के लिए पंजीयन कराया है। पिछले साल 54 हजार 121 किसानों ने 73 हजार 154 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल के लिए पंजीयन कराया था। आंकड़े देखें तो किसान और रकबा में कमी आया है। इधर

खाद्य विभाग, सहकारी बैंक, विपणन विभाग ने धान खरीदी के लिए तैयारी लगभग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक माह तक धान खरीदी के लिए समितियों के पास बारदाना उपलब्ध कराया जा चुका है।

जिले में तीन साल के भीतर लगभग 15 नए उपार्जन केंद्र खोले गए हैं, लेकिन इसमें से अधिकांश में न तो शेड की व्यवस्था है और न ही चबूतरे की। इसमें नुनेरा, रंजना, तुमान, नकटीखार, दुरपा, सुमेधा सहित कई उपार्जन केंद्र शामिल हैं। इस केंद्रों के समितियों की परेशानी बढ़ गई है। इसके अलावा शेड जर्जर हो चुकी है। इसकी समय पर मरम्मत पर भी विभाग ने रुचि नहीं दिखाई। इस कारण इन केंद्रों में चबूतरा व शेड होने के बाद भी समितियों को धान जमीन पर रखकर ही काम चलाना होगा। बारिश होने पर समितियों को तिरपाल से धान को ढंकना होगा। वहीं समितियों को धान में नमी और बारिश से नुकसान की संभावना रहेगी।

दावा आपत्ति के लिए 30 नवंबर तक का समय

बताया जा रहा है कि पंजीयन के लिए पोर्टल अब बंद हो चुकी है। लेकिन कई किसान ऐसे हैं, जिन्होंने समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराया है, लेकिन उनका रकबा प्रदर्शित नहीं हो रहा है, कुछ किसानों का रकबा कम दिखा रहा है। इसे लेकर किसान परेशान हैं। हालांकि इन किसानों के पास दावा-आपत्ति के लिए 30 नवंबर तक का समय है।

13 साल की मासूम ने अपने ही 4 साल के भाई और 1.5 साल की बहन को कुएं में धकेला

रायपुर/खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 13 साल की बच्ची ने अपने ही भाई-बहन (पारिवारिक) को कुएं में धकेलकर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक बच्चों का नाम करण वर्मा (4 साल) और राधिका वर्मा (1।5 साल) बताया जा रहा है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में ये बात सामने आई है कि उक्त दोनों परिवारों का प्रॉपर्टी को लेकर पारिवारिक विवाद था, जिसके कारण उनके माता-पिता बच्चों को आपस में खेलने भी नहीं दिया करते थे। पूछताछ में ये भी बात सामने आई है कि 4 साल के मृतक करण वर्मा ने अपनी 13 साल की बहन को किसी बात को लेकर चिढ़ा दिया, इस बात को लेकर वो उससे गुस्सा था।

जिसके बाद वो घर के पास कुएं के पास खेल रहे थे और इसी दौरान 13 साल की मासूम ने अपने भाई को कुएं में धकेल लिया। ये घटना उसकी 1।5 साल की बहन राधिका ने देख ली और वो रोने लगी। जिसके बाद बड़ी बहन ने अपने पास रखे रूमाल से उसका भी मुंह बांधा और उसे कुएं में धकेल दिया। पुलिस ने 13 साल की मासूम को अपनी कस्टडी में ले लिया है और उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

इस पूरे मामले में पुलिस ने आधिकारिक रूप से अपना कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन पूरे मामले को लेकर जल्द प्रेस कांफ्रेंस की तैयारी कर रही है, जिसमें ये पूरी घटना को लेकर मासूम की साइकोलॉजी का खुलासा होगा।

रायपुर से दिल्ली जाने के लिए पांच हजार रुपए के स्थान पर देने पर पड़ रहे 12 हजार

दिल्ली की उड़ान घटी, रायपुर से बढ़ गया किराया

- विंटर शेड्यूल में बिलासपुर से सप्ताह में दिल्ली जाने के लिए 6 के स्थान पर सिर्फ3 फ्लाइट

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। दिल्ली जाने के लिए बिलासपुर से फ्लाइट की संख्या घटा दी गई है। इसके कारण रायपुर से दिल्ली जाने वाली हवाई जहाज का किराया आसमान छूने लगा है। वहां से दिल्ली का किराया 8 से 12 हजार रुपए हो गया है। जबकि पहले 5 से 6 हजार रुपए में असानी से मिल जाता था। विंटर शेड्यूल लागू होने के साथ ही दिल्ली की उड़ान में कटौती कर दी गई है। अब बिलासपुर से दिल्ली जाने के लिए सप्ताह में सिर्फ 3 दिन मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को फ्लाइट है। जबकि पहले 6 दिन उक्त सेवा मिलती थी। इसलिए यात्री अब बिलासपुर की जगह रायपुर से दिल्ली जाने के लिए हवाई टिकट खरीदने लगे हैं। जिसके कारण रायपुर से दिल्ली जाना भी महंगा हो गया है। शहर के लोगों को रायपुर से दोगुना अधिक कीमत पर फ्लाइट टिकट खरीदनी पड़ रही है। वहीं पहले कुछ यात्री विकल्प के रूप में नागपुर तक ट्रेन से जाकर वहां से पांच, छह हजार रूपए में हवाई टिकट खरीद कर दिल्ली पहुंच जाते थे। ट्रेनों की लेट-लतीफी के कारण अब नागपुर पहुंचना मुश्किल हो गया है। शहर

के एक यात्री ने नागपुर से दिल्ली फ्लाइट की टिकट बुक कराई थी। उसकी ट्रेन नागपुर लेट पहुंची। इसलिए फ्लाइट नहीं पकड़ सके। जिसके कारण 5400 रुपए का टिकट का कैंसिल कराने पर मात्र 230 रुपए रिफंड मिला।

हवाई सुविधा को लेकर महाधरना रहा जारीः हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना आज भी जारी रहा। इसमें रवि बनर्जी, रामशरण यादव, नारद श्रीवास, डॉ. प्रदीप राही, हर प्रसाद केवट, बद्री प्रसाद केवट, परसराम केवट, चित्रकांत श्रीवास, संतोष पीपलवा, मनोज तिवारी, अशोक भंडारी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, समीर अहमद बबला, - महेश दुबे टाटा, विजय वर्मा, अनिल गुलहरे, जसबीर सिंह चावला, रणजीत सिंह खनूजा, रामा बघेल, प्रकाश बहरानी, अमर बजाज, शिरीष कश्यप, केशव गोरख, मजहर खान, मोहन जायसवाल, प्रतीक तिवारी, आशुतोष - शर्मा, कृष्ण मुरारी दुबे, मोहसिन अली, अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

एलाइंस एयर और सरकार के बीच हुए एमओयू करें सार्वजनिक

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का कहना है कि शनिवार, रविवार और सोमवार को दिल्ली की उड़ान बंद कर दिया गया है। जिससे उन दिनों में दिल्ली जाकर काम निपटा कर लौटने वालों को परेशानी हो रही है। नया शेड्यूल अव्यवहारिक है। उसको तत्काल बदला जाएगा। वहीं समिति ने एलाइंस एयर कंपनी और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू को सार्वजनिक करने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com